उज्जैन
सोमवार
01
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-29
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



शादी के दो साल बाद पापा बनेंगे रणदीप हुड्डा एनिवर्सरी पर फोटो शेयर कर अनाउंस की गुड न्यूज, लिखा- नन्हा मेहमान आने वाला है

पेज- 8

## इजराइली पीएम नेतन्याहू ने राष्ट्रपति से माफी की अपील की



**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों में राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से औपचारिक माफी मांगी है। राष्ट्रपति कार्यालय के मुताबिक नेतन्याहू के वकील अमित हादद ने 111 पन्नों का आवेदन जमा कराया। इजराइल में राष्ट्रपति को अधिकार है कि वे अदालत से दोषी ठहराए गए लोगों को माफी दे सकते हैं। जनहित से जुड़े मामलों में कानूनी प्रक्रिया पूरी होने से पहले भी माफी दी जा सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी पिछले हफ्ते हर्जोग को पत्र लिखकर नेतन्याहू के पक्ष में माफी की अपील की है। इससे पहले ट्रम्प कह चुके हैं कि अगर नेतन्याहू को सजा हुई तो हम ये बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## बांग्ला बचाओ यात्रा के दौरान दो सौ से अधिक माकपा कार्यकर्ता तृणमूल में शामिल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक तापमान चरम पर है। शनिवार से शुरू हुई बांग्ला बचाओ यात्रा के दौरान ही वामपंथी दल माकपा को एक बड़ा झटका लगा है। उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के गरल बाड़ी इलाके में दो सौ से अधिक माकपा कार्यकर्ताओं ने अचानक अपना रुख बदलते हुए तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया। यात्रा की शुरूआत के तुरंत बाद हुई यह घटना न केवल वाम दलों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है, बल्कि पूरे राज्य में चुनावी समीकरणों को भी अचानक बदलने वाली साबित हो रही है। स्थानीय सूत्रों और क्षेत्रीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार गरल बाड़ी पंचायत समिति, जहां कभी माकपा का प्रभाव और पकड़ मजबूत माना जाता था, अब तृणमूल के लिए एक अवसर क्षेत्र के रूप में उभर रहा है।

## थरूर कांग्रेस की स्ट्रेटेजिक मीटिंग में फिर नहीं पहुंचे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के मेंबर और एमपी शशि थरूर ने एक बार फिर कांग्रेस के स्ट्रेटेजिक ग्रुप की एक जरूरी मीटिंग अटेंड नहीं की। 30 नवंबर को पार्लियामेंट के विंटर सेशन को लेकर सोनिया गांधी की लीडरशिप में बैठक हुई। हालांकि थरूर के ऑफिस ने बताया कि वह केरल में अपनी 90 साल की मां के साथ हैं। यह दूसरा मौका है जब थरूर पार्टी की किसी मीटिंग में नहीं पहुंचे। इससे पहले खराब सेहत का हवाला देकर एसआईआर मुद्दे पर बुलाई गई कांग्रेस की मीटिंग में भी वे नहीं पहुंचे थे। उस दौरान वे पीएम मोदी के इवेंट में शामिल हुए थे, जिसे लेकर बवाल मचा था।

## मस्क बोले- इंडियन टैलेंट से अमेरिका को बहुत फायदा

**नई दिल्ली।** ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म जीरोधा के फाउंडर निखिल कामत ने दुनिया के सबसे अमीर इंसान इलॉन मस्क के साथ किए पॉडकास्ट इंटरव्यू को यूट्यूब पर अपलोड कर दिया है। इस इंटरव्यू में मस्क ने अक्, काम का भविष्य, स्टारलिंक, इमिग्रेशन, पॉपुलेशन और  जैसे मुद्दों पर खुलकर बातें कीं। मस्क का कहना है कि आने वाले 10-20 साल में अकऔर रोबोटिक्स इतनी तेजी से बढ़ेंगे कि इंसानों के लिए काम करना जरूरी नहीं रहेगा। इसी बातचीत में उन्होंने कहा कि अमेरिका ने इंडियन टैलेंट का सबसे ज्यादा फायदा उठाया है और एच-1बी पर राजनीति होने से टैलेंट फ्लो भी प्रभावित हो रहा है।

### सफेद पाउडर मिलाकर बन रहा था घटिया गेहूं का आटा

# 20 लाख का माल जब्त

## फैक्ट्री सील और मालिक भागा



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ फिरोजाबाद**

घटिया गेहूं के आटे में सफेद पाउडर की मिलावट की आशंका पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने शनिवार शाम जलेसर रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र में संचालित ब्रह्मलाल ट्रेडर्स आटा फैक्ट्री सील कर दी। टीम को वहां छापेमारी के दौरान सात बोरी सफेद पाउडर रखा मिला है, जो सेलखड़ी (कैल्शियम) हो सकता है। टीम ने 20 लाख का माल जब्त करने के साथ ही फैक्ट्री स्वामी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। वह कार्रवाई के दौरान मौके से भाग गया।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन को कुछ दिन पहले शिकायत मिल रही थी कि ब्रह्मलाल आटा फैक्ट्री में खराब गेहूं और चावल का आटा तैयार कर उसमें सफेदी लाने के लिए पाउडर मिलाया जाता है। सहायक आयुक्त चंदन पांडेय के नेतृत्व में टीम शनिवार चार बजे फैक्ट्री पहुंची तो वहां आटा तैयार हो रहा था। मौके पर 30 कुंतल आटा रखा मिला। साथ ही सात बोरियां अलग से रखी मिलीं। जिनमें सफेद रंग का पाउडर था।

### 750 कुंत गेहूं भी जब्त

टीम ने इस आटे और पाउडर के साथ ही 750 कुंतल गेहूं को भी जब्त कर लिया। सहायक आयुक्त (खाद्य) ने बताया कि छापेमारी के दौरान फैक्ट्री स्वामी संजय गुप्ता मौके पर मिले। उनसे सफेद पाउडर के बारे में पूछा गया तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके और कार्रवाई के दौरान वहां से भाग गए। गेहूं और आटे के दो-दो एवं पाउडर का एक नमूना लिया गया है।

### मिलावटखोरी का मुकदमा दर्ज

सहायक आयुक्त ने बताया कि नमूनों की जांच त्वरित गति से कराई जाएगी। जिससे जल्द से जल्द आगे की कार्रवाई हो सके। कार्रवाई के दौरान मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद्र, संदीप कुमार और यशपाल यादव उपस्थित रहे। रात में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद्र ने फैक्ट्री स्वामी पर मिलावटखोरी का मुकदमा दर्ज करा दिया।

### निलंबित होगा लाइसेंस, हो सकती है तीन वर्ष तक की सजा

सहायक आयुक्त ने बताया कि आटे में सेलाखड़ी जैसी अखाद्य चीजें मिलाने से स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता है। इस मामले में तीन वर्ष से अधिक की सजा और 10 लाख तक का जुमार्ना हो सकता है। विभाग की ओर से जारी फैक्ट्री का लाइसेंस निलंबित किया जाएगा। फैक्ट्री कई वर्षों से चल रही है।

# लोगों की एफआईआर दर्ज करने में नहीं बरती जाएगी अब कोताही

### कलेक्टर और एसपी को भोपाल से साफ शब्दों में मिले निर्देश




**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

अब थानों में आने वाले लोगों की एफआईआर दर्ज करने में कोताही नहीं बरती जाएगी क्योंकि भोपाल से पूरे प्रदेश के साथ ही जिले में भी कलेक्टर और एसपी को साफ शब्दों में निर्देश दिए गए है कि  थानों में आने वाले लोगों की एफआईआर दर्ज न करने की कोई भी शिकायत नहीं आनी चाहिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि कानून-व्यवस्था के हर मामले में पारदर्शिता जरूरी है।  कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सख्त तेवर दिखाए हैं। प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उन्होंने साफ कहा कि थानों में आने वाले लोगों की एफआईआर दर्ज न करने की कोई भी शिकायत नहीं आनी चाहिए।

### मीडिया को लॉ एंड ऑर्डर के मामलों से अवगत कराना होगा

मीडिया को लॉ एंड ऑर्डर के मामलों से अवगत कराने के साथ कलेक्टर और एसपी जिलों में दो पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्य करें। सबसे अधिक एक्सीडेंट दो पहिया वाहन चालकों के होते है और मौतें भी इसी कारण होती है, इसलिए हेलमेट पहनने का अभियान चलाने से दुर्घटना और मौतों का आंकड़ा कम किया जा सकेगा।

### खाद-बीज की  कमी नहीं होनी चाहिए

रबी सीजन को देखते हुए सीएस ने कलेक्टरों को चेताया कि जिलों में खाद-बीज की कोई कमी या शिकायत नहीं होनी चाहिए। धान और सोयाबीन की खरीदी को लेकर भी पूरी सतर्कता बरतने को कहा गया है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### बाइक डिवाइडर से टकराई

## 2 एमबीबीएस छात्रों की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ आगरा**

आगरा में सड़क हादसे में 2 एमबीबीएस छात्रों की मौत हो गई। दोनों बाइक से दोस्त के घर गए थे। वापस लौटते समय हादसा हो गया। फ्लाईओवर से उतरते समय तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। आशंका है कि किसी वाहन की टक्कर की वजह से बाइक बेकाबू हुई। मृतकों की पहचान हरदोई के तनिष्क गर्ग (22) और कमला नगर (आगरा) के विमल वाटिका के रहने वाले सिद्ध अग्रवाल (22) के रूप में हुई। दोनों एसएन मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस थर्ड ईयर की पढ़ाई कर रहे थे। उन्होंने 2022 में एडमिशन लिया था।

### संसद का शीतकालीन सत्र आज से

## 19 दिसंबर तक चलेगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

संसद में सोमवार से शीतकालीन सत्र (विंटर सेशन) की शुरूआत हो रही है। शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। 19 दिन में सत्र में 15 बैठकें होंगी। इस दौरान एटॉमिक एनर्जी बिल समेत 10 नए बिल पेश हो सकते हैं। सत्र के पहले दिन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में सरकार केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 और सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा सेस विधेयक, 2025 पेश करेंगी। वहीं, दोनों सदनों में 7 राज्यों में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर हंगामा हो सकता है।

# मप्र में दिसंबर में और बढ़ेगी ठंड

### राजस्थान के झुंझुनूं-सीकर में शीतलहर का अलर्ट, हिमाचल के रोहतांग पास में बर्फ की चादर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों पर वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव है, इसके कारण फिलहाल उत्तरी हवाएं कमजोर हैं। लेकिन 2-3 दिसंबर के बाद, जब यह सिस्टम आगे बढ़ जाएगा तब फिर से बर्फीली हवाएं चलने लगेंगी। इसके असर से राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में सर्दी तेज होगी। इस दौरान कई शहरों में शीतलहर चलेगी।

इधर राजस्थान में सर्दी फिर से बढ़ने लगी है। रविवार को प्रदेश के कई शहरों में रात का न्यूनतम तापमान 1 से 3 डिग्री तक गिर गया। मौसम विभाग ने झुंझुनूं-सीकर जिलों में 3-4 दिसंबर को शीतलहर चलने का यलो अलर्ट जारी किया गया है।



उधर मध्य प्रदेश में अबकी बार नवंबर में रिकॉर्डतोड़ सर्दी पड़ी। भोपाल में पारा 5.2 डिग्री पहुंच गया, जो 84 साल में सबसे कम रहा। 16 दिन शीतलहर चली, जबकि 18 दिन न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। वहीं इंदौर में 25 साल में सबसे ज्यादा सर्दी रही। अब दिसंबर भी ऐसा ही रह सकता है। कई शहरों में रात का पारा 5 डिग्री के नीचे पहुंच सकता है और कोल्डवेव का अलर्ट है। हिमाचल का रोहतांग पास बर्फ की चादर ओढ़ चुका है, हालांकि 4-5 दिसंबर को फिर बारिश-बर्फबारी का अलर्ट है। वहीं, मनाली समेत राज्य के 15 शहरों का तापमान 5ए से डिग्री से नीचे दर्ज किया गया है।



## खबर एक नजर...

### शादी नहीं होने से हताश युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** इलेक्ट्रिक दुकान चलाने वाले युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया, उसे परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां रविवार को उसकी मौत हो गई। शादी नहीं होने और काम ठीक से नहीं चलने पर वह हताश चल रहा था। माधवनगर थाना प्रधान आरक्षक आशुतोष नागर ने बताया कि ऋषिनगर में रहने वाले अमित पिता अनिल वर्मा 28 साल की जहरीला पदार्थ खाने से निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत होने की खबर मिलने पर मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया था। परिजनों ने बताया कि अमित भागसीपुरा में पिता की इलेक्ट्रिक दुकान चलाता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। वह हताश रहने लगा था और डिप्रेशन में चला गया था। काम भी ठीक नहीं चल रहा था, संभवतः इसी के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है। प्रधान आरक्षक के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। जांच और परिजनों के बयान दर्ज होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि अमित ने जहरीला पदार्थ किस वजह से खाया है।

### अपहरण और दुष्कर्म में फंसाने के लिये रची गई थी साजिश

**उज्जैन।** पिकअप से अपहरण और 2 लोगों द्वारा महिला के साथ दुष्कर्म होने का मामला साजिश होना सामने आया है। पुलिस जांच के बाद महिला ने शिकायत दर्ज कराने से इंकार कर दिया। पूछताछ में उसने बयान बदले थे, जिसके चलते पुलिस को संदेह बना हुआ था। बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि शुक्रवार रात विधानगर में रहने वाली महिला के साथ अपहरण और दुष्कर्म होने का मामला सामने आया था। महिला अस्पताल में भर्ती हो गई थी। पूछताछ करने पर उसने बताया था कि वह उन्हेल में रहने वाली बहन के यहां शादी में जाने के लिये घर से निकली थी। रास्ते में पिकअप सवार दो लोग आये और उसका अपहरण कर हाऊसिंग बोर्ड कालोनी के एक सूने मकान में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म कर भाग निकले। घटनाक्रम के बाद परिजनों को सूचना दी और अस्पताल पहुंची। मामला गंभीर था लेकिन महिला की बातों पर संदेह हुआ। उसने अपहरण और दुष्कर्म करने वालों की जानकारी मांगी तो उसने धर्मेन्द्र मदन निवासी जलोदिया जागीर के नाम बताये। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को देख जांच की बात कहीं। शनिवार सुबह फिर महिला से पूछताछ की गई तो उसके बयान बदल गये थे। उसका कहना था कि वह उन्हेल से आ रही थी, वह अस्पताल से घर भी लौट चुकी थी। महिला के परिजनों को थाने बुलाकर पूछताछ की गई तो पता चला कि मामला लेनदेन से जुड़ा है। दोनों को फंसाने के लिये साजिश रची गई थी। मामला साफ होते ही महिला ने लिखित में साजिश रचने और शिकायत दर्ज नहीं कराने की बात कहीं। थाना प्रभारी के अनुसार महिला और परिजनों को समझाईश दी गई है ताकि आगे से किसी की झूठी शिकायत कर पुलिस को परेशानी में ना डाले।

### डॉ. वर्मा का सेवानिवृत्ति पर किया सारस्वत सम्मान

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में वाणिज्य के प्राध्यापक डॉ. मनोहरसिंह वर्मा की सेवानिवृत्ति के अवसर पर शिक्षक संघ द्वारा सारस्वत सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. राकेश ढंड ने कहा मेरे शिष्य डॉ. वर्मा विद्यार्थी काल से ही होनहार और अनुशासित रहे हैं। जागीरदार परिवार में जन्म के बावजूद उन्होंने शिक्षकीय जीवन को अपनाया। उच्च शिक्षा विभाग के प्रतिभावान शिक्षक के रूप में उन्होंने अनेकानेक विद्यार्थियों को तराशा। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. कल्पना सिंह ने कहा शिक्षक कभी रिटायर्ड नहीं होता। डॉ. वर्मा ने पठन-पाठन के अलावा महाविद्यालय के प्रशासकीय कार्यों को बखूबी किया। शासकीय विधि महाविद्यालय देवास के प्राचार्य डॉ. अजय चौहान ने डॉ. वर्मा को आकर्षक और मिलनसार व्यक्तित्व का धनी बताया। स्वागत वक्तव्य शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरज सारवान ने दिया। सम्मान पत्र का वाचन सचिव डॉ. राजश्री सेठ ने किया। कार्यक्रम में डॉ. मृदुलचंद्र शुक्ल, डॉ. केएम शर्मा, डॉ. शोभा मिश्रा ने भी डॉ. वर्मा की कार्य कुशलता की प्रशंसा करते हुए संबोधित किया।

---

#### लुधियाना की कंपनी को मिला टेंडर, प्रोजेक्ट की कुल कीमत 2000 करोड़ रुपए

# उज्जैन-इंदौर ग्रीनफील्ड कॉरिडोर से 48 किलामीटर की यात्रा होगी 30 मिनट में

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उज्जैन से इंदौर के बीच पितृ पर्वत से चिंतामन गणेश मंदिर तक एमपीआरडीसी ग्रीनफील्ड कॉरिडोर बनाएगा। इसका टेंडर हाल ही में भोपाल में खोला गया, जिसमें लुधियाना की कंपनी सीगल इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने सबसे कम बोली लगाकर प्रोजेक्ट हासिल किया।

इससे अब 48 किलोमीटर में केवल 30 मिनट में पूरी की जा सकेगी। इस नए हाईवे पर एटीएमएस सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे पूरे मार्ग की सतत मॉनिटरिंग संभव होगी। यह विशेष रूप से कुंभ और वीआईपी मूवमेंट के दौरान यातायात प्रबंधन में मददगार साबित होगा। इसके साथ ही, मौजूदा रोड पर ट्रैफिक दबाव भी काफी कम होगा, जिससे यात्रियों को सुविधाजनक और तेज यात्रा का अनुभव मिलेगा।

### प्रोजेक्ट की जानकारी

- यह नया एक्सेस कंट्रोल्ड फोरलेन हाईवे 48.10 किलोमीटर लंबा होगा।
- हाईवे की चौड़ाई 60 मीटर होगी।
- परियोजना का कुल मूल्य 2000 करोड़ रुपए है, जिसमें से 1089 करोड़ निर्माण लागत और शेष राशि भूमि अधिग्रहण पर खर्च होगी।
- प्रोजेक्ट हाइब्रिड एन्युटी मोड के तहत विकसित होगा।
- काम की शुरुआत कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगले साल होने की उम्मीद है।

### हाईवे का ये रहेगा मार्ग और गांव

- हाईवे पितृ पर्वत से शुरू होकर चिंतामन गणेश मंदिर के पास सिंहस्थ बायपास तक जाएगा। चार प्रवेश बिंदु होंगेः
- इंदौर वाला छोर (पितृ पर्वत)
- उज्जैन वाला छोर (सिंहस्थ बायपास)
- इंदौर के वेस्टर्न बायपास को क्रॉस करने वाला पॉइंट
- उज्जैन-बदनावर रोड को क्रॉस करने वाला पॉइंट
- हाईवे से गुजरने वाले प्रमुख गांव- जंबूड़ी हप्सी, बुढ़ानिया, हातोद, सगवाल, कांकरिया बोर्डिया, जंबूड़ी सरवर, जिंदाखेड़ा, रतनखेड़ी, बीबीखेड़ी, पीपल्या कायस्था, हरियाखेड़ी, खतेड़िया, रंगकोर्डिया, काछल्या, बलघारा, पोटलोद, तुमानी, मगरखेड़ी, छितोड़ा, बालरिया, रालामंडल, लिंबा पीपल्या, गोंदिया, हासमपुरा, पालखेड़ी, चिंतामन जवासिया, चांदमुख।

### यह रहेगा टोल सिस्टम

- नए हाईवे पर टोल सिस्टम मौजूदा इंदौर-उज्जैन स्टेट हाईवे की तरह होगा।
- इंदौर से जाने वाली गाड़ियों को शुरुआत में 5 किमी पर टोल देना होगा।
- उज्जैन से आने वाली गाड़ियों के लिए उज्जैन छोर पर टोल लगेगा, इंदौर छोर पर नहीं।

### 175 हेक्टेयर से अधिक जमीन का होगा अधिग्रहण

- इंदौर जिले में 175 हेक्टेयर से अधिक भूमि अधिग्रहित की जाएगी।
- इंदौर जिले के 650 किसानों की भूमि (डा175.393 हेक्टेयर) और उज्जैन जिले के 8 गांवों की भूमि प्रोजेक्ट में शामिल होगी।
- हातोद तहसील में 255 किसानों की करीब 75.401 हेक्टेयर, जबकि सांवेर तहसील में 395 किसानों की 99.992 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जाएगी।

---

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 1 से 3 दिसंबर तक

## उज्जैन में सीएम यादव कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे, विश्ववंदनीय नाट्य का मंचन भी होगा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन के दशहरा मैदान में अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव 1 से 3 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा, सोमवार को सीएम मोहन यादव कार्यक्रम में शामिल हुए। सोमवार शाम 7 बजे दशहरा मैदान पर प्रसिद्ध कलाकार पुनीत इस्सर के निर्देशन में जय श्री कृष्ण-गीता सार नृत्य-नाट्य का मंचन किया जाएगा।

**3 दिन होंगे अलग-अलग कार्यक्रम-** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग, जनसंपर्क विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जेल विभाग, श्री कृष्ण पाथेय न्यास एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में दशहरा मैदान में तीन दिन तक चलने वाले अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रीकृष्ण परंपरा के आचार्यों के सानिध्य में गीता प्रेमियों द्वारा श्रीमद



भगवत गीता के 15 वें अध्याय का सस्वर पाठ होगा। प्रतिदिन श्री कृष्ण पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मंगलवार 2 दिसंबर को शाम 7 बजे नई दिल्ली की कलाकार वैष्णवी शर्मा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इसके पश्चात मोहित शेवानी के निर्देशन में कृष्णायन नाट्य का मंचन किया जाएगा।

बुधवार 03 दिसंबर को शाम 7 बजे विश्ववंदनीय नाट्य का मंचन किया जाएगा। सलाउद्दीन पाशा द्वारा गीता ऑन व्हील्स नाट्य का मंचन किया जाएगा। महोत्सव में माधव दर्शनम-लघु चित्र शैलियों में चित्रों की प्रदर्शनी लगाई जाएंगी।

**गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं-** वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी ने बताया कि गीता जयंती 1 दिसंबर 2025 को मध्यप्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव भव्य स्तर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने की कला सिखाती है। यह महोत्सव समाज में ज्ञान, कर्तव्य, अनुशासन और सकारात्मकता का वातावरण बनाने का माध्यम बनेगा।

**इंदौर के गोपाल मंदिर में होंगे आयोजन-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी इंदौर के मुख्य आतिथ्य में मध्यप्रदेश के पहले गीता भवन-गोपाल मंदिर का लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही प्रदेश में 16 से 28 नवंबर 2025 तक आयोजित हुई श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं के नामों की घोषणा की जाएगी। पुरस्कारों का वितरण गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के मौके पर होगा। इस अवसर पर श्री संजीव मालवीय द्वारा निर्देशित नृत्य नाटिका कृष्णायन की प्रस्तुति होगी।

---

# बास्केटबॉल खिलाड़ी भूपेंद्र जयपुर में दिखाएंगे प्रतिभा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

खेलो इंडिया विश्वविद्यालय गेम्स-2025 का आयोजन 1 से 5 दिसंबर तक जयपुर में होगा। इसमें उज्जैन के भूपेंद्र शुक्ला भी पंजाब विश्वविद्यालय की टीम की तरफ स्पर्धा में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। उज्जैन बास्केटबॉल के विजय बाली और ओम सारवान ने बताया कदम दर कदम बड़ा फासला तय करने की तर्ज पर ही भूपेंद्र छोटी-छोटी स्पर्धाएं खेल कर बड़ी स्तर की प्रतियोगिताओं तक पहुंचे हैं। वे इससे पहले भी कई बड़ी स्पर्धाओं उज्जैन का नाम गौरवान्वित कर चुके हैं। खेलो इंडिया बास्केटबॉल स्पर्धा में भारत की श्रेष्ठ 8 टीमों के खिलाड़ी स्पर्धा में अपना खेल कौशल दिखाएंगे।




---

# चार सदस्यों के इस्तीफेः सिंहस्थ के पहले स्थानीय अखाड़ा परिषद भंग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंहस्थ के पहले स्थानीय अखाड़ा परिषद के चार सदस्यों ने पद से इस्तीफे दे दिए हैं। इसके बाद परिषद भंग हो गई है। रविवार को शिप्रा तट स्थित दत्त अखाड़े में आपात बैठक रखी गई।

महंत आनंदपुरी महाराज की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में स्थानीय अखाड़ा परिषद को तत्काल प्रभाव से भंग करने की घोषणा कर दी गई। आनंदपुरी महाराज ने बताया कि स्थानीय अखाड़ा परिषद से उपाध्यक्ष महंत



आनंदपुरी महाराज, महामंत्री महंत रामेश्वर गिरि महाराज, प्रवक्ता महंत श्याम गिरि महाराज ने मौके पर इस्तीफे सौंपे, जबकि उदासीन अखाड़ा के महंत सत्यानंद गिरि ने मोबाइल पर अपने इस्तीफे की बात कही।

इस घोषणा के बाद अब महंत डॉ. रामेश्वर दास महाराज स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नहीं रहेंगे। परिषद भंग होने के बाद अब अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के साथ काम करेंगे।

इस्तीफे नहीं मिले -डॉ. दास : 4 सदस्यों के इस्तीफे के संबंध में स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास महाराज ने बताया कि उन्हें कोई इस्तीफा नहीं मिला। सदस्यों में किसी भी प्रकार का मतभेद भी नहीं है। हमारी संस्था रजिस्टर्ड है। दत्त अखाड़ा परिषद में हुई बैठक के बारे में भी मुझे कोई जानकारी नहीं है। स्थानीय परिषद के पास ये थे दायित्व : स्थानीय अखाड़ा परिषद का गठन साधु-संतों की सेवा, गोसेवा, विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ समय-समय पर होने वाले स्थानीय आयोजन में सहभागिता का दायित्व था।

उज्जैन
सोमवार
01
नवम्बर, 2025

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

गुरुशुश्रूषया विद्या पुष्कलेन धनेन वा।
अथवा विद्यया विद्या चतुर्थी नोपलभ्यते।।

**अर्थः** केवल गुरु की सेवा करके, बहुत सारा पैसा देकर, या सीखने के बदले में, यह ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है; ज्ञान प्राप्त करने का कोई चौथा तरीका नहीं है।

## खबर एक नजर...

### इंदौर से और भी लोगों की इस महीने होगी गवाही

**इंदौर।** इंदौर के बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में भाई विपिन रघुवंशी के गवाही के बाद अब कुछ और लोगों की गवाही होना है। विपिन का कहना है कि इसी महीने इंदौर से कुछ और लोगों की भी गवाही होना है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया है कि सोनम से मिलने के लिए उसका भाई गोविंद शिलांग गया था। जहां उसने सोनम से मुलाकात की और उसे ठंड के लिए कपड़े भी देकर आया है। हाल ही में विपिन की कोर्ट में गवाही के दौरान सोनम और अन्य चार आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विपिन ने देखा था। विपिन ने बताया कि इस दौरान उन्होंने नए कपड़े पहने हुए थे। दरअसल, राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में राजा के भाई विपिन के शिलांग कोर्ट में बयान दर्ज किए गए हैं। 26 नवंबर को दूसरी बार विपिन शिलांग कोर्ट में बयान देने गए थे। तीन दिनों तक उनके कोर्ट में बयान हुए, क्रॉस भी हुए। इस दौरान राजा की हत्या की आरोपी सोनम, राज कुशवाह व अन्य आरोपियों वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विपिन के सामने आए थे। तभी विपिन ने उन्हें नए कपड़ों में देखा था। विपिन ने बताया कि अपने भाई राजा की जान तो वह बचा नहीं पाए, लेकिन उसे न्याय दिलाने के लिए प्रयासरत है। उन्हें कोर्ट पर पूरा भरोसा है कि उनके भाई को न्याय मिलेगा और आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा होगी।

### युवती से नाम बदलकर दोस्ती, दो वर्ग विशेष के युवकों ने किया रेप

**इंदौर।** इंदौर की एक युवती ने करणी सेना पदाधिकारियों की मदद से दो युवकों पर दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग, धर्म परिवर्तन के दबाव और करीब 5 लाख रुपए ठगने का मामला दर्ज कराया है। युवती के साथ संगठन के पदाधिकारी मानसिंह राजावत, नितिन ठाकुर सहित अन्य लोग लसूडिया थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने मोहित उर्फ सुफियान अंसारी और उसके साथी अमन उर्फ आमिर अली के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। लसूडिया पुलिस के मुताबिक युवती की आरोपी मोहित से पहचान 2021 में एक कैफे में हुई थी। इसके बाद दोनों में बातचीत शुरू हुई। आरोप है कि 6 मार्च 2022 को मोहित महालक्ष्मी नगर स्थित युवती के फ्लैट पर आया और जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसने फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। बाद में पता चला कि उसका असली नाम सुफियान इरशाद अंसारी है। इसी दौरान उसने युवती से 5 लाख रुपए भी ले लिए। इसके बाद युवती की पहचान अमन से हुई, जो खुद को अमर बताता था। 2025 में युवती को पता चला कि उसका असली नाम आमिर उर्फ गोल्डन है। बातचीत बंद करने पर वह बार-बार मिलने का दबाव बनाने लगा। 23 जुलाई 2025 को वह युवती को साकेत रोड से होटल श्री कृष्णा पैलेस ले गया और सुफियान के पास मौजूद वीडियो के नाम पर धमकाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद कई बार होटल में बुलाकर संबंध बनाए और एक लाख रुपए तथा युवती की एक्टिवा भी ले ली, जो वापस नहीं की।


### रेवाड़ी पुलिस ने इंदौर से पकड़ा साइबर ठग

**इंदौर।** रेवाड़ी में एक युवती से 17 लाख रुपए की साइबर ठगी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के चंदन नगर निवासी इस्लाम खान के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, रेवाड़ी के पत्थर घटी बाजार निवासी एक युवती, जो एक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत है, ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसे 15 नवंबर 2024 को एक अनजान नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने उसे बताया कि उसका 96 हजार रुपए का प्रीपेड पार्सल ड्रग पाए जाने के कारण रिजेक्ट हो गया है।

### इंदौर में एक साल में 187 मामले सामने आए, 14 से 17 साल में ही गर्भवती

# गर्भपात व प्रसव के मामले छुपा रहे अस्पताल

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



इंदौर के अस्पतालों में इन दिनों 18 साल से कम उम्र की गर्भवतियां बड़ी संख्या में पहुंच रही हैं। ये नाबालिग आसपास के जिलों धार, झाबुआ, आलीराजपुर, खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर से यहां गर्भपात और प्रसव के लिए आ रही हैं। सालभर में ही शहर के अस्पतालों में 435 सोनोग्राफी फॉर्म एफ की रिपोर्ट हुई, जिनमें उनकी उम्र 18 साल से कम थी। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से 187 गर्भवती निकलीं।। इनकी उम्र मात्र 14 से 17 वर्ष थी। जिला प्रशासन की रिपोर्ट में यह चौकाने वाला खुलासा हुआ है। इसे लेकर इंदौर की बाल कल्याण समिति ने महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त और कलेक्टर को पत्र लिखा है। समिति ने उनसे तुरंत जांच कर एक्शन लेने के लिए भी कहा है।

दरअसल, नाबालिग लड़कियों को अलग-अलग रास्तों से इंदौर लाया जा रहा है और यहां उनकी सोनोग्राफी और गर्भपात हो रहा है। यह सब बिना किसी सूचना और तय प्रक्रिया के हो रहा है, जबकि नियमानुसार पुलिस प्रशासन और बाल कल्याण समितियों को सूचना देना जरूरी है।

नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार मध्यप्रदेश में 20 से 24 वर्ष की 23% महिलाओं का विवाह 18 वर्ष से पहले हो जाता है, जिससे कम उम्र की गर्भावस्था बढ़ रही है। इंदौर जिला एडवायजरी बोर्ड की रिपोर्ट में 16-17 वर्ष की गर्भवती लड़कियों के मामले मिले हैं, जिनके दस्तावेजों में पति का नाम भी दर्ज है, यानी बाल विवाह की आशंका है।

#### विशेष सोनोग्राफी के लिए आईडी, फॉर्म एफ अनिवार्य

समिति अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र पंड्या के मुताबिक अस्पतालों ने इन मामलों की सूचना नहीं दी, जो पॉक्सो और किशोर न्याय अधिनियम का उल्लंघन है। गर्भावस्था या किसी ऐसी ही अन्य उम्र संबंधी समस्या के लिए अगर सोनोग्राफी करवाई जाती है तो फार्म एफ भरना अनिवार्य होता है और उसकी जानकारी भी जिला प्रशासन को भेजना पड़ती है। बाल विकास समिति की यह रिपोर्ट इन्हीं फॉर्म के विश्लेषण के आधार पर तैयार हुई है। हर साल इस तरह के मामले आ रहे हैं। आगे उन नाबलिग का क्या होता है, उसकी जानकारी कहीं नहीं है। महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यक्रम प्रबंधक रजनीश सिन्हा ने बताया कि हमें जो रिपोर्ट्स मिलती हैं, वह उम्र के सत्यापन के लिए परियोजनाओं को भेज देते हैं।

### चाइनीज मांझे से कटी गर्दन

# 8वीं के छात्र की मौत

### इंदौर में भाई-दोस्तों के हाथ में आई चोट; 4 दिन पहले ही बैन किया था

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



इंदौर में चाइनीज मांझे ने 16 साल के छात्र की जान ले ली। हादसा रविवार को कनाड़िया थाना इलाके में तेजाजी नगर बायपास पर हुआ।

मृतक की पहचान ओमेक्स सिटी निवासी गुलशन पिता रामकिशन के रूप में हुई है। वह अपने भाई अरुण, दोस्त विशाल और कृष्णा के साथ बाइक से रालामंडल घूमने गया था। लौटते वक्त रास्ते में अचानक पतंग का मांझा गुलशन की गर्दन में फंस गया। इससे उसे गहरा कट लगा।

साथी उसे नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। फिलहाल, पुलिस ने शव को एमवाय अस्पताल भेजकर जांच शुरू कर दी है।

तेजाजी नगर थाने के टीआई देवेंद्र मरकाम ने बताया- मौके पर मौजूद कार सवार एक परिवार ने तुरंत मदद की और बच्चे को निजी अस्पताल ले गए। गंभीर चोट होने के कारण डॉक्टरों ने इलाज से इनकार कर दिया। इसके बाद वही परिवार बच्चे को एमवाय अस्पताल लेकर गया।

एसीपी राजेश बिलवाल ने कहा- गुलशन की चोट गंभीर थी। ज्यादा खून बहने के कारण उसने अस्पताल पहुंचते-पहुंचते दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच में चाइनीज डोर की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गुलशन के भाई अरुण ने बताया- बाइक चलाते वक्त अचानक पतंग की डोर बीच में आ गई। मैंने, विशाल और कृष्णा ने डोर पकड़ने की कोशिश की। हमारे हाथों में भी चोट आई है।

परिवार अशोक नगर में ठीकरी का रहने वाला है। पिता रामकिशन मजदूरी करते हैं। गुलशन 8वीं क्लास में पढ़ता था। परिवार की मदद के लिए छोटा-मोटा काम भी करता था। कलेक्टर शिवम वर्मा ने 25 नवंबर को चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाया था। उन्होंने बताया था कि चाइनीज मांझे से चोट लगने और कटने के कई मामले सामने आ चुके हैं। ये पशु-पक्षियों के लिए भी खतरा है इसलिए इसे प्रतिबंधित किया गया है। इसे बेचना और स्टॉक करना प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसका उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

चाइनीज मांझे से गुलशन की मौत के बाद पुलिस ने कुछ दुकानों पर दबिश दी। कार्रवाई में छतरीपुरा और तुकोगंज से चायनीज मांझा बरामद किया है। इसे स्टॉक करने वाले दुकानदारों पर एक्शन लिया जा रहा है।

## राजीव दीक्षित के नाम पर रास्ता-चौराहे का नामकरण

### महापौर बोले - इंदौर इंदौर हमेशा महान व्यक्तित्वों के योगदान को सम्मान देता आया है

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

नगर निगम इंदौर ने शहर के नामकरण कामों के अंतर्गत रविवार को एक महत्वपूर्ण फैसले को मूर्त रूप दिया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मयंक ब्लू वाटर पार्क से अरावली परिसर की ओर जाने वाले रास्ते का नामकरण स्वदेशी मार्ग तथा रास्ते पर स्थित प्रमुख चौराहे का नामकरण स्व. राजीव भाई दीक्षित चौराहा के रूप में किया।

स्व. राजीव भाई दीक्षित, जो स्वदेशी एवं भारतीयता की विचारधारा के प्रखर प्रवक्ता रहे हैं, उनके सम्मान में रास्ते और चौराहे का नामकरण करने की मांग अध्यक्ष, संस्था विश्वम्‌ सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा की गई थी। इस प्रस्ताव पर विचार करते हुए मेयर इन काउंसिल द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति दी थी, जिसके बाद रविवार को महापौर ने औपचारिक रूप से यह घोषणा की। महापौर ने कहा कि इंदौर शहर सदैव महान व्यक्तित्वों के योगदान को सम्मान देता आया है। स्वदेशी भावना को जन-जन तक पहुंचाने में स्व. राजीव भाई दीक्षित का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके नाम पर रास्ता और चौराहे का नामकरण किया जाना उनके प्रति हमारी कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है। नामकरण के बाद रहवासियों और सामाजिक संगठनों ने इस निर्णय का स्वागत किया। इस मौके पर नगर निगम के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं रहवासी मौजूद थे।

# 17.35 करोड़ की लागत से 27 किमी सीवर लाइन बनेगी

### महापौर-विधायक ने किया भूमिपूजन, 19 हजार लोगों को मिलेगी सुविधा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

सीवरेज व्यवस्था को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत कई विकास काम तेजी से संचालित किए जा रहे है। इसी कड़ी में रविवार को राऊ विधानसभा के वार्ड क्रमांक 79 में 17.35 करोड रुपए की लागत से 27 किमी लंबी सीवर लाइन बिछाने के काम का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक मधु वर्मा ने किया।



महापौर ने बताया कि अमृत 2.0 योजना के पैकेज-4 के अंतर्गत राऊ विधानसभा क्षेत्र में 250 से 700 मि.मी. व्यास की 27 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन बिछाई जाने का काम प्रस्तावित है। यह परियोजना क्षेत्र की सीवरेज व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए काफी आवश्यक है। इस परियोजना से क्षेत्र के हजारों नागरिकों को जल-मल निकासी से जुड़ी समस्याओं से स्थायी समाधान मिलेगा, जिससे शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। महापौर ने बताया कि प्रस्तावित काम का वित्त पोषण भारत सरकार, राज्य सरकार एवं नगर निगम इंदौर द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा और इस महत्वपूर्ण परियोजना को आगामी 15 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। काम पूरा होने के बाद राऊ क्षेत्र के निवासियों को सीवरेज नेटवर्क का बेहतर और दीर्घकालीन लाभ प्राप्त होगा। विधायक मधु वर्मा ने कहा कि राऊ विधानसभा के समग्र विकास के लिए अधोसंरचनात्मक कामों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सीवर लाइन का यह विस्तार काम स्थानीय लोगों की एक महत्वपूर्ण मांग था, जिसके पूरा होने से वार्ड क्रमांक 79 के सुख निवास, अहिरखेड़ी, कुंदन नगर, विदुर नगर, आकाश नगर, चित्रकूट नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के लगभग 19 हजार लोग लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम के दौरान महापौर परिषद सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू, पार्षद लक्ष्मी संजय वर्मा, जनप्रतिनिधि, निगम अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

## खबर एक नजर...

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4237 रुपए जारी

**उज्जैन।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 30 नवंबर को 4237 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए और 22 नवंबर को 4285 रुपए, 23, 24 नवंबर को 4282 रुपए, 25 नवंबर को 4277 रुपए, 26 नवंबर को 4265 रुपए, 27 नवंबर को 4252 रुपए, 28 नवंबर को 4260 रुपए और 29 नवंबर को 4240 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था। राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।

### युवा संगम रोजगार मेला व कैंप का आयोजन आज गरोठ में

**मन्दसौर।** जिला रोजगार कार्यालय मंदसौर द्वारा अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर कैंप आयोजित किए जाते हैं। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा आईटीआई एवं नॉन आईटीआई सभी विद्यार्थियों के लिए युवा संगम रोजगार मेला व कैप का आयोजन किया जा रहा है। एसआईएस लि. (नीमच) ट्रेनिंग सेंटर सिक्यूरिटी एण्ड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लि. द्वारा आज 1 दिसम्बर को शासकीय आई टी आई गरोठ में दिनांक 2 दिसम्बर को शासकीय आई टी आई भानपुरा में और दिनांक 3 दिसम्बर शासकीय आई टी आई सीतामऊ में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक किया जायेगा।

# सीएम ने सभी जोड़ों को दिया आशीर्वाद

## मुख्यमंत्री के बेटे की शादी रविवार को सामूहिक सम्मेलन में हुई शादी में शामिल होने के लिए कई हस्तियां पहुंची



**अखाड़ा परिषद ने भी सभी जोड़ों को 21 लाख रुपए देने की घोषणा की**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के बेटे अभिमन्यु और डॉ इशिता की शादी रविवार को सामूहिक सम्मेलन में संपन्न हुई। इस अवसर पर पूरे दिन शहर में वीआईपी की आवाजाही रही। सांवराखेड़ी में हुए सामूहिक विवाह समारोह के कार्यक्रम में सुबह से ही वीआईपी का आना शुरू हो गया था।



सामूहिक सम्मेलन में शामिल होने के लिए बाबा रामदेव, धीरेंद्र शास्त्री, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राज्यपाल मंगू भाई पटेल, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर,मंत्री तुलसी सिलावट, मंत्री कृष्णा गौर,अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज, इंदौर विधायक गोलू शुक्ला, भी पहुंचे। बारात में मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित कई वीआईपी शामिल हुए। बारात में सीएम के परिवार के लोगों ने डांस किया। इस दौरान सीएम के बेटे भी घोड़ी पर डांस करते नजर आए। कार्यक्रम स्थल पर सीएम के बेटे अभिमन्यु के साथ सभी 21 जोड़ों ने शादी की रस्में पूरी की। वरमाला के दौरान बाबा रामदेव ने मंत्र पड़े। मुख्यमंत्री यादव सभी जोड़ों से मिले और सभी वर वधुओं के पास पहुंचकर उन्हें आशीर्वाद दिया तथा कहा कि वर वधु मेरे बेटे बेटियों के समान है। इधर बाबा रामदेव ने सभी जोड़ों को एक - एक लाख रुपए देने की घोषणा की है। इधर सामूहिक विवाह सम्मेलन में सीएम यादव के बेटे की शादी देखने के लिए भी बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे और उनके साथ फोटो भी खिंचवाए।

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव जी ने बहुत अच्छी पहल की है हम भी आगे प्रयास करेंगे की कन्याओं का इसी तरह सम्मेलन में विवाह कराए। अखाड़ा परिषद ने अपनी ओर से सभी जोड़ों को 21 लाख रुपए देने की घोषणा की है।

# मुख्यमंत्री डॉ यादव के मुख्य आतिथ्य में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव आज से आयोजित

### प्रतिदिन श्री कृष्ण पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य और मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग, जनसंपर्क विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जेल विभाग, श्री कृष्ण पाथेय न्यास एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 01 से 03 दिसंबर तक दशहरा मैदान में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

निर्धारित कार्यक्रमानुसार मुख्यमंत्री डॉ यादव के मुख्य आतिथ्य में 01 दिसंबर सोमवार को प्रातः 09 बजे गीता प्रेमी श्रीकृष्ण परंपरा के आचार्यों के सानिध्य में गीता प्रेमियों द्वारा श्रीमद भगवत गीता के 15 वें अध्याय का सस्वर पाठ किया जाएगा। साथ ही प्रदेश के सभी विकास खंडों, जिला मुख्यालयों एवं संभागों में भी सस्वर गीता पाठ का आयोजन किया जाएगा।



सोमवार 01 दिसंबर को शाम 7 बजे दशहरा मैदान पर प्रसिद्ध कलाकार श्री पुनीत इस्सर के निर्देशन में जय श्री कृष्ण-गीता सार नृत्य-नाट्य का मंचन किया जाएगा। मंगलवार 02 दिसंबर को शाम 7 बजे नई दिल्ली की कलाकार सुश्री वैष्णवी शर्मा द्वारा विराटजयी-काव्य प्रसतुति दी जाएगी। इसके पश्चात श्री मोहित शेवानी के निर्देशन में कृष्णायन नाट्य का मंचन किया जाएगा। बुधवार 03 दिसंबर को शाम 7 बजे विश्ववंदनीय नाट्य का मंचन किया जाएगा। इसकी परिकल्पना और आलेखन डॉ. वीनस तरकसवार द्वारा किया गया है और इसका संगीत और निर्देशन श्री उमेश तरकसवार द्वारा किया जाएगा। साथ ही सुश्री श्वेता देवेन्द्र द्वारा भरतनाट्यम, सुश्री क्षमा मालवीय द्वारा कथक और सुश्री कविता शाजी, द्वारा मोहिनीअट्टम नृत्य कि प्रस्तुती दी जायेगी । इसके बाद श्री सलाउद्दीन पाशा द्वारा गीता ऑन व्हील्स नाट्य का मंचन किया जाएगा। महोत्सव में माधव दर्शनम-लघु चित्र शैलियों में चित्रों की प्रदर्शनी लगाई जाएंगी। महोत्सव में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है।

### शिक्षक कभी रिटायर्ड नहीं होता : प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में वाणिज्य के प्राध्यापक डॉ मनोहर सिंह वर्मा की सेवा निवृत्ति के अवसर पर शिक्षक संघ द्वारा सारस्वत सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ राकेश ढांड ने कहा कि मेरे सुयोग्य शिष्य डॉ वर्मा विद्यार्थी काल से ही होनाहार और अनुशासित रहे हैं। जागीरदार परिवार में जन्म के बाद उन्होंने शिक्षकीय की जीवन को अपनाया। उच्च शिक्षा विभाग के प्रतिभावान शिक्षक के रूप में उन्होंने अनेकानेक विद्यार्थियों को तराशा। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह ने बताया कि शिक्षक कभी रिटायर्ड नहीं होता। डॉ वर्मा ने पठन-पाठन के अलावा महाविद्यालय के प्रशासकीय कार्यों को बखूबी किया। कार्यक्रम में शासकीय विधि महाविद्यालय देवास के प्राचार्य डॉ अजय चौहान ने डॉ वर्मा को आकर्षक और मिलनसार व्यक्तित्व का धनी बताया। स्वागत वक्तव्य शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ नीरज सारवान प्रस्तुत किया। सम्मान पत्र का वाचन सचिव डॉ राजश्री सेठ ने किया। कार्यक्रम में डॉ मृदुल चंद्र शुक्ल, डॉ के एम शर्मा, डॉ शोभा मिश्रा ने डॉ वर्मा कार्यकुशलता की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन डॉ जफर महमूद ने किया। आभार डॉ शुभकामना रक्ताले ने व्यक्त किया।

# सिंहस्थ कुंभ से पहले स्थानीय अखाड़ा परिषद भंग

### तीन सदस्यों ने इस्तीफा दिया, अध्यक्ष बोले- हमारी संस्था रजिस्टर्ड, इस्तीफा नहीं मिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ कुंभ से पहले उज्जैन में स्थानीय अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों ने इस्तीफा देकर परिषद को भंग कर दिया। रविवार दोपहर को दत्त अखाड़े की आपात बैठक में



चार संतों ने परिषद से इस्तीफा देकर परिषद भंग होने का दावा किया। इधर, स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने ऐसे किसी भी जानकारी से इंकार किया है।

रविवार को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज और महामंत्री हरि गिरि महाराज उज्जैन पहुंचे। यहां दोपहर में शिप्रा नदी किनारे स्थित दत्त अखाड़े में महंत आनंदपुरी महाराज की अध्यक्षता में हुई एक आपात बैठक में, स्थानीय अखाड़ा परिषद को तत्काल प्रभाव से भंग करने की घोषणा कर दी गई।

यहां पर स्थानीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत रामेश्वर गिरी महाराज, उपाध्यक्ष महंत आनंद पुरी महाराज, प्रवक्ता महंत श्याम गिरी महाराज ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया।

रामेश्वर गिरी महाराज ने कहा कि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद सिंहस्थ का काम देखती है और वो अब काम देख रही है। इसलिए स्थानीय अखाड़ा परिषद का कोई काम नहीं।ॿ इधर, सात में से तीन पदाधिकारियों के इस्तीफे की खबर के बाद स्थानीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रामेश्वर दास ने कहा कि हमारी संस्था रजिस्टर्ड है। और ना ही हमारे पास इस्तीफे की कोई सूचना है। अगर उन्होंने कोई इस्तीफा दिया है तो हमारे पास देना था। कल उनसे बात की जाएगी।

## खबर एक नजर...

### सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की



**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कराये गये सामूहिक विवाह सम्मेलन में आशीर्वाद प्रदान करने के बाद उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला महाकालेश्वर मंदिर पहुँचे, जहाँ उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन किए। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी पं. आकाश गुरु ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कराया।

दर्शन उपरांत सर्व श्री सनातन धर्म संस्कार जनकल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं मनोज रावत ने उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला से भेंट कर सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर अरुण पटेल, रितिक सोनगरा, रवि चौधरी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्यजन मौजद रहे, जिनकी उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा और बढ़ा दी।

मनोज रावत ने बताया कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सुपुत्र डॉ. अभिमन्यु यादव के विवाह समारोह ने उज्जैन में अद्भुत आध्यात्मिक और सामाजिक संगम का माहौल बना दिया। संत समाज से लेकर राजनीति के प्रमुख हस्तियों तक, अनेक गणमान्यजन आशीर्वाद देने पहुंचे। इसी क्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, योग गुरु स्वामी रामदेव, राज्य मंत्री राधा सिंह तथा भाजपा जिलाध्यक्ष (सतना) भगवती प्रसाद पाण्डेय उज्जैन में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में विशेष रूप से उपस्थित रहे। मनोज रावत ने योग गुरु स्वामी रामदेव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, राज्य मंत्री राधा सिंह तथा भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय का शाल-श्रीफल भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया।

# वेडिंग थीम पर हुई श्री पद्मावती महिला मंडल की साधारण सभा

### माता पिता पाद पूजन एवं एक कदम मोक्ष की ओर में हिस्सा लेने वालों का किया सम्मान

### चातुर्मास में पूर्ण सहयोग देने वाले सदस्यों का किया सम्मान




ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पद्मावती महिला मंडल द्वारा विनोद मिल मंदिर परिसर में वेडिंग थीम पर साधारण सभा एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

अध्यक्ष नीलम पांडया ने बताया कि कार्यक्रम में वेडिंग थीम पर शानदार हाउजी कराई गई, जिसके आयोजक एवं प्रायोजक अंजू गंगवाल व डॉली बोहरा थे। कार्यक्रम का संचालन मीना भूषण व नीलम लुहाड़िया द्वारा किया गया। पद्मावती महिला मंडल द्वारा चातुर्मास के अन्तर्गत मुनि श्री 108 प्रणुत सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में ह्लमाता पिता पाद पूजनह्ल एवं ह्लएक कदम मोक्ष की ओरह्ल जिसका निर्देशन मीना भूषण जैन और नीलम लुहाड़िया द्वारा किया गया। भाग लेने वाले सभी पार्टिसिपेंट का सम्मान किया। कोषाध्यक्ष श्वेता लुहाड़िया ने चातुर्मास में पूर्ण सहयोग देने वाले सदस्यों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम की विशेष सहयोगी श्रुति बड़जात्या, विमला जैन व सचिव मेघा सेठी ने बताया की वेडिंग थीम के अन्तर्गत विधान एवं चौबीसी में संगीता सोगानी, स्नेहलता विनायका, रेणु कोठारी द्वारा बन्ना बन्नी में मधु कोठारी एवं सरिता पहाड़िया द्वारा, मेंहदी में शिपिका जैन, पायल सेठी, उषा सेठी ,कल्पना शाह, अनीता जैन द्वारा, हल्दी में अर्चना बड़जात्या, तृप्ति जैन, मोनिका टोंगिया द्वारा, संगीत में राखी जैन, राशि जैन, सीमा जैन, रश्मि सिंगई, मनीष सिंगई द्वारा, बारात में रानी की पहाड़िया, विनीता पहाड़िया, परिधि बड़जात्या, नीतू लुहाड़िया, शिल्पा सोगानी, एकता सिंगई द्वारा और दुल्हा दुल्हन में नैना जैन, चंदना जैन द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी गई।

# महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता शकुंतला का सेवानिवृत्ति पर सम्मान

### महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता का जीवन सेवा और सहानुभूति भरा पूरे समाज के लिए आदर्श- एम आर मंसूरी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ब्लॉक बड़नगर सेक्टर जहांगीरपुर उपस्वास्थ्य केंद्र पलसोड़ा की महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता शकुंतला बैरागी की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

सेक्टर अधिकारी डॉ. शिप्र श्रीवास्तव ने बताया कि महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता शकुंतला बैरागी द्वारा 37 साल की बेदाग सेवा देते हुए सफलता पूर्वक कार्यकाल पूर्ण करने के उपलक्ष्य में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इंगोरिया में आयोजित किया गया। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजेंद्र सिंह अजनार की अध्यक्षता में न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एमआर मंसूरी, राज्य कर्मचारी संघ के तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल बर्फा, बीपीएम किरण मंडलोई, एमआई नानूराम मिमरोट के विशेष आतिथ्य में एवं बीसीएम रचना चौहान, धीरज शर्मा, कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर डॉ नीलेश अखंड, डॉ समीर खान, आदि की उपस्थिति में शकुंतला बैरागी को माला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर की।

### कार्यक्रम स्थल पर रही आकर्षण का केंद्र

# शादी की रस्म निभाते हुए सीएम के बेटे की चित्रकार ने उकेरी तस्वीर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सामूहिक विवाह सम्मेलन में जिस मंडप में मुख्यमंत्री मोहन यादव के बेटे अभिमन्यु की और डॉक्टर इशिता की शादी हो रही थी और दोनों बैठकर शादी की रस्म अदा कर रहे थे वह हूबहू तस्वीर एक चित्रकार ने दोनों की उकेरी, जो की आकर्षण का केंद्र रही।

सीएम के बेटे अभिमन्यु व डॉ इशिता की चित्रकार द्वारा उकेरी गई तस्वीर में अभिमन्यु व इशिता शादी की रस्में अदा करते दिख रहे हैं । चित्रकार द्वारा बनाई गई पेंटिंग कार्यक्रम स्थल में आकर्षण का केंद्र बनी रही। हर कोई विवाह की रस्म अदा करने वाली इस तस्वीर को देखने के लिए पहुंच रहा था।



# निरंकारी मिशन समिति ने चरक, वाग्देवी वाटिका में हटाई खरपतवार



### पौधों को वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करना भी हमारा दायित्व

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

निरंकारी मिशन समिति द्वारा सतत वायु अभियान के तहत नवंबर सप्ताह के अंतिम रविवार को शपथ अनुसार निरंकारी दासो ने विक्रम विश्वविद्यालय के चरक वाटिका ओर वाग्देवी वाटिका में रोपित पौधों को संरक्षित करने के उद्देश्य से पौधों के आसपास की खरपतवार को हटा कर उन्हें बड़े होने में सहायता प्रदान की।

उज्जैन जोनल इंचार्ज महात्मा राजकुमार गंगवानी ने बताया कि वृक्षारोपण करने का उद्देश्य है कि वृक्षों से स्वच्छ वायु ओर स्वच्छ वातावरण देश में निर्मित हो। वही पौधों को रोप कर उनको अकेला नहीं छोड़ना उन्हें वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करना भी हमारा दायित्व है। जिसके तहत निरंकारी दास कार्य करते है। आज जो हम फल खा रहे वो हमारे बुजुर्गों ने बोया था जो हम आज बोयेंगे उसे अपने आने वाली पीढ़ी खाएगी। माता जी अक्सर यह बात कहते हे कि वन नेस वन मतलब की आपको पौधों को बो कर उनका ध्यान रखना है। उज्जैन मुखी त्रिलोक बेलानी ओर सहायक मीडिया प्रभारी विनोद गज्जर ने बताया कि सद्गुरु माता सुदीक्षाजी ओर राजपिता के आशीर्वचन को मान में रखते हुए पौधारोपण कर उनकी देखभाल करना ओर उनको संरक्षित रखा जाए इस उद्देश्य से हर महीने के लास्ट रविवार को उनके आसपास की खरपतवार को हटाते हैं। वही आगे बताया कि मिशन के अंतर्गत साल में तीन गतिविधियां चलती हैं जिसमें वृक्षारोपण, ब्लड डोनेशन, ओर स्वच्छता अभियान किया जाता है। जो माता जी के आशीर्वाद से आगे भी सतत चलता रहेगा। रतलाम से पधारे जोनल इंचार्ज ने इस मौके पर पौधा रोपण भी किया। जानकारी सहायक मीडिया प्रभारी दास विनोद गज्जर ने दी।

### धन्वंतरी चिकित्सालय परिवार ने आयोजित किया विदाई समारोह

**उज्जैन।** धन्वंतरि आयुर्वेदिक चिकित्सालय बुधवारिया में वरिष्ठ कंपाउंडर के पद पर कार्यरत एवं मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के पूर्व संभागीय अध्यक्ष हेमंत आचार्य के सेवानिवृत होने पर धन्वंतरी चिकित्सालय एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया।समारोह में हेमंत आचार्य द्वारा अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि मैं सेवा से जरूर निवृत हो रहा हूं परंतु मेरा मन सदैव आप सभी साथियों के साथ एवं संगठन के पदाधिकारी के साथ रहेगा और यह मेरा सेवा परिवर्तन है।

# कारगिल युद्ध में शहीद उज्जैन के लाडले सपूत बलराम जोशी की 50वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



कारगिल युद्ध में शहीद उज्जैन के लाडले सपूत बलराम जोशी की 50वीं जयंती पर शहीद पार्क पर उनके प्रतिमा स्थल पर बलराम जोशी स्मृति मंच एवं उनके परिजन सहित गणमान्य नागरिकों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

कार्यक्रम का देश भक्ति से ओत प्रोत शुभारम्भ करते हुए शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने कहा ...मेरे देश की माटी, तुझको सौ सौ बार सलाम... इसमें खेले गाँधी, गौतम, कृष्ण, राम, बलराम..। कवि सुगनचंद जैन ने अपनी काव्यात्मक भावांजलि में कहा ह्लकाम आए देश के ऐसा तन चाहिए, हमको बलराम जैसा रतन चाहिए, होके बलिदान अगर फिर से जन्म मिले, इस भारत के जैसा वतन चाहिए। प्रसिद्ध लघु कथाकार संतोष सुपेकर ने शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, श्रद्धेय बलराम तुम कभी ना होंगे अकेले, भारत मां के लाल तुमने फर्ज अपना अदा किया। जान हथेली पर रखकर दुश्मन का सीना चीर दिया, देश पर यह फर्ज अदा कर गहरी नींद सो गए, तुम वीर भारत मां पर शहीद हो गए। कवि नारायण मंगवानी ने ह्लपरस्पर एकता रखें करुणा संवेदना ना छोड़े, जीवन को प्यार के संग मानवता से जोड़ें। तभी बलिदानियों की आत्मा खुश होगी, और भारत माता गौरवान्वित होगी। मानसिंह शरद नेह्लह्ल भारत मां के आंचल पर दाग लगेगा नहीं, आग हो अंगार हो वीर अब रुकेगा नहीं, श्रद्धांजलि सच यही है आज तुम्हें, जान जाए तो जाए तिरंगा झुकेगा नहीं। इस अवसर पर मंच संयोजक कमल चौहान, राजेश जोशी, अविनाश गुजराती, प्रोफेसर बी एल शर्मा, दीपक जोशी, दुर्गा जोशी गीतिका जोशी, महामंडलेश्वर माँ आनन्दमयी सहित सभी उपस्थितजन ने अपने श्रद्धा भाव प्रकट किये। आभार राजेश जोशी ने व्यक्त किया।

## खबर एक नजर...

### वर निकासी के दौरान विवाद करने पर चार के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**शाजापुर।** जिला मुख्यालय से महज 3 किमी दूर बसे ग्राम पतौली में दलित दूल्हे की वर निकासी के दौरान विवाद का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात ग्राम पतौली में जितेन्द्र परमार को घोड़ी पर बैठाकर जुलूस निकाला जा रहा था, तभी गांव के कुछ लोगों से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ा और मारपीट की स्थिति बन गई। दूल्हे पक्ष की शिकायत पर लालघाटी पुलिस ने गांव के भारत सिंह, नरेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह और लाल सिंह के खिलाफ मारपीट करने और जातिसूचक गालियां देने का मामला दर्ज किया है। ग्राम पतौली में शनिवार रात वैवाहिक आयोजन के दौरान दो पक्षों में हुए विवाद के मामले में पुलिस ने जहां दूल्हा पक्ष की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है तो वहीं दूसरे पक्ष में राजपूत समाज के लोगों ने रविवार दोपहर लालघाटी थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। समाजजनों ने बताया कि दूल्हा पक्ष के द्वारा अश्लील गाने बजाकर उस पर डांस किया जा रहा था, जिसका विरोध करने पर विवाद किया गया और पुलिस में झूठा मामला दर्ज कराया गया।

# दिन में 10 घंटे सिंचाई के लिए बिजली दी जाए

## बिजली समय-सारणी को पूर्व स्थिति में बहाल करने की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› सारंगपुर



बिजली वितरण के समय में बदलाव से क्षेत्र के किसान नाराज है। किसानों की मांग है कि उन्हें पहले की तरह दिन में 10 घंटे कृषि बिजली आपूर्ति दी जाए। दरअसल किसानों को दिन में मिलने वाली 10 घंटे की कृषि बिजली आपूर्ति को बदलकर 5-5 घंटे दिन और रात में करने का निर्णय लिया गया था। इस बदलाव से क्षेत्र के किसानों में भारी नाराजगी है। किसानों ने कहा कि नई समय सारणी से सिंचाई कार्य बाधित होगा। किसानों का कहना है कि फसल के महत्वपूर्ण चरण में निरंतर सुविधाजनक समय पर बिजली मिलना आवश्यक है। रात में बिजली मिलने से सुरक्षा का खतरा रहता है। श्रमिकों की उपलब्धता में समस्या आती है और ठंड में परेशानी होती है। किसानों ने बिजली समय-सारणी को पूर्व स्थिति में बहाल करने की मांग की।

मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अंतर्गत सारंगपुर क्षेत्र के किसानों को इस कड़कड़ाती सर्दी के दिनो में भी रात्रि में ठंडे पानी के बीच रहकर सिंचाई करनी पड़ रही है। जबकि मुख्यमंत्री मोहन यादव के आदेश है कि किसानों को रात के बजाय दिन में ही बिजली मिलेगी, लेकिन विद्युत कंपनी इन आदेशों की अवहेलना कर रही है। किसानों का कहना है कि जब शासन-प्रशासन स्कूलों के समय में बदलाव करता है, सर्दी की शासकीय छुट्टी रखता है तो फिर अब किसानों को रात्रि 2 बजे बिजली क्यूं दी जा रही है। किसानों ने मांग की है कि हमें 10 घंटो तक दिन में ही बिजली सप्लाई कर सिंचाई के लिए दी जाए ताकि हमें रातों में इस जमा देने वाली ठंड में ठिठूरना न पड़े। मप्रमक्षेविवि कंपनी सारंगपुर अंतर्गत आने वाले क्षेत्रो में लगने वाले विद्युत पंप की बिजली रात्रि के शेड्यूल में विगत सोमवार से बिजली कंपनी के द्वारा परिवर्तन कर दिया गया है। जिसके कारण किसानों की फजीहत हो रही है। इस नए शेड्यूल के चलते किसानों में रोष व्याप्त है। रात्रि का शेड्यूल बदलने के कारण रात्रि में किसानों को जंगल में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि इससे किसान सही समय पर ना तो जाग सकता है ना ही सो सकता है। नारायण परमार, नवेद अंसारी, रामबाबू परमार, महेश गुर्जर, सचिन कुमार, नीतेश परमार आदि किसानों का कहना है कि बिजली कंपनी के द्वारा समय परिवर्तन कर किसानों को परेशान किया जा रहा है। रात्रि में शेड्यूल बदलने के कारण अधिकांश किसान जंगल में रात्रि के समय अपने खेतों पर पहुंच भी नहीं पाते हैं तथा समय का परिवर्तन कर आम किसानों को परेशान किया जा रहा है। जबकि एक और मौसम के परिवर्तन के चलते शीत लहर का प्रकोप दूसरी और बिजली कंपनी के द्वारा रात्रि के विद्युत पंप शेड्यूल के समय में परिवर्तन कर किसानों को परेशान किया जा रहा है।

## ऑयल देने से मना करने पर चालक पर चाकू से हमला

**शाजापुर।** ऑयल देने से मना करने पर आरोपियों ने डंपर चालक पर चाकू से हमला कर दिया। ग्राम दिल्लोद निवासी धर्मेन्द्र खिंची ने पुलिस से शिकायत की है कि उनका डंपर खराब हो गया था और वह बाइक से शाजापुर से लड़ावद की ओर ऑयल और फिल्टर लेने जा रहे थे, तभी शाम करीब 4.30 बजे लाहोरी बल्डे के समीप ग्राम सांपखेड़ा निवासी जितेन्द्र बंजारा, अर्जुन बंजारा और राहुल बंजारा ने उन्हें रोका और ऑयल मांगने लगे। जब धर्मेन्द्र ने ऑयल देने से मना किया, तो तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर जितेन्द्र ने अपनी जेब से चाकू निकालकर धर्मेन्द्र पर हमला कर दिया। इस हमले में धर्मेन्द्र के सीधे हाथ की उंगलियों में गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। अर्जुन और राहुल ने भी धर्मेन्द्र के साथ थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की, जिससे उसके सीने और पीठ में चोटें आईं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कोचिंग से घर लौट रही छात्रा के साथ छेड़छाड़, विरोध करने पर मारपीट

**शाजापुर।** कोचिंग से घर लौट रही नाबालिक छात्रा के साथ आरोपी ने छेड़छाड़ कर मारपीट की। पीड़िता ने थाना कोतवाली पर शिकायत करते हुए बताया कि वह कोचिंग से रात के समय अपने घर लौट रही थी, तभी लक्ष्मीनगर स्थित हनुमान मंदिर के पास रोहित नामक युवक ने उससे जबरन बात करने की कोशिश की और जब आरोपी को मना किया तो उसने उसका हाथ पकड़ लिया। इसी दौरान छात्रा की मां मौके पर पहुंचीं और उन्होंने समझाने का प्रयास किया तो आरोपी रोहित ने गाली-गलौच शुरू कर दी और विरोध करने पर मारपीट की। छात्रा का आरोप है कि इस दौरान योगेश और 2-3 अन्य युवक भी वहां आ गए और सभी ने मिलकर मारपीट की, जिसमें उनका मंगलसूत्र और चेन टूट गई।

# इतिहास और विज्ञान के महा-संगम पर दो दिवसीय व्याख्यानमाला 2 से

### अंतर्राष्ट्रीय ख्याती प्राप्त खगोलशास्त्री, इतिहासकार, यूट्यूबर एवं प्रख्यात विचारक नीलेश ओक देंगे ह्लरामायणह्ल, महाभारत और ह्लभारतीय सभ्यता की प्राचीनताह्ल पर वैज्ञानिक प्रमाण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

वाकणकर शोध संस्थान, उज्जैन एवं अवंतिका विश्वविद्यालय, लेकोड़ा के संयुक्त तत्वावधान में इतिहास और विज्ञान के महा-संगम पर द्वि-दिवसीय विशेष व्याख्यानमाला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक ज्ञान यज्ञ का साक्षी उज्जैन की पावन भूमि बनेगी।

इस व्याख्यानमाला में प्रख्यात इतिहासकार, खगोलशास्त्री, एवं प्रतिष्ठित यूट्यूबर नीलेश ओक अपने शोध के आधार पर इतिहास के रोचक तथ्यो को स्पष्ट करेंगे। श्री ओक का शोध सिर्फ जानकारी नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास की सदियों पुरानी पहेलियों का निर्णायक समाधान है।

प्रथम दिवस मंगलवार 2 दिसम्बर को सायं 6:30 से सायं 8:00 बजे तक वाकणकर शोध संस्थान में ह्यतकनीक जो समय से आगे थी!ह्ल अंतर्गत ह्लरामायणः महाकाव्य, धर्मग्रंथ या प्राचीन भारतीय विज्ञान का विश्वकोश?ह्ल विषय पर व्याख्यान होगा। यह व्याख्यान रामायण में निहित अत्यधिक उन्नत विज्ञान के साक्ष्यों को उजागर करेगा। श्री ओक यह बताएंगे कि कैसे रामायण केवल एक धर्मग्रंथ न होकर भूगोल, अभियांत्रिकी, उन्नत तकनीक आदि के साक्ष्यों से परिपूर्ण एक विश्वकोश है। द्वितीय दिवस ह्यभारतीय सभ्यता इतिहास की सबसे प्राचीन धरोहरह्ल अंतर्गत ह्लकाल गणना का प्रमाण : भारतीय सभ्यता की अविश्वसनीय प्राचीनताह्ल पर व्याख्यान बुधवार 3 दिसम्बर को अपराह्न 3 से 5 बजे तक अवंतिका विश्वविद्यालय लेकोड़ा में होगा। इस व्याख्यान में नीलेश ओक खगोलीय साक्ष्यों और आधुनिक उपकरणों का उपयोग करके प्राचीन भारतीय कालक्रम को प्रमाणित करेंगे। यह व्याख्यान, सिंधु घाटी से भी प्राचीन भारत के अस्तित्व को सिद्ध करने वाले निर्णायक प्रमाणों को प्रस्तुत करेगा, जो किताबों में वर्णित इतिहास को बदलने की क्षमता रखता है। खगोलीय प्रमाणों के आधार पर श्री ओक यह सिध्द करेंगे कि भारतीय सभ्यता की जड़ें वर्तमान में मान्य तिथियों से भी कहीं अधिक गहरी हैं और प्राचीन भारत केवल आस्था का नहीं, बल्कि उन्नत विज्ञान का भी केंद्र था! यह ज्ञान दर्शकों को न सिर्फ गर्व महसूस कराएगा, बल्कि इतिहास को पढ़ने का एक नया दृष्टिकोण देगा।

वाकणकर न्यास के सचिव डॉ. दिलीप वाकणकर एवं अवंतिका विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नितिन राणे ने बताया कि यह कार्यक्रम शोधार्थियों के लिए अपने शोध और थीसिस को नई दिशा देने, अभिभावकों के लिए अपने बच्चों को अपनी गौरवशाली विरासत से परिचित कराने, और जिज्ञासु नागरिकों के लिए सत्य को जानने का दुर्लभ अवसर है।

दोनों दिन व्याख्यान के पश्चात प्रश्न-उत्तर सत्र का आयोजन किया जाएगा, जहाँ दर्शक सीधे नीलेश ओक से अपने सभी ऐतिहासिक और वैज्ञानिक संदेह दूर कर सकते हैं, अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पा सकते हैं। यह व्याख्यानमाला हमारे मन में अपनी सभ्यता के प्रति श्रद्धा और सम्मान को बढ़ाएगा। डॉ. दिलीप वाकणकर एवं डॉ. नितिन राणे ने उज्जयिनी के श्रोताओं, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से इस व्याख्यानमाला में उपस्थित रहकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

### गोविंदा ने दिया संदेश, 21 बेटियों का विवाह सामाजिक समरसता की ओर अद्भुत पहल

**उज्जैन।** सुपरस्टार पूर्व सांसद गोविंदा के भांजे फिल्मस्टार विनय आनंद ने 21 बेटियों का सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह कराने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बड़े भाई नारायण यादव, अभय यादव को गोविंदा का संदेश प्रेषित कर नवयुगल दंपत्ति के उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। फिल्म स्टार गोविंदा ने अपने संदेश में कहा कि अवंतिका नगरी में राजाधिराज महाकाल बाबा के परम सेवक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा श्री महाकाल बाबा/श्री कृष्ण जी को साक्ष्य एवं यादव परिवार को महज निमित्त मान 21 बेटियां परिणय सूत्र में गुंथित कर, उन्हें पिता तुल्य आशीर्वाद प्रदान करना, सामाजिक समरसता की ओर अद्भुत पहल है।

# कार्यवाही को लेकर म.प्र.अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ›› ब्यावरा



विगत दिनों भोपाल में आयोजित मध्यप्रदेश अजाक्स के प्रांतीय अधिवेशन में नवनियुक्त प्रांताध्यक्ष संतोष वर्मा आईएएस द्वारा दिए गए उद्बोधन को जानबूझकर तोड़ मरोड़कर, 7 सेकंड की वीडियो क्लिप बनाकर, भ्रामक तरीके से सामाजिक वैमनस्य फैलाने हेतु प्रस्तुत की गई हैं। यह न केवल संविधान की मूल भावना के विपरीत है, बल्कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी की गरिमा एवं प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचाने का भी दुःसाहस है।

गंभीर चिंता का विषय यह है कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा बिना उचित विचार-विमर्श, तथ्यों की निष्पक्ष जाँच एवं कानूनी प्रक्रिया अपनाए बिना श्री वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जो प्रदेश में यह संदेश देता है कि सरकार आदिवासी एवं वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशील न होकर केवल औपचारिकता निभा रही है। यह सीधे-सीधे संविधान के अनुच्छेद 14, 15(4), 16(4), 21, 38(2) एवं 46 की आत्मा के विपरीत है जो सामाजिक न्याय, समानता एवं संरक्षण की गारंटी देते हैं।

# सिंचाई शुरू होने से घटने लगा जलस्तर, गर्मी में संकट की स्थिति

ब्रह्मास्त्र ›› सारंगपुर

क्षेत्र की नदियों और तालाबों में तेजी से जलस्तर घटने लगा है। यह गर्मी के समय चिंता का कारण बन सकता है। इस बार सारंगपुर विकासखंड में सामान्य औसत वर्षा दर्ज हुई है। इससे गर्मी के दिनों में जल संकट की स्थिति से इंकार नहीं किया जा सकता। सारंगपुर के लिए जीवनदायिनी कही जाने वाली सारंगपुर डैम भी अब खाली होने लगा है। सिंचाई कार्य शुरू होने से किसान कालीसिंध नदी का पानी चोरी कर रहे हैं। इसे देखते हुए नगर पालिका को सर्चिंग टीम बनाने और विद्युत मोटर जब्त करने की कार्रवाई करनी होगी। क्योंकि कार्रवाई के अभाव में नदी का जलस्तर तेजी से गिर रहा है।

बता दें कि क्षेत्र में इस बार करीब 41 इंच बारिश हुई है, जो सामान्य है। सामान्य से अधिक बारिश नहीं होने का असर क्षेत्र के तालाबों में साफ दिखाई देने लगा है। जिन तालाबों में एक समय वर्ष भर पानी भरा रहता था, उनमें अब तीन से चार फीट ही पानी बचा है। इसके अलावा, नदियों में जिन स्टॉप डेमों में समय पर शटर लगाकर पानी रोक लिया गया था, उनसे सिंचाई के कारण लगातार पानी लिया जा रहा है। इस कारण डेमों में भी पानी घटने लगा है। नदी से कुछ लोग हकाई जुताई कर बुवाई करने की तैयारी भी कर रहे हैं।

आम नागरिकों ने बताया कि हमारी नदी में पहले गर्मी आने तक पानी भरा रहता था। इस साल औसत बारिश के कारण अभी से पानी खत्म होने लग गया है। जल संकट की स्थिति बनेगी गर्मी के दिनों में लोगों को पानी के लिए दिक्कतों का सामना करना पड सकता है। इसी तरह गांवों के तालाब इस साल बारिश में पूरी तरह भर गए थे। यदि मावठे की बारिश हो जाती है, जैसा कि मौसम विभाग भी बता रहा है कि दिसंबर के पहले सप्ताह में मावठ गिर सकता है तो बड़ी राहत मिलेगी।

## खबर एक नज़र...

### सर्प उद्यान तथा तारा मंडल का स्कूली छात्रों ने किया भ्रमण

महिदपुर रोड ! नगर के शास कीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सव्यावसायिक शिक्षा एवं जीव विज्ञान संका य के छात्र छात्राओं ने शिक्षकों के साथ उज्जैन स्थित सर्प उद्यान एवं तारा मंडल का प्राचार्य एवं शिक्षकों के मार्ग दर्शन में भ्रमण किया इस दौरान छात्र छात्राओं ने वि भिन्न प्रजातियों के सांपों की जानकारी प्राप्त की सर्प मित्र मुकेश हिंगल ने विद्यार्थियों को ग्रामीण क्षेत्र में सांप के काटने से होने वाली मृत्यु एवं सर्प के काटते ही तत्काल प्राथ मिक उपचार और किस प्रकार के सांप विषैला सांपों के काटने से मा नव की मृत्यु होती है और कई प्रकार के सांप जो जहरीले नहीं होते हैं के वल उनके सर्प काटने के डर से मनु ष्य की मृत्यु होने संबंधी जानकारी दी,औद्योगि क छात्रों ने तारामंडल का भ्रमण किया यहां पर विभिन्न खगो लीय घटनाओं को समझा छात्रों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा बस से भ्रमण करवाया गया विद्यालय के प्राचार्य शिव नारायण बामनिया जीव विज्ञान शिक्षक अनुपम त्रिवेदी व्यावसायिक शिक्षण दीपिका शर्मा अरुण सिंह परमार सहयोगी शिक्षक बंशीलाल सौलंकी के मार्गदर्शन में विद्या र्थियों ने भ्रमण किया विद्यार्थियों ने भ्रमण को ज्ञानवर्धक बताया।

### शासकीय माध्यमिक विद्यालय नारायणा में बिदाई समारोह मनाया

महिदपुर। 29 नवम्बर को शासकीय माध्यमिक विद्यालय नारायणा में शिक्षक हरलाल परमार का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य अर्जुनसिंह दावरे एवं विशेष अतिथि जनपद प्रतिनिधि बहादुरसिंह पंवार तथा जन शिक्षा केंद्र प्रभारी प्रतिनिधि सत्यनारायण शर्मा थे। जनशिक्षा केंद्र नारायणा के सभी शिक्षक एवं सभी छात्र छात्राओं ने मिलकर ढोल धमाके के साथ शिक्षक श्री परमार सर को विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन प्रधान अध्यापक बाबूलाल आसोडीया द्वारा किया गया । कार्यक्रम सरपंच भगवानसिंह गोयल, उपसरपंच गोपीलाल आंजना की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अंत में आभार शिक्षक नवीन चैहान एवं मनोज सोनी ने माना। उक्त जानकारी रामसिंह हिरोड़ द्वारा दी गई ।

### अभिज्ञान के छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में लहराया परचम

तराना। अभिज्ञान शिक्षा संस्थान ने एक बार फिर शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। नगर के स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से अनेक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें अभिज्ञान के छात्रों का प्रदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन में गोल्ड मेडल अनुष्का / नरसिंह प्रजापति,बैडमिंटन में सिल्वर मेडल पूजा उमराव सिंह मालवीय साहिबा / राजू खान नेहा / लखन कुमावत कनक / अर्जुन परमार आरोही / संजय आंजना कुश्ती एवं गटका (तलवारबाजी) में गोल्डः कृष्णा / देवेंद्र सिंह चौहान लाठी प्रतियोगिता में गोल्डःशुभम / सुरेश परमार छात्रों की इन शानदार उपलब्धियों पर विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका सम्मान किया। विद्यालय संचालक अशोक कानड़ी, कोषाध्यक्ष विनिता कानड़ी, प्राचार्य दिनेश कुमार हरड़, अंग्रेजी विभाग प्रमुख मंजरी लोया तथा प्रधानाध्यापक अंबाराम चौहान द्वारा विजेता छात्रों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।उक्त जानकारी संस्था प्रवक्ता राजेश मालवीय एवं हर्ष नागर द्वारा प्रदान की गई।

### क्षेत्र में आए दिन बढ़ रहे अपराधों को लेकर थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

ब्यावरा। राजगढ़ जिला युवा कांग्रेस के माध्यम से ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र के मलावर थाना प्रभारी रजनीश सिरोदिया को ज्ञापन प्रस्तुत किया गया कि क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन चोरियों की वारदात बढ़ती जा रही है। क्षेत्र में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि दिनदहाड़े लोगों की मोटरसाइकिल चोरी कर लेते है किसानों के कुएं से मोटर पम्प चोरी हो रही है

# गांव धतरावदा में पुश्तैनी जमीन के विवाद में मामा ने भांजे की पत्थर मारकर हत्या कर दी

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

जिले के जावरा स्थित धतरावदा गांव में पुश्तैनी जमीन के विवाद में मामा ने भांजे की पत्थर मारकर हत्या कर दी। घटना शनिवार शाम की है। पहले भांजे ने मामा पर हमला किया था, जिसके बाद हुए संघर्ष में मामा ने भांजे के सिर पर पत्थर मार दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी मामा भी गंभीर घायल है, जिसे रतलाम मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना जावरा के रिंगनोद थाना अंतर्गत असावती चौकी के धतरावदा गांव की है। गांव में रहने वाले बद्री उर्फ समरथ पाटीदार (35) शनिवार शाम करीब 5.30 से 6.30 बजे के बीच अपनी पत्नी के साथ खेत से आ रहे थे। रास्ते में उनके भांजे अमृतराम पाटीदार (30) ने पीछे से पत्थर से हमला कर दिया।

### गुत्थमगुत्था हुए, मामा ने जमीन पर पटककर मारा पत्थर

हमले के बाद समरथ ने अपना बचाव किया। इस दौरान दोनों आपस में गुत्थमगुत्था होकर उलझ गए। समरथ ने भांजे अमृतराम



पाटीदार को नीचे जमीन पर पटका और पत्थर से उसके सिर पर हमला कर दिया। सिर में चोट लगने से अमृतराम की मौके पर ही मौत हो गई।

### रात में पहुंची पुलिस, घायल मामा रेफर

शनिवार रात पुलिस को सूचना मिली। जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय, रिंगनोद थाना प्रभारी आनंदसिंह आजाद और असावती चौकी प्रभारी शरीफ खान बल के साथ पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा बनवाकर रात करीब 9 बजे जावरा सरकारी अस्पताल भेजा, जहां रविवार सुबह पोस्टमार्टम होगा। वहीं घायल मामा समरथ को जावरा में प्राथमिक उपचार के बाद शनिवार देर रात रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

### मां के हिस्से की जमीन मांग रहा था भांजा

पुलिस के अनुसार मृतक अमृतराम अविवाहित था और अकेला रहता था। उसकी मां किसी अन्य के साथ रहती है। वह अपनी मां के हिस्से की जमीन मामा से मांग रहा था। इसको लेकर काफी समय से दोनों में विवाद भी चला आ रहा था।

जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय ने बताया कि मामा समरथ पाटीदार व भांजे अमृतराम में पुश्तैनी जमीन विवाद है और कोर्ट में भी केस चल रहा है। उन्होंने कहा, प्राथमिक जांच में सामने आया है कि खेत से आते समय पहले भांजे ने हमला किया। इसके बाद दोनों में विवाद हुआ। विवाद में मामा ने पटककर भांजे के सिर पर पत्थर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामा को भी सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है। जिसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

### हत्या का मामला दर्ज

एएसपी राकेश खाखा ने बताया कि प्राथमिक जांच में जमीन संबंधी विवाद सामने आया है। हत्या का केस दर्ज किया है। पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

### हर रविवार को चल रहा है शिवना शुद्धि करण अभियान, एक ट्राली कचरा निकाला

**मंदसौर ।** शिवना नदी को स्वच्छ और प्रदुषणमुक्त बनाने के उद्देश्य से चल रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान के 73 वे दिन आज शिवना तट पर बड़े स्तर पर सफाई कार्य किया गया। सुबह 7.30 बजे चले इस अभियान मे सामाजिक संगठनों और युवाओं,महिलाओं ने नदी तट पर पहुँचकर बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। अभियान की शुरूआत नदी किनारे फैली गंदगी,प्लास्टिक कचरा और अन्य अपशिष्ट सामग्री को लोगो ने हाथों व उपकरणों की मदद से हटाया गया। साथ ही घाटों को साफ कर नदी से एक ट्राली गाद और कचरा निकाला गया। नदी को स्वच्छ रखना केवल सरकारी या सामाजिक संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं,बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

# गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन का 95.70 प्रतिशत कार्य पूरा

ब्रह्मास्त्र ›› सारंगपुर

सारंगपुर में गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन का 95.70 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। एसडीएम रोहित बम्हौरे ने बताया कि कुल 2 लाख 10 हजार 229 मतदाताओं में से शनिवार दोपहर 12 बजे तक 2 लाख 1 हजार 189 मतदाताओं का डिजिटलाइजेशन कार्य संपन्ना हो चुका है। अब केवल करीब 9 हजार मतदाताओं का डिजिटलाइजेशन कार्य शेष है। यह उपलब्धि एसडीएम रोहित बम्हौरे के मार्गदर्शन में हासिल की गई है। सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के 247 मतदान केंद्रों में से कई केंद्र ऐसे है जहां शत-प्रतिशत डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण हो चुका है। देर शाम तक 95.70 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा होने की संभावना है।

वरिष्ठ अधिकारियों ने इस कार्य की सराहना की है। जिन बूथों पर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य पूर्ण हो चुका है वह कार्य होने के बाद, मतदाताओं के गणना पत्रक की हार्ड कॉपी कार्यालय में जमा करवा दी गई है। बीएलओ जाधव ने पिता के निधन के बाद भी 100 फीसदी एसआइआर कार्य किया पूर्ण नगर के वार्ड 10 के बीएलओ सचिन जाधव ने कठिन परिस्थितियों में भी कर्तव्यनिष्ठा का अद्भुत परिचय दिया है और पिता के निधन के बाद भी उन्होंने जिम्मेदारी को प्रथम पायदान पर रखते हुए 100 फीसदी एसआइआर गणना फार्म समय से पूर्व भरकर काम पुरा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर पालिका सारंगपुर के स्थाई कर्मी सचिन जाधव के पिता का निधन 12 नवंबर को हुआ था, जिससें उन्हें सदमा लगा। बावजूद इसके इस गहरे सदमे के बीच भी उन्होंने अपने कर्तव्य और दायित्वों को सर्वोपरि रखते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उन्होंने निर्धारित समय सीमा 4 दिसंबर से पहले एसआइआर के सभी फॉर्म 100 फीसदी भरकर जमा किए।

### जरूरतमंदों को गरम कपड़े प्रदान किये

**मन्दसौर।** रोटरी क्लब मंदसौर सेंटेलाइट द्वारा निरंतर सेवा प्रकल्प कर जरूरतमंदों के प्रति मदद के हाथ बढ़ाये जा रहे है। क्लब द्वारा महू-नीमच रोड़ स्थित गणेश मंदिर के समीप रात में ठंड में ठिठुर रहे जरूरतमंदों को गरम कपड़े प्रदान किये जिससे उन्हें ठंड में राहत मिल सके। इस दौरान क्लब अध्यक्ष निशा कुमावत ने बताया कि हर सक्षम व्यक्ति व समाजसेवी संस्था का कर्तव्य है कि वह जहां भी जरूरतमंद दिखे उन्हें हर संभव मदद प्रदान करे।

# दीक्षार्थी नेहा जैन का वरघोड़ा निकला, सांसारिक वस्तुएं लुटाई

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

रविवार को श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ मंदसौर के द्वारा दीक्षार्थी बहन श्री नेहा जैन का भव्य वरघोड़ा निकाला गया।

5 जनवरी 2026 को प.पू. गुरुदेव श्री धर्ममुनिजी म.सा. के सुशिष्य सेवाभावी संत श्री चिरागमुनिजी म.सा., सेवाभावी संत श्री चन्द्रेशमुनिजी म.सा. आदि ठाणा 2, साध्वी श्री धैर्यप्रभाजी मह.सा. के पावन सानिध्य में नवदीक्षार्थी बहन नेहा जैन की जैन भगवती दीक्षा बड़ी सादड़ी (राज.) में होने जा रही है। जैन संतों साध्वियों एवं दीक्षार्थी बहन के मंदसौर पधारने पर श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ मंदसौर के तत्वावधान में दीक्षार्थी बहन के तप त्याग की अनुमोदनार्थ दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया। रविवार को इसी उपलक्ष्य में संजय गांधी उद्यान से नव दीक्षार्थी बेरागन बहन नेहा जैन का भव्य वरघोड़ा (चल समारोह) निकाला गया। जिसमें दीक्षार्थी हिन को शाही वाहन में में विराजित कर बैण्ड बाजे के साथ चल समारोह निकाला गया। श्री जैन दिवाकर श्री चौथमलजी म.सा. छोटे जैन दिवाकर श्री धर्ममुनिजी म.सा. के जयकारे लगाते हुए स्थानकवासी जैन समाज के धर्मालुजनों ने पूरे जोश के साथ चल समारोह में सहभागिता की। दीक्षार्थी बहन ने वरघोड़ा के मार्ग में अपने हाथों से सांसारिक वस्तुवे जैसे कपड़े, पेन पेंसिल खिलौने इत्यादि लुटाये। इन वस्तुओं को प्राप्त करने के लिये सांसारिक लोगों में होड़ मची रही। दीक्षार्थी बहन का वरघोड़ा संजय गांधी उद्यान से प्रारंभ पुनः संजय गांधी उद्यान पहुंचा जहां धर्मसभा का भी आयोजन हुआ जिसमें श्री चिरागमुनिजी जी म.सा. ने दीक्षार्थी बहन के तप त्याग की अनुमोदन करते हुए मंदसौर श्रीसंघ के द्वारा आयोजित किये गये दीक्षार्थी बहन के कार्यक्रम की सराहना की।

धर्मसभा में केसर छापे की रस्म भी अदा की गई। इस अवसर पर गौतम प्रसादी कराने का धर्मलाभ रमेशचन्द्र पवन कुमार जैन एचएम परिवार, मोतीलाल बापूलाल मेहता परिवार, अभिनव लवीन तलेरा, कपिल वीरेन्द्र नाहटा परिवार ने लिया। नवकारसती के लाभार्थी आनंदीलाल कोमलसिंह दुग्गड़ परिवार, कोमलबाई शांतिलाल कुदार परिवार, गब्बाजी बालाराम पामेचा परिवार, मनीष राजेन्द्र बोहरा (रूचि टेक्सटाईल्स) परिवार रहे। वरघोड़ा के लाभार्थी अशोक बापूलाल उकावत परिवार व मेहन्दी चौबीसी की लाभार्थी हेमंत गजेन्द्र मेहता परिवार रहे। केसर छापे के लाभार्थी साहिल मनोहर नाहटा परिवार, संजय विक्रम जैन परिवार, अशोक वरदीचंद झेलावत परिवार, सुनील माणकलाल मारू परिवार, नरेन्द्र शांतिलाल नाहर परिवार रहे। इन सभी कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में स्थानकवासी जैन समाज के श्रावक श्राविकाओं ने सहभागिता की। यह उल्लेखनीय है कि दीक्षार्थी बहन नेहा जैन का जन्म पंजाब के खेड़ाकला ग्राम में हुआ है। आपकी आयु 18 वर्ष व शिक्षा हायर सेकेण्डरी स्तर तक हुई है। आपके पिता राजेन्द्रकुमार व माता सौरभ देवी है।


### खण्डन जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार आमीन एवं नईम पिता रजाकखां जाति मुसलमान निवासी 11, महात्मा गांधी मार्ग, बडनगर की भूमि सर्वे क्रं. 2387/4/1/1 रकबा 0.2366, आरे मे से रकबा 0.1927, सर्वे क्रं. 2389/1/3/1 रकबा 0.2150 मे से रकबा 0.031 आरे कुल रकबा 0.2298 आरे भूमि बजयें रजिस्टर्ड विक्रयपत्र दिनांक 21/03/2022 के माध्यम से संदीप काग पिता कालुराम निवासी बडनगर से विधिवत प्रतिफल अदा करके क्रय की है। तथा मेरे पक्षकार ने भूमि सर्वे क्रं. 2387/4/1/1/1/1 रकबा 0.0406 आरे, तथा सर्वे क्रं. 2388/1/1/1 रकबा 0.0490 आरे कुल रकबा 0.0896 आरे भूमि बजयें रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 25-3-2025 के माध्यम से संदीप काग पिता कालुराम निवासी बडनगर से विधिवत प्रतिफल अदा कर-के क्रय की है। तथा उक्त विक्रय पत्र में संदीप के पिता कालुराम सिरवी के द्वारा सहमति प्रदान की गई है। उक्त वर्णित संपत्ति के स्वत्वाधिकारी एवं आधिपत्यधारी मेरे पक्षकार है । तथा उक्त वर्णित संपत्ति से अब संदीप काग एवं उसके पिता कालुराम एवं उसके परिवार के अन्य सदस्यों का कोई भी संबंध सरोकार नहीं है। परन्तु फिर भी उक्त लोगो के मन मे बदइन्ति आ गई है और अवेध रूप से रूपया हड़पने के गरज से उक्त कालुराम के द्वारा अपने अभिभाषक राकेश जादव को असत्य जानकारी देकर एक जाहिर सूचना का प्रकाशन दिनांक 30-11-2025 को दैनिक भास्कर समाचार पत्र में करवाया है। उक्त कालुराम ने योजनाबद्ध तरीके से मेरे पक्षकार के साथ धोखाधडी करके अवैध रूपयो की वसूली के लिये उक्त जाहिर सूचना का प्रकाशन कराया है । उपरोक्त मेरे पक्षकार के मालकी आधिपत्य एंव स्वामित्व की संपत्ति को मेरे पक्षकार ने विधिवत क्रय करने का सौदा कालुराम की सहमति से संदीप काग से करके विधिवत प्रतिफल चेको के माध्यम से अदा करके विधिवत क्रय शुदा संपत्ति का आधिपत्य प्राप्त करके विक्रयपत्र अपने पक्ष में निष्पादित कराये है। मेरे पक्षकार की सपंत्ति से कालुराम व संदीप एवं उसके परिवार को लोगों का कोई संबंध सरोकार नही है। इसलिये इस खण्डन जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है एवं कालुराम को भी सूचित किया जाता है कि उक्त वर्णित मेरे पक्षकार के मालकी आधिपत्य एवं स्वामित्व की संपत्ति के संबंध में भविष्य मे कोई भी असत्य जाहिर सूचना प्रकाशित नही करावे। और कोई भी असत्य कार्यवाही मेरे पक्षकार की संपत्ति के संबंध में नही करे अन्यथा मेरे पक्षकार आप कालुराम के दायित्व पर आपके विरूद्ध फौजदारी एवं दिवानी कार्यवाही करेंगे। जिसमे लगने वाले हर्जे खर्चे एंव समस्त परिणामो के जवाबदार आप स्वयं होंगे। सूचित हो । दिनांक 01.12.2025

**शाहिद बेग, एडवोकेट,**
**शाहजलालपुरा, बडनगर जिला उज्जैन,**
**मोबाइल-98266-00267, 79994-00428**



## पान मसाला विज्ञापन विवाद पर सलमान का जवाब

### कोर्ट में बोले- मैं गुटखा नहीं, सिर्फ चांदी वाली इलायची प्रमोट करता हूं

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान ने पान मसाला वाले विज्ञापन विवाद पर कोर्ट में अपनी बात रखी। एक्टर ने कहा कि उन्होंने सिर्फ चांदी वाली इलायची का विज्ञापन किया था, गुटखा या पान मसाला का नहीं। सलमान ने कोटा कंज्यूमर कोर्ट में अपना जवाब दिया है। यह मामला उस शिकायत से जुड़ा है जिसमें सलमान पर भ्रामक विज्ञापन करने का आरोप लगाया गया था।

सुनवाई के दौरान सलमान के वकील आशीष दुबे ने कहा कि यह मामला उपभोक्ता आयोग के अधिकार में नहीं आता। उन्होंने बताया कि सलमान न तो पान मसाला बनाते हैं और न ही बेचते हैं, इसलिए उन्हें इस केस में शामिल करना ठीक नहीं है। वकील दुबे ने कहा कि सलमान खान ने सिर्फ चांदी वाली इलायची का विज्ञापन किया था, जो पान मसाला की श्रेणी में नहीं आती। इसलिए शिकायत बेबुनियाद है। वहीं, शिकायतकर्ता इंदर मोहन सिंह हनी ने सलमान के जवाब पर सवाल उठाया है। उनका कहना है कि सलमान के दस्तखत असली नहीं लगते। उन्होंने कोर्ट से सलमान की मौजूदगी और दस्तखत की जांच करवाने की मांग की है। अब इस केस की अगली सुनवाई 9 दिसंबर को होगी।

दरअसल, इंदर मोहन सिंह हनी ने सलमान के खिलाफ कोटा कंज्यूमर कोर्ट में केस दर्ज कराया है। शिकायत में कहा गया है कि सलमान ने एक माउथ फ्रेशनर ब्रांड का ऐसा विज्ञापन किया है, जो युवाओं को गुमराह कर रहा है। इंदर मोहन सिंह हनी ने कहा था, सलमान खान बहुत से लोगों के रोल मॉडल हैं। हमने उनके खिलाफ कोटा उपभोक्ता कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई है।

# शादी के दो साल बाद पापा बनेंगे रणदीप हुड्डा

### एनिवर्सरी पर फोटो शेयर कर अनाउंस की गुड न्यूज, लिखा- नन्हा मेहमान आने वाला है





एक्टर रणदीप हुड्डा और उनकी पत्नी लिन लैशराम जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं। एक्टर ने अपनी शादी की दूसरी एनिवर्सरी पर ये खुशखबरी फैंस के साथ साझा की है। रणदीप ने लिन के साथ अपनी एक फोटो शेयर की, जिसमें दोनों जंगल में क्वालिटी टाइम बिताते नजर आ रहे हैं।

फोटो के कैप्शन में उन्होंने लिखा- प्यार और एडवेंचर के दो साल और अब...एक नन्हा मेहमान आने वाला है।

इस गुड न्यूज पर एक्टर और उनकी पत्नी को इंडस्ट्री और फैंस से खूब बधाई मिल रही हैं। पोस्ट पर फैंस कॉमेंट के जरिए गुड न्यूज और एनिवर्सरी दोनों की बधाई दे रहे हैं।

रणदीप ने साल 2023 में मणिपुर की रहने वाली एक्ट्रेस लिन लैशराम से शादी की थी। दोनों की शादी इम्फाल में मैतई रीति-रिवाज से हुई थी। बता दें कि दोनों की पहली मुलाकात नसीरुद्दीन शाह के के थिएटर ग्रुप मॉटली में हुई थी। दोस्ती से शुरू हुआ ये रिश्ता प्यार में बदला और फिर लॉकडाउन के समय दोनों लिव इन में रहने लगे। साल 2022 में रणदीप ने इंस्टाग्राम के जरिए लिन के साथ अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया था। फिर एक साल के बाद दोनों शादी के बंधन में बंध गए। एक्टर की वर्क फ्रंट की बात करें तो वो इसी साल रिलीज फिल्म जाट में विलेन के तौर पर दिखे थे। इस फिल्म में हीरो सनी देओल थे। अब जल्द ही वो अमेरिकी एक्शन एडवेंचर कॉमेडी फिल्म मैचबॉक्स में दिखाई देंगे।





## पैपराजी पर फिर भड़कीं जया बच्चन

### एक्ट्रेस से उनके स्टाफ ने कहा था- मैडम, आप सोशल नेटवर्क पर सबसे ज्यादा नफरत की जाने वाली इंसान हैं

एक्ट्रेस और राज्यसभा सांसद जया बच्चन ने पैपराजी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि उनका मीडिया से अच्छा रिश्ता है, लेकिन पैपराजी से जीरो है। बरखा दत्त को दिए इंटरव्यू में जब जया से सवाल पूछा गया कि आपका मीडिया से कैसा रिश्ता है? तो इस पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा, मेरा मीडिया के साथ रिश्ता बहुत अच्छा है। यह सच है कि मैं खुद मीडिया की ही देन हूं, लेकिन मेरा पैपराजी से कोई रिश्ता नहीं है, वह जीरो है। ये लोग कौन हैं? क्या ये इस देश के लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं? आप इन्हें मीडिया कहते हैं?

जया बच्चन ने आगे कहा, मैं तो खुद मीडिया से हूं। मेरे पिताजी पत्रकार थे। मुझे असली पत्रकारों के लिए बहुत सम्मान है, लेकिन जो लोग बाहर कैमरा लेकर घूमते हैं, गंदे तंग कपड़े पहनकर, मोबाइल फोन हाथ में लेकर किसी की भी तस्वीर खींच लेते हैं, वे मीडिया नहीं हैं। उन्हें लगता है कि मोबाइल फोन होने से वे कुछ भी बोल सकते हैं। ये लोग हैं कौन? इनकी पढ़ाई क्या है, बैकग्राउंड क्या है? इंटरव्यू के दौरान जया बच्चन ने सोशल मीडिया को लेकर भी राय दी। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं किसी भी सोशल नेटवर्क साइट्स पर नहीं हूं। एक बार मेरे स्टाफ ने कहा था कि मैडम, मैं किसी भी सोशल नेटवर्क साइट पर कुछ नहीं देखती, क्योंकि आप सोशल नेटवर्क पर सबसे ज्यादा नफरत की जाने वाली इंसान हैं। जिस पर जया ने स्टाफ से कहा था कि मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।

### फिल्मों में आने पर मां बोलीं-

# हमारी इज्जत तुम्हारे हाथ

### सलमान को पसंद नहीं करती थीं सोनाली बेंद्रे को एक गाने ने बनाया सुपरस्टार





सोनाली बेंद्रे की मुस्कान आज भी उतनी ही ताजी और प्यारी है जितनी 90 के दशक में थी। एक मिडिल-क्लास महाराष्ट्रीयन घर से आने वाली बेटी ने अपने दिल में हमेशा फिल्मों में काम करने का एक ख्वाब संजोया था। उन्होंने अपने पिता से कहा था, बस तीन साल का मौका दो, नहीं तो मैं पढ़ाई पूरी करके आईएएस की तैयारी करूंगी। वह तीन साल नहीं बल्कि अपनी पूरी जिंदगी इस सपने के लिए समर्पित कर गईं। बिना किसी गॉडफादर के, सिर्फ अपने आत्मविश्वास और मेहनत के सहारे सोनाली ने मॉडलिंग से शुरूआत की और फिर फिल्मों की दुनिया में अपनी जगह बनाई।

सोनाली के लिए संघर्ष कभी आसान नहीं था। लुक के लिए मिले तानों या असफल फिल्मों ने उनके हौसले को कम नहीं किया। बल्कि हर चुनौती ने उनके इरादों को और मजबूत किया। हम्मा हम्मा के आइटम डांस ने उन्हें रातोंरात मशहूर कर दिया, लेकिन वह हमेशा अपनी मेहनत और लगन से आगे बढ़ती रहीं। उन्होंने अपने सपनों को जिया और साबित किया कि किस्मत से ज्यादा आत्मविश्वास और मेहनत जरूरी है । फिल्मों के अलावा जब जिंदगी ने सबसे बड़ा संघर्ष कैंसर की बीमारी दिया, तब भी सोनाली ने हार नहीं मानी। मुश्किल दौर में भी उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी और अपनी जिंदगी की सबसे बड़ी लड़ाई जीती। उनके साथ खड़े रहे सलमान खान जैसे दोस्त और परिवार ने उन्हें नई ताकत दी।

**एक्टिंग में करियर बनाने के लिए सिर्फ तीन साल का समय मिला-** अपने करियर के शुरूआती दिनों को याद करते हुए सोनाली कहती हैं- मैं एक मिडिल-क्लास महाराष्ट्रीयन परिवार से आती हूं। हमारे घर में कभी किसी ने नहीं सोचा था कि मैं फिल्मों में काम करूंगी। ये सब एक तरह से किस्मत की बात थी। जब पीछे मुड़कर देखती हूं, तो खुद को भी यकीन नहीं होता कि ये सब कैसे हुआ?

मैंने अपने पापा से कहा था कि मुझे बस तीन साल का समय दो, अगर कुछ नहीं हुआ तो मैं पढ़ाई पूरी करके आईएएस की परीक्षा दूंगी। उन्होंने मुझे इजाजत दी और जब मैंने शुरूआत की, तो फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। अब इतने साल बीत चुके हैं, लगता है जैसे वो वक्त किसी और दुनिया का था।

**लोग भूल गए तो समझो पहचान खत्म-** सोनाली बेंद्रे ने मुंबई के रामनारायण लोहिया कॉलेज से अपनी पढ़ाई की है। कॉलेज के दिनों में वे पढ़ाई में अच्छी थीं और हमेशा एक्टिविटी में हिस्सा लेती थीं। आत्मविश्वास ने ही उन्हें मॉडलिंग की ओर बढ़ाया। बिना किसी गॉडफादर के उन्होंने विज्ञापनों से शुरूआत की। उनका निरमा का विज्ञापन खूब लोकप्रिय हुआ। आज भी लोगों की जुबान पर वह विज्ञापन है। सोनाली कहती हैं- वह कॉमर्शियल मेरे करियर का टर्निंग पॉइंट था। एक एक्टर के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि लोग उसे याद रखें। अगर दर्शक आपको भूल जाएं तो फिर सब खत्म हो जाता है। हम कैमरे के सामने इसलिए काम करते हैं ताकि फैंस हमें पहचानें। जब तक हम लोगों के दिलों में जिंदा रहते हैं, तभी तक हमारी जिंदगी एक एक्टर के रूप में मायने रखती है। अगर लोग हमें भूल जाएं, तो समझो कि हमारी पहचान खत्म हो गई।

**लुक पर ताने, मेहनत से बदली तकदीर-** सोनाली को पहली फिल्म सोहेल खान के प्रोडक्शन में 'राम' ऑफर हुई थी, लेकिन किन्हीं कारणों से ये फिल्म बन नहीं पाई। इसके बाद साल 1994 में सोनाली ने फिल्म 'आग' से डेब्यू किया। इस फिल्म में उनके साथ गोविंदा नजर आए थे। यह फिल्म नहीं चली। उस दौरान कई प्रोड्यूसर्स ने उनके लुक के कारण ताने भी दिए, लेकिन सोनाली ने उस स्थिति को बहुत हार्ड वर्क और आत्मविश्वास के साथ संभाला। उन्होंने अपने आप पर भरोसा बनाए रखा और अपने टैलेंट से प्रूव किया कि सिर्फ लुक से ही लोगों का आकलन सही नहीं होता। उन्होंने यह समझा कि संघर्ष हर करियर का हिस्सा होता है, इसलिए उन्होंने निराश होकर पीछे हटने के बजाय अपनी काबिलियत पर फोकस किया, जिससे वह सफल हो सकीं। 'आग' के बाद सोनाली, मिथुन चक्रवर्ती के साथ नाराज, द डॉन, और सुनील शेट्टी के साथ गद्दार और हथटक्कर जैसी फिल्मों में नजर आईं। हालांकि ये फिल्में कुछ खास सफल नहीं रहीं, लेकिन फिल्म टक्कर का गाना आंखों में बसे हो तुम को लोगों ने खूब पसंद किया। जब यह फिल्म रिलीज हुई थी तब दर्शक थिएटर में इस गाने में सोनाली को देखने के लिए जाते थे और गाना खत्म होते ही थिएटर से बाहर आ जाते थे। सोनाली कहती हैं- काश, मुझे तब पता होता कि लोग मुझे इतना पसंद करते हैं, तो मैं अपना रेट बढ़ा देती।

**आइटम डांस हम्मा-हम्मा से हुईं मशहूर-** सोनाली 1995 में मणिरत्नम की फिल्म 'बॉम्बे के गाने हम्मा हम्मा में नजर आईं थीं। इस गाने को ए. आर रहमान ने गाया था। इस गाने में अपने डांस मूव्स के कारण सोनाली चर्चा में आ गईं, दर्शक उनके दीवाने हो गए। सोनाली के करियर के लिए यह गाना स्पेशल साबित हुआ। सोनाली कहती हैं- मैं बहुत डरी हुई थी, क्योंकि मैं प्रोफेशनल डांसर नहीं हूं। मेरे साथ प्रभु देवा के भाई थे और प्रभु देवा खुद कोरियोग्राफ कर रहे थे। उनके पिता भी सेट पर मौजूद थे, तो दबाव ज्यादा था। गाना एक टेक में शूट हुआ था, इसलिए मुश्किल था, लेकिन अंत में बहुत अच्छा बना। हम्मा हम्मा गाने से मशहूर होने के बाद सोनाली 1996 में फिल्म 'दिलजले' में नजर आईं। इस फिल्म में सोनाली के साथ अजय देवगन थे। फिल्म में सोनाली के अभिनय को खूब पसंद किया गया। सोनाली की फिल्मों में एक ताजगी और खुशी दिखती थी। उनके लुक, स्माइल और गानों को खूब पसंद किया गया।

सोनाली कहती हैं- 'यह सब किस्मत थी। मैं बहुत खुशकिस्मत रही कि मुझे अच्छे गाने और रोल मिले। मुझे अपने गाने बहुत अच्छे लगे।' सोनाली ने महेश भट्ट की फिल्म जख्म में अजय देवगन की पत्नी सोनिया माहेश्वरी देसाई का किरदार निभाया था। सोनाली कहती हैं- 'आज भी मुझे 'जख्म' का गाना हम यहां, तुम यहां बहुत प्यारा लगता है।'

### रांची वनडे में भारत ने साउथ अफ्रीका को 17 रन से हराया

# रांची में रोहित-कोहली के नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड

## हिटमैन सबसे ज्यादा वनडे सिक्स लगाने वाले खिलाड़ी, विराट ने 52वां शतक लगाया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची**

रांची वनडे में भारत ने साउथ अफ्रीका को 17 रन से हरा दिया। मुकाबले में भारत के 2 दिग्गज बैटर रोहित शर्मा और विराट कोहली ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। रोहित सबसे ज्यादा वनडे सिक्स लगाने वाले खिलाड़ी बने, वहीं कोहली किसी एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले प्लेयर बन गए।



- **रोहित ने तोड़ा शाहिद अफरीदी का रिकॉर्ड-** 20वें ओवर में रोहित शर्मा ने मार्को यानसन की गेंद पर शानदार छक्का जड़ा, और इसी शॉट के साथ वे वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। रोहित ने पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी के 351 छक्कों के वर्ल्ड रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया कीर्तिमान बना दिया।
- **कोहली एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले बैटर-** विराट कोहली अब एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने वनडे क्रिकेट में 52वां शतक पूरा किया, जो इस फॉर्मेट का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। उनके बाद टेस्ट क्रिकेट में 51 शतकों के साथ सचिन तेंदुलकर दूसरे स्थान पर आते हैं। वहीं टी-20 इंटरनेशनल में 5 शतकों के साथ रोहित शर्मा सबसे छोटे फॉर्मेट में टॉप पर हैं।
- **रोहित-विराट सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली भारतीय जोड़ी-** रोहित शर्मा और विराट कोहली अब एक साथ भारत के लिए सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाली जोड़ी बन गई। दोनों ने साथ में 392वां मैच खेला। दुनिया की सबसे सफल जोड़ियों की बात करें तो रिकॉर्ड में सबसे ऊपर श्रीलंका के महेला जयवर्धने और कुमार संगकारा हैं, जिन्होंने साथ में 550 मैच खेले। भारतीय जोड़ियों में रोहित-विराट के बाद सचिन तेंदुलकर-राहुल द्रविड़ की जोड़ी आती है, जिन्होंने 391 मैच एक साथ खेले।
- **कोहली-रोहित ने 52वीं बार 50+ पार्टनरशिप की-** रोहित शर्मा और विराट कोहली ने वनडे में अपनी 52वीं 50+ पार्टनरशिप पूरी की। रिकार्ड्स में सबसे ऊपर सौरव गांगुली और सचिन तेंदुलकर की जोड़ी है, जिन्होंने 83 बार पचास से ज्यादा की साझेदारी बनाई है। उनके बाद सचिन-द्रविड़ की जोड़ी 74 बार, जबकि गंभीर-सहवाग की जोड़ी 53 बार यह कारनामा कर चुकी है।
- **कोहली ने रअ के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाए-** विराट कोहली अब साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। कोहली ने सिर्फ 30 मैचों में ही 6 शतक ठोक दिए। उनके बाद डेविड वॉर्नर का नंबर आता है, जिन्होंने 30 मैचों में 5 शतक लगाए हैं।
- **कोहली-रोहित ने 20वीं बार वनडे में सेंचुरी साझेदारी की-** रोहित शर्मा और विराट कोहली ने वनडे में अपनी 20वीं सेंचुरी पार्टनरशिप पूरी कर ली। सबसे ऊपर अब भी सौरव गांगुली और सचिन तेंदुलकर की जोड़ी है, जिन्होंने रिकॉर्ड 26 बार 100 से ज्यादा की साझेदारी की है। रोहित और कोहली के लिए यह लगातार दूसरी सेंचुरी पार्टनरशिप भी रही। इससे पहले दोनों ने सिडनी में नाबाद 168 रन जोड़े थे।
- **रोहित ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 हजार रन पूरे किए-** रोहित शर्मा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2000 इंटरनेशनल रन पूरे कर लिए हैं। रोहित ने अब तक 56 मैच में 63 पारियों में खेलते हुए 2030 रन बनाए हैं। उनका हाईएस्ट स्कोर 212 है और औसत 33.83 रहा है। रोहित ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 7 शतक और 5 अर्धशतक भी लगाए हैं। पहले नंबर पर सचिन तेंदुलकर हैं, जिनके नाम 3752 रन हैं।
- **कोहली ने रांची में तीसरा शतक लगाया-** विराट कोहली ने रांची में अपना तीसरा वनडे शतक लगा दिया। इसके लिए उन्हें सिर्फ 5 पारियां लगीं। इस नई उपलब्धि के साथ कोहली भारत में किसी एक ही वेन्यू पर सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उनके बाद सचिन तेंदुलकर का नंबर आता है, जिन्होंने वडोदरा में 7 पारियों में 3 शतक लगाए थे।
- **रांची में भारत ने हाईएस्ट टोटल बनाया-** भारत ने रांची का सबसे बड़ा वनडे स्कोर बना दिया। टीम इंडिया ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 349/8 का बड़ा स्कोर खड़ा किया, जो इस मैदान पर अब तक का सबसे बड़ा टोटल है। इससे पहले रांची में सबसे ज्यादा रन ऑस्ट्रेलिया ने बनाए थे। टीम ने 2019 में 313/5 का स्कोर बनाया था। भारत का यह 349/8 का स्कोर साउथ अफ्रीका के खिलाफ ओवरऑल दूसरा सबसे बड़ा टोटल भी है। इससे पहले भारत ने 2010 में ग्वालियर में 401 रन बनाए थे। उसी मैच में सचिन तेंदुलकर ने मेंस क्रिकेट का पहला दोहरा शतक जड़ा था।
- **भारत लगातार 19वां टॉस हारा-** भारत लगातार 19 वनडे मैचों में टॉस हार चुका है। यह सिलसिला 2023 वर्ल्ड कप फाइनल (अहमदाबाद) से शुरू हुआ था और अब तक जारी है। दूसरी ओर, वनडे में सबसे खराब अगला टॉस हारने का सिलसिला नीदरलैंड के नाम रहा है, जिसने मार्च 2011 से अगस्त 2013 के बीच 11 बार लगातार टॉस गंवाए थे।

## विमेंस प्रीमियर लीग की शुरूआत 9 जनवरी से होगी




**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**

विमेंस प्रीमियर लीग के चौथे सीजन की शुरूआत 9 जनवरी से होगी। फाइनल 5 फरवरी को खेला जाएगा। बीसीसीआई ने शनिवार को लीग का शेड्यूल जारी किया। इस बार दो डबल हेडर मैच होंगे, दोनों शनिवार को खेले जाएंगे। लीग का फाइनल पहली बार शनिवार या रविवार को नहीं खेला जाएगा, बल्कि सोमवार को खेला जाएगा।

28 दिनों तक खेली जाने वाली लीग के मुकाबले दो शहरों (नवी मुंबई और वडोदरा) में होंगे। शुरूआती 11 मैच नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले जाएंगे। दोनों डबल हेडर भी यहीं होंगे। बाकी 11 मैच वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेले जाएंगे। 3 फरवरी का एलिमिनेटर और 5 फरवरी का फाइनल इन्हीं 11 मैचों में शामिल है।

जनवरी में क्यों हो रहा डब्ल्यूपीएल अभी तक विमेंस प्रीमियर लीग के तीनों सीजन मार्च में खेले गए हैं। पहली बार टूर्नामेंट जनवरी में कराया जाएगा। इसके पीछे दो मुख्य वजह हैं- मेंस का टी-20 वर्ल्ड कप फरवरी के पहले हफ्ते से भारत और श्रीलंका में शुरू हो रहा है, जो एक महीने चलेगा।

जनवरी को डब्ल्यूपीएल की स्थायी विंडो माना जा रहा है, ताकि लीग की तारीखें किसी अन्य टी-20 लीग या आईसीसी के फ्यूचर टूर प्रोग्राम से न टकराएं। पिछले सीजन की चैंपियन मुंबई इंडियंस है डब्ल्यूपीएल को सबसे ज्यादा 2 बार मुंबई इंडियंस ने जीता है। टीम ने 2023 के पहले और 2025 के तीसरे सीजन में जीत हासिल की थी। 2024 के दूसरे सीजन को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जीता था।

# विराट-रोहित के फ्यूचर पर बीसीसीआई ने मीटिंग बुलाई

## 2027 वर्ल्ड कप तक का फिटनेस प्लान मांगेंगे



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

विराट कोहली और रोहित शर्मा के फ्यूचर को लेकर बीसीसीआई ने 6 दिसंबर के बाद मीटिंग बुलाई है। इसमें कोच गौतम गंभीर और चीफ सिलेक्टर अजित आगरकर भी मौजूद रहेंगे।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक एक बोर्ड अधिकारी ने बताया कि 2027 वनडे वर्ल्ड कप में रोहित-विराट की भूमिका और टीम की रणनीति स्पष्ट करने के लिए यह मीटिंग होगी।

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला 6 दिसंबर को विशाखापट्टनम में खेला जाएगा। इसके बाद यह मीटिंग या तो विशाखापट्टनम में ही होगी या फिर अहमदाबाद में होगी।

दोनों सीनियर बल्लेबाजों से फिटनेस और फॉर्म बनाए रखने का प्लान मांगा जा सकता है। बोर्ड दोनों को ज्यादा से ज्यादा घरेलू क्रिकेट खेलने की सलाह भी दे सकता है।

रोहित शर्मा और विराट कोहली टेस्ट और टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं और अब केवल वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं।

**रोहित को बयान देने से मना किया-** बोर्ड के एक सूत्र ने बताया, रोहित और विराट जैसे लेवल के खिलाड़ियों को इस बारे में साफ पता होना चाहिए कि उनसे भविष्य में क्या उम्मीद की जा रही है। जबकि मौजूद टीम मैनेजमेंट उनसे क्या चाहता है, क्योंकि वो अनिश्चितता के साथ टीम इंडिया के लिए क्रिकेट नहीं खेल सकते हैं। जबकि बोर्ड ने रोहित को अपनी फिटनेस और परफॉर्मेंस पर फोकस करने के लिए कहा है। इसके अलावा फ्यूचर को लेकर बयान देने से भी मना किया है। रोहित अग्रेसिव क्रिकेट जारी रखें सूत्र ने कहा, टीम चाहती है कि रोहित आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की तरह ही अपने अग्रेसिव अंदाज के साथ बैटिंग करते रहेंगे। उम्मीद है कि वह टॉप ऑर्डर में एक निडर बैट्समैन के रूप में खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया में हालात मुश्किल थे लेकिन ऐसा लग रहा था कि वह रिस्क लेने से बच रहे हैं। दोनों से बैटिंग को लीड करने की उम्मीद है ताकि यंग बैट्समैन के लिए काम आसान हो सके।

## आरसीबी के पूर्व-कप्तान ने पाकिस्तानी लीग के लिए आईपीएल छोड़ा




**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

आरसीबी के कप्तान रहे साउथ अफ्रीकी प्लेयर फाफ डु-प्लेसिस ने पाकिस्तान सुपर लीग खेलने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग के 2026 सीजन से किनारा कर दिया है। उन्होंने पोस्ट के जरिए बताया कि वह 16 दिसंबर को अबुधाबी में होने वाले मिनी ऑक्शन में हिस्सा नहीं लेंगे।

41 साल के फाफ ने लिखा- भारत हमेशा मेरे दिल में खास जगह रखेगा। यह अलविदा बिल्कुल नहीं है, आप मुझे फिर देखेंगे। इस साल मैंने एक नया चैलेंज लेने का फैसला किया है। मैं आने वाले आईपीएल सीजन में खेलूंगा।

डु प्लेसिस पिछले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहे हैं। उन्हें दिल्ली ने 15 नवंबर को जारी रिटेंशन लिस्ट में रिलीज कर दिया था। डु-प्लेसिस ने 2022 से 2024 तक 3 सीजन में आरसीबी की कप्तानी की थी। फ्रेंचाइजी ने उन्हें मेगा ऑक्शन से पहले रिलीज कर दिया था। आईपीएल में 14 सीजन खेलने के बाद मैंने इस साल अपना नाम ऑक्शन में नहीं देने का फैसला किया है। यह एक बड़ा फैसला है। जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो दिल में बहुत आभार आता है। यह लीग मेरी क्रिकेट यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल
(इंग्लिश मिडियम )के लिए।
शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश
मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को
प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति
कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे
अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से
8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक /
शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता
ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता
है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit
में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी,
खरगोश पालन, दूध डेरी,
सब्जी की खेती, आश्रम के
लिए अति उत्तम। इंदौर से
मात्र 110km, उज्जैन-आगर
रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस
लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5
(सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो
शोरुम, HDFC बैंक के सामने,
आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT:
8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका,
जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20
बाय 40 या 20 बाय 50 मकान
प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए
मकान के आगे थोड़ा रोड फोर
विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान
प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट
मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999
3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547


अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय
दोप. 12:30 से
शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने
वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल
के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर
की ओर पौने चार बीघा भूमि
का विक्रय करना है एवं ग्राम
चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़
सिक्स लैन पर साढ़े तीन
बीघा भूमि का विक्रय करना
है। भूमि क्रय करने के इच्छुक
व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं-
7999080798, 7999512383,
7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र
बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास,
मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के.
फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर
फीट निर्माण
3BHK+2 कार
पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2
लेटबाथ, 1 किचन, एक और
फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन,
(न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल:
9425056656
9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग
भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की
आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### एफ 26 में 7.6% जीडीपी वृद्धि का अनुमान

# एमएसएमई क्रेडिट छह लाख करोड़ छूने को तैयार




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार घरेलू मांग और उद्योगों के बेहतर प्रदर्शन के चलते पूरे वित्त वर्ष 2026 में आर्थिक वृद्धि 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। विनिर्माण और सेवाओं में लगातार हो रही सुधार ने जीडीपी को मजबूत आधार दिया है। मौजूदा रुझानों को देखते हुए, वित्त वर्ष 26 में एमएसएमई ऋण में 6.4 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि देखी जा सकती है।

भारत की अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है, जो पिछले छह तिमाहियों में सबसे अधिक है। एसबीआई रिसर्च की ताजा इकोरैप रिपोर्ट के अनुसार, यह उछाल मुख्य रूप से विनिर्माण, निर्माण और सर्विस सेक्टर के दम पर आया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू मांग और उद्योगों के बेहतर प्रदर्शन के चलते पूरे वित्त वर्ष 2026 में आर्थिक वृद्धि 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। विनिर्माण और सेवाओं में लगातार हो रही सुधार ने जीडीपी को मजबूत आधार दिया है। एसबीआई रिसर्च के मुताबिक, देश की सकल नाममात्र जीडीपी वित्त वर्ष 2026 के अंत तक लगभग 4.1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की राह पर है। यह भारत की आर्थिक प्रगति में एक और अहम पड़ाव साबित होगा। रिपोर्ट में कहा गया है पहली छमाही में वास्तविक जीडीपी 8.0 प्रतिशत बढ़ी है। अगर तीसरी तिमाही में 7.5-7.7% और चौथी तिमाही में लगभग 7% की वृद्धि होती है, तो पूरे वित्त वर्ष की वृद्धि लगभग 7.6% रहने की संभावना है। दूसरी तिमाही में नाममात्र जीडीपी में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह एक वर्ष पहले दर्ज की गई 8.3 प्रतिशत की वृद्धि से अधिक है।

# आधार में घर बैठे मोबाइल नंबर बदल सकेंगे

## एप पर ओटीपी और फेस ऑथेंटिकेशन से अपडेट होगा, किसी डॉक्यूमेंट की जरूरत नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

जल्द ही आप घर बैठे आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदल सकेंगे। आधार को रेगुलेट करने वाली संस्था यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने नई डिजिटल सर्विस की घोषणा की है।

इसके जरिए यूजर्स आधार एप पर ओटीपी वेरिफिकेशन और फेस ऑथेंटिकेशन से अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर पाएंगे। इस सर्विस से दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोग और सीनियर सिटिजन को आसानी होगी।

### नई सर्विस कैसे काम करेगी?

यूआइडीएआई के मुताबिक मोबाइल नंबर अपडेट करने की प्रोसेस काफी सिंपल रखा गया है। इसके लिए कोई डॉक्यूमेंट या फिजिकल विजिट की जरूरत नहीं है। पूरी प्रोसेस कुछ मिनटों में हो जाएगी।

- सबसे पहले यूजर्स को आधार एप डाउनलोड करना होगा।
- यहां यूजर्स को अपना आधार नंबर और नया मोबाइल नंबर डालना होगा।
- ओटीपी वेरिफिकेशन होगा, जो पुराने या नए नंबर पर भेजा जाएगा।
- इसके बाद स्मार्टफोन कैमरे से फेस ऑथेंटिकेशन पूरा करना होगा।

### आधार मोबाइल अपडेट क्यों जरूरी है?

आधार कार्ड देश की सबसे बड़ी आइडेंटिटी सर्विस है, जिसमें 130 करोड़ से ज्यादा लोगों का डेटा जुड़ा हुआ है। मोबाइल नंबर इसका सबसे अहम हिस्सा है, क्योंकि इसी से ओटीपी के जरिए बैंक अकाउंट, सरकारी सब्सिडी, इनकम टैक्स वेरिफिकेशन और डिजिटल सर्विसेज जैसे डिजीलॉकर तक एक्सेस मिलता है। अगर नंबर पुराना हो जाए या खो जाए तो कई समस्याएं हो सकती हैं। अभी तक इसे अपडेट करने के लिए एनरोलमेंट सेंटर जाना पड़ता था, जहां बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन और लंबी कतारों का झंझट होता है। लेकिन अब यूआइडीएआई डिजिटल तरीके से इसे आसान बनाने जा रहा है।




### आधार के नए एप के फीचर्स

- फोन में आधार कैरी करें: ई-आधार हमेशा साथ रहेगा, पेपर कॉपी की जरूरत नहीं होगी।
- फेस स्कैन शेयरिंग: कऊशेयर करने के लिए फेस स्कैन करना होगा, पिन-ओटीपी की तरह सेफ।
- सिक्योर लॉगिन: बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन से एप ओपन होगा।
- मल्टी लैंग्वेज सपोर्ट: हिंदी, इंग्लिश सहित कई भाषाओं में अवेलेबल।
- ऑफलाइन यूज: इंटरनेट नहीं होने पर भी आधार देख सकेंगे।
- वर्चुअल आईडी जेनरेट या कुछ अपडेट्स के लिए यूआइडीएआई पोर्टल या एम आधार ही बेहतर।
- नया एप प्राइवेसी-फर्स्ट है, जहां सिलेक्टिव डिस्क्लोजर से सिर्फ जरूरी इंफो शेयर होती है।
- नए एप से यूजर्स को क्या फायदा मिलेगा?
- होटल चेक-इन, सिम एक्टिवेशन या बैंक ङ उ तेज होगी।
- फैमिली मैनेजमेंट आसान, एक फोन पर सबके डिटेल्स।
- सिलेक्टिव शेयरिंग से पर्सनल डेटा एक्सपोज नहीं होगा।

### पुराना आधार एप पहले से था, फिर नया क्यों लाया गया?

पुराना एम आधार और नया आधार एप का मकसद आधार को डिजिटल तरीके से यूज करना है, लेकिन फोकस अलग-अलग है...

- पीडीएफ डाउनलोड या पीवीसी कार्ड के लिए अभी भी एम आधार यूज करें।

### 2009 में शुरू हुआ था आधार

आधार 2009 में शुरू हुआ था। अब 1.3 अरब यानी 130 करोड़ से ज्यादा लोगों के पास आधार हैं। पहले पेपर कार्ड था, फिर एम आधार एप आया। अब डिजिटल इंडिया के तहत फुली डिजिटल एप लाया गया है। सरकार की कोशिश है कि हर सर्विस ऑनलाइन हो जाए।

### यूआइडीएआई ने पिछले महीने आधार एप लॉन्च किया था

एक महीने पहले यूआइडीएआई ने आधार कार्ड का नया मोबाइल एप लॉन्च किया था। इसमें यूजर एक ही फोन में 5 लोगों के आधार रख सकते हैं। इसमें आधार की सिर्फ वही जानकारी शेयर करने का ऑप्शन है, जो जरूरी होते हैं। इस ऐप में आप यूपीआई में जिस तरह स्कैन कर पेमेंट करते है, उसी तरह आधार डिटेल्स शेयर कर सकते हैं। एप को ज्यादा सिक्योर बनाने के लिए इसमें फेस ऑथेंटिकेशन जैसे फीचर्स जोड़े गए हैं।

### बॉन्ड बाजार में

# छोटी कंपनियों को भी मिले पहुंच



## नागेश्वरन ने बड़ी कंपनियों के एकाधिकार पर जताई चिंता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

नागेश्वरन ने एक कार्यक्रम में कहा कि बॉन्ड बाजार और बैंक फंडिंग का डबल-इंजन भारत जैसी बढ़ती अर्थव्यवस्था को आगे चलकर आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करने में मदद करेगा।

बॉन्ड बाजार में बड़ी और अच्छी रेटिंग वाली कंपनियों के एकाधिकार पर सरकार ने चिंता जताई है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा, मध्यम आकार की कंपनियों को व्यवस्थित और सस्ते तरीके से बाजार तक पहुंचने में सक्षम बनाने की जरूरत है। साथ ही, बाजार में तरलता भी बढ़ाने की आवश्यकता है। निवेशकों को परिपक्वता तक बॉन्ड रखने की प्रवृत्ति को छोड़नी होगी। नागेश्वरन ने एक कार्यक्रम में कहा, बॉन्ड बाजार और बैंक फंडिंग का डबल-इंजन भारत जैसी बढ़ती अर्थव्यवस्था को आगे चलकर आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करने में मदद करेगा। आर्थिक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की मांगों के बीच घरेलू धन को भारतीय ऋण बाजारों में फंडिंग का संचालन करना चाहिए और विदेशी प्रवाह को इसका पूरक होना चाहिए। सीईए ने कहा, बड़ी और उच्च रेटिंग वाली कंपनियां आसानी से पूंजी जुटा लेती हैं। आगे का काम मध्यम आकार की कंपनियों, बुनियादी ढांचा विशेष प्रयोजन कंपनियों (एसपीवी) और आपूर्ति श्रृंखला फर्मों को व्यवस्थित और सस्ते तरीके से बाजारों तक पहुंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा, बैंक कार्यशील पूंजी, संबंध आधारित ऋण और प्रारंभिक चरण की परियोजनाओं के लिए वित्त प्रदान करेंगे।

### भारत में पर्यटन को बढ़ावा, 20% से ज्यादा तेजी की उम्मीद

# 50 नए पर्यटन स्थलों को मिला खास दर्जा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भरोसा जताया कि भारत में पर्यटन उद्योग आने वाले वर्षों में 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, मजबूत होता बुनियादी ढांचा और बढ़ता मध्यम वर्ग पर्यटन को नई दिशा दे रहे हैं।

देश में पर्यटन क्षेत्र तेज रफ्तार पकड़ने की ओर है। केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भरोसा जताया कि भारत में पर्यटन उद्योग आने वाले वर्षों में 20 प्रतिशत से ज्यादा की वार्षिक कंपाउंड ग्रोथ रेट दर्ज कर सकता है।

**इन कारणों ने पर्यटन को दी नई दिशा-** एफआईसीसीआई की 98वीं एजीएम के दौरान मंत्री ने बताया कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, मजबूत होता बुनियादी ढांचा और बढ़ता मध्यम वर्ग पर्यटन को नई दिशा दे रहे हैं। साथ ही व्यक्तिगत आय पर 12 लाख रुपये तक की कर छूट ने भी घरेलू पर्यटन को बढ़ावा दिया है।

**राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करने के लिए पूरे देश को दी बधाई** - उन्होंने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के अधिकार प्राप्त करने के लिए अहमदाबाद और पूरे देश के लोगों को बधाई दी। मंत्री शेखावत ने कहा कि मेरा मानना है कि इस बड़े आयोजन से भारत की पर्यटन क्षमता 2030 तक और उसके बाद भी बढ़ेगी। इससे कई गुना प्रभाव पड़ेगा।



**पर्यटन में व्यक्तिगत पहल जैसी कोई चीन नहीं होती-** यह पूछे जाने पर कि भारत को वैश्विक पर्यटन केंद्र बनाने के लिए सरकार ने क्या विशेष पहल की है, मंत्री ने कहा कि पर्यटन में व्यक्तिगत पहल जैसी कोई चीज नहीं होती, बल्कि यह सामूहिक प्रयास होता है। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी पहलों से अंततः आम जनता को लाभ होता है, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है और लोगों की खर्च करने योग्य आय बढ़ती है। ये सभी कारक हमारे पर्यटन क्षेत्र के लिए एक बूस्टर खुराक का काम करते हैं।

### 50 पर्यटन स्थलों को मिला इंफ्रास्ट्रक्चर स्टेटस

- इस अवसर पर मंत्री ने यह भी बताया कि 50 पर्यटन स्थलों को इंफ्रास्ट्रक्चर स्टेटस दिया गया है, और इसके अलावा देश के वे सभी गंतव्य जिनकी आबादी 10 लाख से कम है, वे भी इस श्रेणी में शामिल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि देश में 30-40 ऐसे शहर ही हैं, जिनकी आबादी 10 लाख से अधिक है, यानी व्यावहारिक रूप से पूरा देश इंफ्रास्ट्रक्चर स्टेटस के दायरे में आ गया है।
- मंत्री शेखावत ने कहा कि भारत को आतिथ्य मॉडलों की पुनर्कल्पना, नवोन्मेषी अनुभवात्मक पर्यटन उत्पादों के विकास, विश्व स्तर पर मानकीकृत सेवा उत्कृष्टता स्थापित करने और मजबूत सामुदायिक संबंध बनाने के लिए साहसिक निजी निवेश की आवश्यकता है। सरकार ने एक अनुकूल वातावरण तैयार किया है, अब उद्योग जगत की बारी है कि वह नेतृत्व करते हुए भारत के पर्यटन ब्रांड को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाए।

### एयरबस ने बताई परेशानी की वजह

# भारत में करीब 250 विमानों के सॉफ्टवेयर बदलने होंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

विमानन कंपनी एयरबस के बेड़े में शामिल लगभग 250 ए320 श्रेणी के विमानों में जरूरी बदलाव करने होंगे। कंपनी के सूत्रों ने बताया है कि भारत में इस्तेमाल किए जा रहे इन विमानों का संचालन कुछ समय के लिए रोकना भी पड़ सकता है। जानिए क्या है पूरा मामला

भारत में लगभग 200-250 विमानों में गंभीर परेशानी होने की आशंका है। एयरबस कंपनी के इन विमानों में सॉफ्टवेयर बदलने होंगे। कंपनी के सूत्रों ने बताया कि तीव्र सौर विकिरण के कारण महत्वपूर्ण डाटा प्रभावित हो सकता है। कंपनी के मुताबिक ये डाटा उड़ान नियंत्रण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में भारतीय एयरलाइनों को तीव्र सौर विकिरण से जुड़ी इस समस्या को ठीक करने के लिए सॉफ्टवेयर में जरूरी बदलाव कराने होंगे। जारी बयान के मुताबिक एयरबस ने कहा, ए320 श्रेणी के अनेक विमानों का डाटा प्रभावित हो सकता है। इस समस्या के समाधान के लिए सॉफ्टवेयर में जरूरी बदलाव किया जाना जरूरी है। इस प्रक्रिया को पूरा करते समय ए320 विमानों के परिचालन में व्यवधान आ सकता है। समाचार एजेंसी पीटीआई पर एयरबस सूत्रों के हवाले से जारी रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय विमानन कंपनियों के पास लगभग 200-250 ए320 श्रेणी के एयरबस विमान मौजूद हैं। इन विमानों में समस्या को ठीक करने के लिए सॉफ्टवेयर में बदलाव की जरूरत है। सूत्र ने कहा, 'संबंधित विमानों में सॉफ्टवेयर परिवर्तन के कारण कुछ समय के लिए विमानों का परिचालन रोकना पड़ेगा।' बता दें कि भारत में इंडिगो, एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ए320 श्रेणी के विमानों का संचालन करती हैं। घरेलू एयरलाइन कंपनियां भारत में लगभग 560 विमानों का इस्तेमाल कर रही हैं। जिन विमानों में बदलाव किए जाने हैं, उनमें ए320 सीईओ और नियो के अलावा ए321 सीईओ और नियो शामिल हैं।

## समाधानः एयरबस विमान की खामी दूर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एयरबस विमानों में अनिवार्य तकनीकी संशोधन का काम पूरा हो चुका है। हालांकि, दूसरे दिन रविवार दोपहर तक देशभर में उड़ान सेवाएं प्रभावित रहीं। कई विमानों ने देरी से उड़ान भरी। शाम तक अधिकांश उड़ानें समय पर संचालित होने लगीं।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बताया कि अधिकतर विमानों में एलीवेटर-ऐलिरॉन कंप्यूटर (ईएलएसी) को बदलने, सॉफ्टवेयर अपग्रेड का काम पूरा कर लिया गया है। यूरोपियन यूनियन एविएशन सेफ्टी एजेंसी (ईएएसए) ने एयरबस विमानों में लगे ईएलएसी के संबंध में सुरक्षा निर्देश जारी किए थे। डीजीसीए ने शनिवार सुबह देश में संचालित एयरबस ए319 से लेकर ए321 श्रृंखला के विमानों में ईएलएसी को तत्काल बदलने और अपग्रेड करने का आदेश दिया था। निर्देश के बाद इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई में विमानों को रोककर अपग्रेड का काम शुरू किया था, जिसके चलते भारत के विभिन्न शहरों में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें काफी प्रभावित रहीं।

### विमान में तकनीकी खराबी के बाद लिया निर्णय

एक एयरबस ए320 विमान में अचानक हल्की पिच-डाउन (नाक नीचे की ओर झुकना) की स्थिति उत्पन्न हुई। घटना के दौरान ऑटो पायलट पूरी तरह सक्रिय था और विमान ने केवल थोड़ी ऊंचाई गंवाई, बाकी उड़ान सामान्य रही। जांच में ईएलएसी में आई खराबी को इस घटना का कारण माना गया।

## तीन राज्यों से तीन आतंकी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आईएसआई से जुड़े आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मॉड्यूल के तीन संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर शहजाद भट्टी के संपर्क में थे। शहजाद पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ मिलकर भारत के खिलाफ आतंकी-गैंगस्टर गठजोड़ चला रहा है। आरोपियों में पंजाब के फिरोजपुर निवासी हरगुनप्रीत सिंह उर्फ गुरकरणप्रीत सिंह, मध्य प्रदेश के दतिया निवासी विकास प्रजापति और यूपी के बिजनौर का निवासी आसिफ उर्फ आरिश शामिल हैं। इनके पास से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। इनके मोबाइल फोन में शहजाद भट्टी और विदेशी मॉड्यूल के साथ सोशल मीडिया पर चैट भी मिली हैं। भट्टी का नाम हाल में गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई द्वारा एनआईए कोर्ट में दाखिल अर्जी के बाद सामने आया था, जिसमें अनमोल ने जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा मांगी थी। इस मॉड्यूल के कुछ और लिंक सामने हैं, जिन्हें पंजाब पुलिस के साथ साझा कर जानकारी जुटाई जा रही है।

### आईएसआई के इशारे पर काम कर रहा था मॉड्यूल

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एडिशनल सीपी प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि उनकी टीम आतंकी गतिविधियों की योजना बनाने में शामिल पाकिस्तानी हैंडलर शहजाद भट्टी नेटवर्क पर काम कर रही थी। इसी दौरान पता चला कि हथियार तस्करी के मामले में वांछित विकास प्रजापति इस मॉड्यूल से जुड़ा है। वह उसे लगातार निर्देश दे रहा था। जांच के बाद विकास को मध्य प्रदेश के दतिया से गिरफ्तार किया। उसकी निशादेही पर हरगुनप्रीत को पंजाब और आसिफ को यूपी से दबोचा गया।

# दिल्ली 6 स्थानों पर हमले की साजिश बेनकाब

## पाकिस्तानी हैंडलर शहजाद के इशारे पर रेकी के बाद रूट मैप और तस्वीरें भेजी थीं

### खुलासे के बाद तीनों राज्यों में पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों ने छापेमारी शुरू कर दी है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने देशभर छह स्थानों पर ग्रेनेड हमले की साजिश का भंडाफोड़ किया है। पकड़े गए आरोपी आईएसआई समर्थित पाकिस्तानी हैंडलर शहजाद भट्टी के इशारे पर दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश में ग्रेनेड हमले की साजिश रच रहे थे।

तीन संदिग्धों ने पूछताछ में खुलासा किया है कि इनके निशाने पर तीन राज्यों के छह संवेदनशील स्थान थे। यह मॉड्यूल दिल्ली के अलावा पंजाब और यूपी के कई सार्वजनिक स्थानों पर ग्रेनेड से हमला कर बड़ी तबाही मचाने की फिराक में था।

स्पेशल सेल ने इन संदिग्धों से मिले मोबाइल, चैट और वीडियो क्लिपिंग की जांच में छह संभावित टारगेट की पहचान की है। इनमें तीन स्थान पंजाब से जुड़े बताए जा रहे हैं, जबकि दो यूपी और एक दिल्ली में है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक संदिग्धों ने इन स्थानों की रेकी कर रूट मैप, वीडियो और तस्वीरें भट्टी को भेजी थीं। इस खुलासे के बाद तीनों राज्यों में पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों ने संयुक्त रूप से ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी है।

सोशल मीडिया के जरिए भर्ती : जांच में पता चला है कि पाकिस्तान में बैठा शहजाद भट्टी सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल के जरिए भारतीय युवाओं को निशाने पर लेता था। उनकी आर्थिक जरूरतों और बेरोजगारी का फायदा उठाकर उन्हें गैंगस्टर से लेकर आतंकी गतिविधियों तक में झोंक दिया जाता था। भट्टी और उसके साथी पहले युवाओं को पैसे कमाने का झांसा देते, फिर छोटे-छोटे काम देकर उन्हें अपने नेटवर्क में शामिल करते थे। इसके बाद उन्हें टारगेट की रेकी, हथियारों की डिलीवरी, ठिकानों की तलाश और हमले की योजना का हिस्सा बनाया जाता था।

पकड़े गए युवकों ने स्वीकार किया कि भट्टी सोशल मीडिया ऐप्स, ऑडियो कॉल और एन्क्रिप्टेड चैट के जरिए लगातार संपर्क में रहता था।

## गुरदासपुर पुलिस स्टेशन पर हमले की तैयारी में था हरगुनप्रीत

फिरोजपुर के कोहाला गांव का रहने वाला हरगुनप्रीत सिंह उर्फ गुरकरणप्रीत 12वीं पास है। वह अपने एक दोस्त के जरिए भट्टी के संपर्क में आया। पैसों के लोभ में वह गुरदासपुर पुलिस स्टेशन पर हमले के लिए तैयार हो गया। वह साथी मोहन के साथ गुरदासपुर पहुंचा और विकास से ग्रेनेड व हथियार लेकर रेकी की। 25 नवंबर की शाम उसने सिटी पुलिस स्टेशन के बाहर ग्रेनेड फेंका, जबकि उसका साथी मोटरसाइकिल चलाता रहा। पुलिस का मानना है कि इस हमले के जरिए मॉड्यूल अपनी सक्रियता साबित करना चाहता था, ताकि भट्टी को पाकिस्तान से और फंडिंग मिल सके।

उत्तर प्रदेश के बिजनौर के मच्छमार गांव का रहने वाला 5वीं कक्षा पास आसिफ उर्फ आरिश करीब ढाई महीने पहले इंस्टाग्राम के जरिए भट्टी के संपर्क में आया। भट्टी ने पहले उसे ग्राउंड ऑपरेटर्स के वीडियो भेजे, फिर पंजाब में ग्रेनेड फेंकने का टास्क दिया। आसिफ को लोकेशन मैप, टारगेट की तस्वीरें और रूट प्लान भेजा गया। वह विकास से भी जोड़ा गया था।

# हवाओं के कारण प्रदूषण से हल्की राहत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



दिल्ली की हवा में बीते दो दिनों में तेज हवाओं के चलते हल्का सुधार देखने को मिला है। सीपीसीबी के मुताबिक, रविवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 279 अंक रहा।

इस स्तर की हवा को खराब श्रेणी में रखा जाता है। पांच नवंबर के बाद यह पहली बार है जब वायु गुणवत्ता का स्तर 300 से नीचे आया है। एक दिन पहले शनिवार को यह सूचकांक 305 अंक पर रहा था।

हवा में पीएम 10 का स्तर 223 : दिल्ली की हवा में अभी भी मानकों से दोगुना प्रदूषण मौजूद है। सीपीसीबी के मुताबिक शाम के तीन बजे दिल्ली-एनसीआर की हवा में पीएम 10 का स्तर 223 और पीएम 2.5 का स्तर 118 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर रहा। मानकों के मुताबिक हवा में पीएम 10 का स्तर 100 से और पीएम 2.5 का स्तर 60 से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है।

प्रदूषित रहा पूरा नवंबर : राजधानी दिल्ली के लोगों ने पूरे नवंबर महीने में प्रदूषित हवा में सांस ली। इस दौरान एक दिन भी ऐसा नहीं रहा जब वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 के नीचे आया हो। सीपीसीबी के आंकड़े बताते हैं कि इस बार नवंबर के तीस दिनों में से तीन दिन ऐसे रहे हैं जब वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में रही। इन तीन दिनों में सूचकांक 400 के पार यानी गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। वहीं, 24 दिन दिल्ली की हवा अति खराब श्रेणी में रही। खासतौर पर सुबह और रात के समय लोगों को ज्यादा प्रदूषण का सामना करना पड़ा। दिल्ली में नवंबर, दिसंबर और जनवरी का महीना सबसे ज्यादा प्रदूषित रहता है।

राजधानी दिल्ली के लोगों को अभी दमघोंटू हवा में ही सांस लेना होगा। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक अगले तीन-चार दिनों के अंदर दिल्ली में हवा की गति आमतौर पर दस किलोमीटर प्रति घंटे से कम रहेगी।

# सोनिया-राहुल पर नई एफआईआर को लेकर कांग्रेस और भाजपा भिड़ीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत छह लोगों पर ठगी, अमानत में ख्यानत एवं साजिश रचने की धारा में एफआईआर दर्ज की है। इसे लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई। कांग्रेस ने इसे राजनीति से प्रेरित करार दिया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि न्याय की जीत होगी। वहीं, भाजपा ने कांग्रेस के प्रतिशोध की राजनीति के आरोप को निराधार बताया। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा, यह स्पष्ट तौर पर लूट का मामला है। उनसे अनुरोध है कि वे भाषण देने के बजाय उस लूट का हिसाब दें। ईडी की शिकायत के आधार पर तीन अक्तूबर को एफआईआर दर्ज की गई। नेशनल हेराल्ड की मालिक कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड के अधिग्रहण में धनशोधन के आरोपों की ईडी जांच कर रही है। इसी दौरान ठगी के आरोप सामने आए, जिसके बाद शिकायत दी थी। शिकायत में राहुल गांधी, सोनिया गांधी, सैम पित्रोदा, सुमन दुबे और सुनील भंडारी को आरोपी बनाया गया है। एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड और यंग इंडियन सहित तीन कंपनियों को भी आरोपी बनाया गया। यंग इंडियन में 38-38 फीसदी हिस्सेदारी सोनिया और राहुल गांधी की है। आरोप है कि साजिश के तहत यंग इंडियन ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण कर दो हजार करोड़ रुपये की अचल संपत्ति को हड़प लिया।

## शीतकालीन सत्र आज से, सरकार को घेरेगा विपक्ष

# एसआईआर पर टकराव के आसार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र में पक्ष और विपक्ष में भिड़ंत के आसार हैं। सरकार की ओर से रविवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने एक सुर से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर दोनों सदनों में चर्चा की मांग की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सभी दलों से सत्र सुचारू रूप से चलाने की अपील की गई। एसआईआर के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों में कई नेता हैं जो संसद चलाना और मुद्दे उठाना चाहते हैं। इसलिए यह कहना उचित नहीं है कि सभी दल कार्यवाही बाधित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, विपक्ष ने कई मुद्दे रखे, उनमें से एसआईआर एक है। बैठक में 36 दलों के 50 नेता पहुंचे थे।

विपक्ष की बात सुननी होगीः सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने एसआईआर का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। सरकार की अपील के बावजूद विपक्ष के तेवर सख्त हैं। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि एसआईआर पर चर्चा नहीं होती है तो साफ है कि सरकार सदन नहीं चलाना चाहती। समाजवादी पार्टी ने कहा, एसआईआर पर चर्चा नहीं होती है तो वह संसद नहीं चलने देगी। तृणमूल नेता कल्याण बनर्जी ने कहा, हम संसद चलाना चाहते हैं, पर सरकार को भी विपक्ष की बात सुननी होगी।

### मानसून सत्र में लोकसभा में 29% ही काम हो सका

मानसून सत्र के दौरान भी बिहार में एसआईआर मुद्दे पर जबरदस्त हंगामा हुआ था। सदन की कार्यवाही लगातार कई दिनों तक बाधित रही। हालांकि, बाद में सरकार ने हंगामे की बीच कुछ अहम विधेयक पारित कराए। मानसून सत्र में लोकसभा 29 फीसदी और राज्यसभा 34 प्रतिशत काम कर पाई।

### हमले के बाद नोककुंडी स्थित फ्रंटियर कॉर्प्स के पास तैनाती बढ़ा दी गई है

# पाकिस्तान की फ्रंटियर कॉर्प्स हेडक्वार्टर पर आत्मघाती हमला: मेन गेट उड़ा 6 लड़ाके अंदर घुसे थे, तीन की मौत



ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार देर रात नोककुंडी स्थित फ्रंटियर कॉर्प्स के हेडक्वार्टर पर सुसाइड अटैक हुआ। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, मेन गेट के पास एक सुसाइड बॉम्बर ने खुद को उड़ा लिया।

धमाका इतना जोरदार था कि गेट टूट गया। इसके बाद 6 हथियारबंद लड़ाके अंदर घुस आए। सुरक्षा बलों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई शुरू की। भारी गोलीबारी के बाद 3 हमलावरों की मौत हो गई। वहीं, डॉन के ही कुछ सूत्रों ने 6 हमलावरों के मारे जाने का दावा किया है।

इस बीच, पंजगुर जिले के गुरमाकन इलाके में भी एक चेकपोस्ट पर हमला हुआ। प्रवक्ता ने दावा किया कि दोनों अटैक बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने किया है।

### उग्रवादियों ने क्वेटा और डेरा मुराद को निशाना बनाया था

कुछ घंटे पहले इसी इलाके में एक दिन में लगातार 7 धमाके हुए थे। संदिग्ध उग्रवादियों ने क्वेटा और डेरा मुराद जमाली में कई जगहों को निशाना बनाया। धमाकों में किसी की मौत नहीं हुई।

शनिवार को क्वेटा में पुलिस चेकपोस्ट पर हैंड ग्रेनेड से हमला किया गया। इसके बाद एंटी-टेररिज्म डिपार्टमेंट की गाड़ी के पास आईईडी ब्लास्ट हुआ। शाम तक तीन और धमाके हुए।

क्वेटा के SSP आसिफ खान के मुताबिक, सरियाब रोड पर निर्माण कंपनी के कैंप पर हथियारबंद लोगों ने ग्रेनेड फेंके, जिसमें दो गार्ड जख्मी हुए। मनजूर शहीद पुलिस स्टेशन पर भी मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने दो ग्रेनेड फेंके। इनमें से एक मौके पर फट गया, दूसरा बम स्क्वाड ने निष्क्रिय कर दिया। शहर के बाहरी हिस्से लोहर करेज के पास रेलवे ट्रैक को भी आईईडी ब्लास्ट कर उड़ा दिया।

डेरा मुराद जमाली में भी पुलिस की गश्ती गाड़ी पर ग्रेनेड हमला हुआ। क्वेटा के केच बेग इलाके में पुलिस पोस्ट के पास भी हथगोले फेंके गए। किसी भी संगठन ने इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है।

इससे पहले भी बलूचिस्तान में कई बड़े हमले हो चुके हैं। इस साल अब तक 782 लोग मारे जा चुके हैं। मार्च में बलूच लिबरेशन आर्मी ने एक ट्रेन हाइजैक कर-के कई सैनिकों की हत्या की थी। पाकिस्तान के डिप्टी पीएम इशाक डार ने शनिवार को दावा किया था कि बीते 4 साल में पाकिस्तान से 4 हजार सैनिक मारे गए हैं, जबकि 20 हजार से ज्यादा घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता संभालने के बाद पाकिस्तान को बर्दाश्त से ज्यादा नुकसान का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तानी डिप्टी पीएम ने तालिबान से उग्रवादियों पर सख्त कार्रवाई करने की अपील की। डार ने कहा कि पाकिस्तानी तालिबान के लड़ाकों को बॉर्डर इलाके में पनाह नहीं दी जानी चाहिए। ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2025 के मुताबिक, बुर्किना फासो के बाद पाकिस्तान दुनिया का दूसरा सबसे आतंक प्रभावित देश बन चुका है, जबकि 2024 में यह चौथे स्थान पर था। इस्लामिक स्टेट-खुरासान ने अब पाकिस्तानी शहरों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सबसे ज्यादा आतंक प्रभावित इलाके हैं। देश भर की कुल आतंकी घटनाओं में से 90% इसी इलाके में हुईं।

### भारत से पाकिस्तान पहुंची नीलगाय की हत्या

भारत से बॉर्डर पार कर पाकिस्तान पहुंची एक नीलगाय को वहां के कुछ लोगों ने मार डाला। पुलिस ने इस मामले में 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

घटना लाहौर से करीब 400 किलोमीटर दूर बहावलनगर की है। नीलगाय पिछले हफ्ते बॉर्डर पार कर पाकिस्तान के इस इलाके में पहुंची थी। आरोप है कि स्थानीय लोगों ने फसलें खराब करने के शक में नीलगाय का पीछा किया, उसे डंडों से पीटा और आखिरकार मार डाला।

वन विभाग की सीनियर वाइल्डलाइफ रेंजर सीमाब फातिमा की शिकायत पर ऋऋ दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक, वाइल्डलाइफ टीम ने करीब दर्जनभर लोगों को हथियारों और डंडों के साथ नीलगाय का पीछा करते देखा, लेकिन टीम को देखकर वे वहां से भाग गए। घायल नीलगाय बाद में दम तोड़ गई।

स्थानीय लोगों से सूचना मिलने के बावजूद वाइल्डलाइफ टीम समय पर नहीं पहुंची। पुलिस ने कहा कि भोजन की तलाश में नीलगाय अक्सर खेतों में घुस जाती हैं, जिससे किसान परेशान हो जाते हैं।

### इजराइली पीएम नेतन्याहू ने राष्ट्रपति से माफी की अपील की:भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों में राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से औपचारिक माफी मांगी है। राष्ट्रपति कार्यालय के मुताबिक नेतन्याहू के वकील अमित हादद ने 111 पन्नों का आवेदन जमा कराया।

इजराइल में राष्ट्रपति को अधिकार है कि वे अदालत से दोषी ठहराए गए लोगों को माफी दे सकते हैं। जनहित से जुड़े मामलों में कानूनी प्रक्रिया पूरी होने से पहले भी माफी दी जा सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी पिछले हफ्ते हर्जोग को पत्र लिखकर नेतन्याहू के पक्ष में माफी की अपील की है। इससे पहले ट्रम्प कह चुके हैं कि अगर नेतन्याहू को सजा हुई तो हम ये बर्दाश्त नहीं करेंगे। इजराइली कानून के मुताबिक, जब तक सुप्रीम कोर्ट नेतन्याहू को दोषी नहीं ठहराता, उन्हें प्रधानमंत्री पद छोड़ने की जरूरत नहीं है।

### नेतन्याहू खिलाफ तीन अलग-अलग मामले दर्ज

नेतन्याहू के खिलाफ यह मुकदमा मई 2020 में शुरू हुआ था। उन पर इजराइल में धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत लेने के तीन अलग-अलग मामलों में मुकदमा चल रहा है।

1. केस 1000 (गिफ्ट केस): नेतन्याहू पर हॉलीवुड प्रोड्यूसर अर्नोन मिलचन और ऑस्ट्रेलियाई अरबपति जेम्स पैकर से महंगे गिफ्ट लेने के आरोप हैं।

2. केस 2000 (मीडिया डील केस): नेतन्याहू पर आरोप है कि उन्होंने येडियोट अहरोनोत अखबार के पब्लिशर से अपने लिए पॉजिटिव कवरेज की डील की। इसके बदले उन्होंने प्रतिद्वंदी अखबार इजराइल हायोम को कमजोर करने वाला कानून पास करने की शर्त मंजूर की।

3. केस 4000 (बीजेक टेलिकॉम केस): इस केस में नेतन्याहू पर आरोप है कि उन्होंने बीजेक नाम की टेलिकॉम कंपनी को लाभ पहुंचाया और इसके बदले मालिक शाउल एलोविच के न्यूज पोर्टल वल्ला पर अपने पक्ष में खबरें छपवाईं।

## जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1-देवेन्द्रसिंह पिता श्री रतनसिंह जी 2- महेन्द्रसिंह पिता श्री हरिसिंह जी निवासीगण ग्राम पंथपिपलई तहसील व जिला उज्जैन से उनके शामलाती स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 246 रकबा 1-01 हेक्टर स्थित ग्राम खेत्याखेडी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है एवं नौशाद पटेल पिता हाजी गनी पटेल निवासी ग्राम खेत्याखेडी तहसील व जिला उज्जैन से उनके द्वारा मूल स्वामी से क्रय अनुबंधित कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 247/1 रकबा 1-10 हेक्टर में से 0-20 हेक्टर स्थित ग्राम खेत्याखेडी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है, को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर विधिवत टोकन बयाना राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा विधिवत बयाना राशि अदा कर अनुबंध-पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है, यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा 'सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक :- 30-11-2025 उज्जैन कार्यालयीन समय सुबह 11-00 से 6-00 बजे तक

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**बंसल टायपिंग सर्विस कंठाल चौराहा उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**

### कैलिफोर्निया में बच्चे की बर्थडे पार्टी में गोलीबारी:4 लोगों की मौत

**कैलिफोर्निया।** कैलिफोर्निया के स्टॉकटन शहर के ल्यूसिल एवेन्यू इलाके में शनिवार रात को एक बैंक्वेट हॉल में अचानक गोलीबारी हो गई। इस हॉल में बच्चे की बर्थडे पार्टी चल रही थी। घटना में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गोलीबारी की वजह और हमलावर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। अधिकारियों के अनुसार, कुल 14 लोगों को गोली लगी थी, जिनमें से 4 ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने कहा, 'पहले हमें लगा कि बर्थडे पार्टी में पटाखे फूट रहे हैं। फिर पता चला कि गोलियां चल रही थीं।' शहर के उप-मेयर जेसन ली ने फेसबुक पर लिखा, 'आज मेरा दिल बहुत भारी है। एक बच्चे के जन्मदिन की पार्टी में हुई इस सामूहिक गोलीबारी से मैं दुखी और गुस्से में हूं। हमारी कम्युनिटी को सच जानने का हक है और पीड़ित परिवारों को न्याय और हर संभव मदद मिलनी चाहिए।'

# जर्मनी में दक्षिणपंथी पार्टी के खिलाफ 25000 लोग सड़कों पर

### कहा- हिटलर की विचारधारा मजबूत नहीं होने देंगे; पत्थरबाजी में कई पुलिसकर्मी घायल

ब्रह्मास्त्र ›› जर्मनी



जर्मनी में शनिवार को धुर-दक्षिणपंथी पार्टी एएफडी नए यूथ विंग 'जेनरेशन जर्मनी' के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ। यह प्रदर्शन फ्रैंकफर्ट के पास गीसन शहर में हुआ। यहां करीब 25,000 लोग सड़कों पर उतर आए।

गीसन में एएफडी का यूथ विंग बनाने के लिए कार्यक्रम रखा गया था। प्रदर्शनकारियों ने एएफडी के कार्यक्रम स्थल के बाहर नारेबाजी की। साथ ही सीटियां और ड्रम बजाए। हालात संभालने के लिए पुलिस ने 5,000 जवान तैनात किए थे।

इस दौरान पत्थरबाजी भी हुई। इसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। भीड़ को हटाने के लिए पुलिस को वॉटर कैनन और पेपर स्प्रे तक इस्तेमाल करना पड़ा।

जर्मनी में एएफडी के नए युवा विंग के विरोध की सबसे बड़ी वजह नाजी दौर जैसी सोच का फिर से उभरने का डर है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे हिटलर जैसी विचारधारा को देश में किसी भी रूप में दोबारा मजबूत नहीं होने देंगे।

एएफडीने नया युवा विंग इसलिए बनाया है क्योंकि उसका पुराना युवा संगठन जुंगे अल्टरनेटिव जर्मन खुफिया एजेंसी ने चरमपंथी घोषित किया था।



## अंतर ढूंढो...








## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. नमाज से पहले पढ़ी जानेवाली आयत-3
3. तहजीब, शिष्टता-3
5. पिता के पिता-2
6. स्मृति-2
8. बारिश, बरखा-4
11. शांति, सन्नाटा-3
13. गिरवी रखी वस्तु-3
14. सूक्ष्म कण-2
15. बारबाला, मधुबाला-2
16. समझौता-3
18. बहने का भाव-3
20. बारिश का महीना-3
22. मां, मम्मी, मदर-2
24. श्रवणेंद्रिय-2
25. अंधकार, अंधेरा-3
26. अनुकृति-3

**ऊपर से नीचे**

1. नाज, नखरा, चोंचला-2
2. भाग्य, किस्मत-3
3. अचानक, अकस्मात-3
4. देह, बदन-2
5. बिजली, विद्युत रश्मि-3
7. दबाना, कुचलना-3
9. घोड़ागाड़ी-3
10. जुगत, युक्ति-4
12. कारण-3
16. कृष्ण का गरीब मित्र-3
17. पैंतरा, शर्त-2
19. भार-3
20. बहादुरी-3
21. नेत्र, आंख-3
23. पितामह-2
24. समयगति-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 95 | | 50 | | 75 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 38 | | 24 | | 71 | | 12 | = | 73 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 1 | | 15 | | 62 | | 5 | = | 72 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 15 | | 2 | | 6 | | 7 | = | 35 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 43 | | 13 | | 11 | | 20 | = | 18 / 39 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ | म | मा | अ | शो | क | म | न | ह | क | रा |
| हा | त | सू | ह | री | ल | जी | स | ल | क | ज |
| पु | वी | रा | द | अं | फु | ल | र | म | ल | टी. |
| प | र | दा | ज | ल | क | जी | ओ | मु | व | त |
| पु | अ | न | थ | ल | म | मी | छ | झे | सी | ला |
| प | मी | ज | स | जि | स्वा | क | प | कु | गु | श |
| के | ह | बु | न | री | म | मी | टे | छ | हा | ण |
| न | पू | सु | पा | वी | पं. | सौ | ल | क | ना | स |
| मों | रे | क | सू | ह | ज | ने | ने | हा | न | त |
| आ | प | वे | व | फ्र | दी | र | ह | ना | क | थ |
| टो | स्ती | न | प | ट | न | इ | ह | है | ह | पी |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 3 | 4 | | | 2 |
| | 38 | 6 | 34 | | 32 | 7 |
| | | 7 | | | | |
| 5 | 29 | 1 | 33 | 4 | 36 | 6 |
| | | 2 | | | 4 | 5 |
| 1 | 24 | | 35 | | 28 | |
| 2 | | 5 | | 1 | | 4 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ






# साइक्लोन दितवाह कमजोर होकर गहरे दबाव में बदला

## तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट, पुडुचेरी में स्कूल बंद; श्रीलंका में 334 लोगों की मौत

पुडुचेरी में दितवाह का असर खत्म हो गया है, लेकिन समुद्र में ऊंची लहरें अभी भी उठ रही हैं। सुबह हल्की बूंदाबांदी भी हुई। बंगाल की खाड़ी में चक्रवात दितवाह कमजोर होकर गहरे दबाव (डीप डिप्रेशन) में बदल गया है। भारतीय मौसम विभाग ने सोमवार को बताया कि समुद्र में दितवाह की लोकेशन चेन्नई से 140 किलोमीटर और पुडुचेरी से 90 किलोमीटर दूर स्थित है। तमिलनाडु में चक्रवात के कारण भारी बारिश-बाढ़ से अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। मौसम विभाग ने तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में आज भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। पुडुचेरी में भी एहतियात के तौर पर सभी स्कूलों को आज भर बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। भारत से पहले चक्रवात दितवाह ने श्रीलंका में जमकर तबाही मचाई। यहां अब तक 334 लोगों की मौत हो चुकी है। 370 लोग लापता हैं। देश में 11 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। लगभग 2 लाख लोग घर छोड़कर शेल्टर होम में रह रहे हैं। दितवाह के कारण श्रीलंका में रिकॉर्ड बारिश, बाढ़ और कई लैंडस्लाइड हुए।



तस्वीर पुडुचेरी की है। यहां पर तूफान दितवाह के असर के चलते समुद्र में ऊंची लहरें उठीं।



भारतीय मौसम विभाग के डायरेक्टर जनरल मृत्युंजय महापात्रा ने कहा, साइक्लोन दितवाह अभी तमिलनाडु और पुडुचेरी के तट के पास है। सुबह यह तट से लगभग 70 ' दूर था। धीरे-धीरे उत्तर की ओर बढ़ रहा है। इसकी हवा की स्पीड अभी 70-80 किमी/घं के बीच है, जो कुछ इलाकों में 90 किमी/घं तक पहुंच सकती है।



### तमिलनाडु के इन जिलों में अलर्ट

मौसम विभाग ने तूफान दितवाह के चलते तमिलनाडु के कुड्डालोर, नागपट्टिनम, मयिलादुथुराई, विल्लुपुरम, चेंगलपट्टू समेत कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां पर रविवार को दिनभर बारिश हुई।

28 से ज्यादा डिजास्टर रिस्पॉन्स टीमों को तैनात किया गया है। इनके अलावा महाराष्ट्र और गुजरात के ठअक्रबेस से 10 टीमें चेन्नई पहुंची हैं। तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण शनिवार को 54 उड़ानें रद्द कर दी गईं थीं। पुडुचेरी सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने साइक्लोन के कारण छुट्टी घोषित कर सभी परीक्षाएं स्थगित की हैं।

मछुआरों के लिए तमिलनाडु-पुडुचेरी तट, मन्नार की खाड़ी, कोमोरिन तट, दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और दक्षिण आंध्र प्रदेश तट के साथ और उसके आस-पास समुद्र में न जाने की चेतावनी जारी की है।

यहां 60-80 किमी की रफ्तार से चलने वाली हवा बढ़कर 90 'स्त्रँ तक पहुंच सकती हैं। 1 दिसंबर को हवा की रफ्तार थोड़ी कम होकर 45-55 किमी होने की उम्मीद है, जो बढ़कर 65 किमी तक पहुंच सकती है।

साइक्लोन दितवाह के चलते बारिश से जुड़ी घटनाओं में तमिलनाडु में 3 लोगों की मौत हुई है। तूतीकोरिन और तंजावुर में दीवार गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। मयिलादुथुराई में करंट लगने से 20 साल के युवक की जान गई।

राज्य सरकार में मंत्री के रामचंद्रन ने बताया- तटीय इलाकों में 234 झोपड़ियों/कच्चे घरों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा 149 जानवरों की मौत हो गई है। खेती के काम वाली करीब 57,000 हेक्टेयर जमीन पानी में डूब चुकी है। वहीं, पुडुचेरी में तूफान के असर के चलते तेज बारिश जारी है। पुडुचेरी के गृह मंत्री ए. नमस्सिवायम कहा कि सोमवार (1 दिसंबर) को राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल बंद रहेंगे। इधर आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम साइक्लोन वार्निंग सेंटर के जगन्नाथ कुमार ने बताया- तूफान दितवाह दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उत्तर श्रीलंका के पास से आगे बढ़कर अब दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उत्तरी तमिलनाडु-पुडुचेरी तट के पास स्थित है। कुमार ने बताया तूफान धीरे-धीरे उत्तर दिशा में कुड्डालोर से 100 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व में, कराईकल से 100 किमी पूर्व-उत्तरपूर्व में, पुडुचेरी से 110 किमी दक्षिण-पूर्व, वेदरन्यम से 140 किमी उत्तर-पूर्व और चेन्नई से 180 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व में आगे बढ़ रहा है।

# तूफान से श्रीलंका में तबाही, भारत का ऑपरेशन सागर बंधु



तस्वीर श्रीलंका के कोलंबो की है। यहां पर इंडियन एयरफोर्स ने वहां फंसे भारतीयों को रेस्क्यू किया।



भारत ने साइक्लोन दितवाह से तबाही के कारण श्रीलंका की मदद के लिए शनिवार को ऑपरेशन सागर बंधु लॉन्च किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पर बताया कि भारतीय वायुसेना का एयरक्राफ्ट कोलंबो पहुंचा है। 80 कर्मियों की टीमों के साथ हवाई और समुद्री मार्ग से अब लगभग 27 टन राहत सामग्री पहुंचाई गई है।

■ वर्ष-12 अंक-29 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 01 दिसम्बर, 2025

## सुभाषितानि

विद्याभ्यास स्तपो ज्ञानमिन्द्रियाणां च संयमः।
अहिंसा गुरुसेवा च निःश्रेयसकरं परम्॥

**भावार्थ** : विद्या, तप, ज्ञान, इन्द्रिय-संयम, अहिंसा और गुरुसेवा-ये परम कल्याण हैं।

अथार्तुराणां न सुखं न निद्रा कामातुराणां न भयं न लज्जा।
विद्यातुराणां न सुखं न निद्रा क्षुधातुराणां न रुचि न बेला॥

**भावार्थ** : यानानूर को सुख और नींद नहीं आती; कामतुर को कोई डर और शर्म नहीं है। विद्यातुर के पास रुचि और समय की कोई भावना नहीं है और भूख से पीड़ित व्यक्ति को रुचि या समय की कोई भावना नहीं है।

## सम्पादकीयम्

### पृष्ठद्वारस्य कूटनीतिः

इदं ट्रम्पस्य बृहत्तरस्य नीतेः भागः अस्ति यस्य अन्तर्गतं सः महत्त्वपूर्णखनिजार्थं चीनस्य उपरि स्वस्य निर्भरतां न्यूनीकर्तुं इच्छति। ट्रम्पः स्वस्य प्रथमपदे अपि एतादृशं प्रयत्नम् अपि कृतवान् आसीत्। दबावस्य प्रयास : अमेरिका-चीनयोः मध्ये अद्यापि कोऽपि दृढः व्यापार-सम्झौता न प्राप्ता अस्ति। एतादृशी स्थितिः ट्रम्प-एका-योः मध्ये समागमः द्वयोः देशयोः सम्बन्धेषु हिमस्य द्रवणं भविष्यति इति अपेक्षितम् आसीत्। परन्तु चीनदेशस्य द्विपक्षीयवातार्लापस्य तत्क्षणानन्तरं चीनस्य उल्लेखः चीनदेशे दबावं दातुं ट्रम्पस्य जानी-बुझकर रणनीतिः इति मन्यते। यदा चीनदेशः सप्ताहद्वयपूर्वं नूतनानि नियमानि निर्गतवान् तदा अद्यापि अमेरिकादेशे दबावं दातुं प्रयत्नरूपेण दृश्यते स्म। पृष्ठद्वारस्य कूटनीतिः : स्वस्य द्वितीयपदे चीनदेशेन सह ट्रम्पस्य सम्बन्धः बहुवारं महत्त्वपूर्णं बिन्दुं प्राप्तवान् अस्ति। अस्य एकं प्रमुखं कारणं द्वयोः देशयोः मध्ये 'पृष्ठद्वारस्य कूटनीतिः' अभावः इति मन्यते। ट्रम्पस्य प्रथमकार्यकालस्य कालखण्डे तस्य जामाता जरेड् कुशर्न इत्यनेन अनेकवारं बहुवारं वाशिङ्गटनं प्रति चीनराजदूतद्वारा द्वयोः देशयोः मध्ये संवादं स्थापयितुं साहाय्यं कृतम् आसीत्। अस्मिन् समये अमेरिकायाः वित्तमन्त्री स्कॉट् बेसन्ट् चीनेन सह वातार्लापं कुर्वन् अस्ति, परन्तु अन्यस्य संवादस्य कोऽपि मार्गः नास्ति इति कारणतः डेडलॉक पुनः पुनः उत्पद्यते। अयं विषयः केवलं अमेरिका-चीन-देशयोः कृते एव सीमितः नास्ति। एतेन समग्रं जगत् प्रभावितं कर्तुं शक्यते। अस्मिन् वर्षे अपि एप्रिलमासे शुल्कानां दुर्लभानां पृथिवीखनिजस्य च विषये द्वयोः देशयोः मध्ये प्रमुखः द्वन्द्वः।

सर्वोच्चन्यायालयः समयसूचने विरामं आरोपयिष्यति

# प्रथमदिनात् आरभ्य नूतनाः याचिकाः स्वयमेव सूचीबद्धाः



### प्रकरणसूचीकरणप्रक्रियायां च प्रमुखाः सुधाराः कार्यान्विताः भविष्यन्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

सर्वोच्चन्यायालयस्य कार्यं द्रुततरं, पारदर्शकं, अधिककुशलं च कर्तुं महत्त्वपूर्णपदे भारतस्य मुख्यन्यायाधीशः सर्वोच्चन्यायालये प्रकरणसूचीव्यवस्थायां व्यापकपरिवर्तनस्य घोषणां कृतवान्। एषा नूतना व्यवस्था डिसेम्बर्-मासस्य प्रथमदिनात् आरभ्य प्रवर्तते। नूतनव्यवस्थायाः अन्तर्गतं सर्वाणि नवीनयाचिकाः स्वयमेव सूचीकृताः भविष्यन्ति, येन वकिलानां पक्षानां च न्यायालये उल्लेखं दातुं आवश्यकता वस्तुतः नष्टा भविष्यति।

मुख्यपरिवर्तनानि ज्ञातव्यम्: १. व्यक्तिगतस्वतन्त्रतासम्बद्धाः प्रकरणाः प्राथमिकताम् प्राप्नुयुः - व्यक्तिगतस्वतन्त्रतासम्बद्धाः प्रकरणाः-यथा तत्कालं अन्तरिमराहतं याचनां याचिकाः-सर्वोच्चप्राथमिकता प्राप्नुयुः। एतादृशेषु सन्दर्भेषु दोषाणां सुधारणं कृत्वा सत्यापनम् सम्पन्नं कृत्वा कार्यदिनद्वये प्रकरणं सूचीकृतं भविष्यति। जमानत-याचिकानां शीघ्र-निस्तारणार्थं नवीन-व्यवस्था - जमानत-याचिकानां शीघ्र-निस्तारणार्थं, याचिकाकर्ता इदानीं सम्बन्धित-केन्द्रीय/राज्य/संघ-क्षेत्रस्य नोडल-अधिकारिणः अथवा स्थायी-वकीलस्य कृते अग्रिम-प्रतिलिपिं प्रदातव्या भविष्यति। एतेन श्रवणप्रक्रियायाः शीघ्रता भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति।

तात्कालिकविषयाणां कृते विशेषसमयविण्डो - ये विषयाः निर्धारिततिथिपर्यन्तं प्रतीक्षां कर्तुं न शक्नुवन्ति-यथा पूवार्नुमानेन जमानत, मृत्युदण्डः, हबियास् कॉर्पस्, निष्कासनं/निष्कासनं, अथवा ध्वंसनं वा सम्बद्धाः सन्ति-तेषां उल्लेखः प्रातः १०:०० वादनतः प्रातः १०:३० वादनपर्यन्तं भविष्यति। वरिष्ठवकीलस्य मौखिक उल्लेखस्य अनुमतिः न भविष्यति - वरिष्ठवकीलस्य मौखिक उल्लेखस्य अनुमतिः न भविष्यति। सर्वोच्चन्यायालयः कनिष्ठवकीलान् युवानां वकिलानां कृते अवसरान् प्रदातुं उल्लेखं कर्तुं प्रोत्साहयिष्यति। पुरातनप्रकरणानाम् कृते स्थगनं न स्वीकृतं भविष्यति - नियमितसुनवायानां कृते दीर्घकालं यावत् लम्बितप्रकरणानाम् निपटनं शीघ्रं कर्तुं सर्वोच्चन्यायालयेन स्पष्टीकृतं यत् एतादृशेषु प्रकरणेषु स्थगनं न स्वीक्रियते। विधिविशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् एषा नूतना व्यवस्था न्यायालये नित्यं जामः, उल्लेखानां परितः अनिश्चितता च न्यूनीकरिष्यति। एतेन सामान्यजनाः अपि राहतं प्राप्नुयुः ये स्वप्रकरणानाम् सूचीकरणं यावत् दीर्घकालं प्रतीक्षितुं बाध्यन्ते।

बद्रीनाथमन्दिरस्य

# द्वाराणि बन्दं कृत्वा शिशिरऋतुस्य कृते चर्धामयात्रायाः समाप्तिः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देहरादून

षड्मासदीर्घस्य चर्धामयात्रायाः अन्तिमपदं अद्य मंगलवासरे समाप्तम्। शिशिरस्य ऋतुस्य कृते बद्रीनाथधामस्य द्वाराणि पिहितानि आसन्। अस्य अवसरस्य कृते प्रायः १० क्विण्टलपुष्पैः मन्दिरं विपुलतया अलङ्कृतम् आसीत्। द्वाराणां बन्दीकरणेन २०२५ तमस्य वर्षस्य चर्धामयात्रायाः आधिकारिकरूपेण समाप्तिः अभवत्।

शिशिरवासार्थं लक्ष्मीदेव्याः विशेषं निमन्त्रणम् बद्रीनाथधामपरम्परानुसारं समापनसमारोहात् पूर्वं सोमवासरे मातालक्ष्मीमन्दिरे कढईभोगः (भोगः) आयोजितः। मुख्यपुरोहितः (रावाल) अमरनाथ नम्बूद्री पारम्परिकसंस्कारस्य उपयोगेन लक्ष्मीं देवीं शिशिरऋतौ गर्भगृहे निवासार्थं विशेषं निमन्त्रणं कृतवान्। बद्रीनाथनगरे विश्वासः अस्ति यत् द्वाराणि पिधाय देवी लक्ष्मीः सम्पूर्णं शिशिरऋतुम् अभयारण्ये निवसति, तस्याः सान्निध्ये पूजा च भवति आगामिनि ग्रीष्मकाले यदा द्वाराणि पुनः उद्घाट्यन्ते तदा एषा परम्परा पुनः आरभ्यते। पञ्च पूजा समापन एवं वेदपाठ स्थगित नवम्बर् २१ दिनाङ्के आरब्धाः पञ्चपूजनाः सोमवासरे औपचारिकरूपेण समाप्ताः। गणेशमन्दिरस्य, आदि केदारेश्वरस्य, आदिगुरुशंकराचार्यगड्डीस्थलस्य च द्वाराणि अपि बन्दाः आसन्। परम्परागतरूपेण मन्दिरसङ्कुलस्य वेदपाठः समापनसमये स्थगितः भवति। पुनः उद्घाटने पुनः आरभ्यते। भक्ताः समृद्धाः भवन्ति बद्रीनाथधामस्य द्वारनिरोधस्य पवित्रं अवसरं निमित्तं प्रातःकाले एव भक्ताः बहुसंख्येन आगन्तुं आरब्धवन्तः। मन्दिरप्रशासनस्य अनुसारम् अद्य ५००० तः अधिकाः भक्ताः आगताः। सम्पूर्णं मन्दिरसङ्कुलं पुष्पमालैः, पारम्परिकैः अलङ्कारैः च अलङ्कृतम् आसीत्, येन तीर्थस्य अन्तः उत्सवस्य वातावरणं।

# चलन्त्याः रेलयानात् पतितायाः नौसेना-अधिकारिणः पत्न्याः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इटावा

नौसेना-अधिकारिणः पत्न्याः मृत्योः प्रमुखं प्रकाशनम्: टीटीई-विरुद्धं हत्यायाः प्रकरणं दाखिलम् अस्ति। गृहीतस्य सज्जता प्रचलति। एतावः। उत्तरप्रदेशस्य इटावा-नगरे नौसेना-अधिकारिणः पत्न्याः संदिग्ध-मृत्युविषये जीआरपी-अनुसन्धानं गतिं प्राप्तवती अस्ति। परिवारस्य सनसनीभूतानाम् आरोपानाम् अनन्तरं टीटीई इत्यस्य गृहीतुं सज्जता आरब्धा अस्ति, यस्य नामकरणं प्रकरणस्य मुख्याभियुक्तः इति कृतम् अस्ति। यात्रिकाणां समर्थनस्य परिवारस्य आरोपानाञ्च मध्ये पुलिसस्य कृते प्रकरणं सर्वथा जटिलं जातम्, परन्तु हत्याप्रकरणेन दाखिलेन टीटीई-सङ्घस्य भूमिका अधुना शङ्कायां प्राप्ता अस्ति विश्वसनीयस्त्रोतानां अनुसारं यस्य टीटीई विरुद्धं हत्याप्रकरणं दाखिलम् अस्ति तस्य विनयकुमारः (नाम परिवर्तितम्) इति पहिचानं कृत्वा जीआरपीपुलिसस्थाने नियुक्तः।

## राशिफल

**मेष** : पार्टनर की बातों को आज ध्यान से सुनने की कोशिश करें। डेडलाइन पर काम खत्म नहीं होने से तनाव बढ़ेगा।

**वृषभ** : आज मन शांत रहेगा तो सही चीजों पर फोकस कर पाएंगे। किसी भी तरह की डील पर पूरी तरह से विश्वास ना करें।

**मिथुन** : ऑफिस में फालतू चीजों पर ध्यान ना देकर सिर्फ अपना काम करें। घरवालों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**कर्क** : ऑफिस में फोकस के साथ अपना काम करें। दिन को प्रोडक्टिव बनाएं। आज आपके काम की तारीफ होगी।

**सिंह** : ऑफिस में नया टास्क लेने से ना डरें। आपको अपनी क्षमता को दिखाने का मौका मिलेगा।

**कन्या** : ऑफिस में हर एक काम को फोकस के साथ पूरा करें। तयशुदा समय पर अपना काम खत्म करें।

**तुला** : आप सफल होंगे। आपका पॉजिटिव अप्रोच आज काम आने वाला है। पैसे के मामले में आज का दिन सही जाने वाला है।

**वृश्चिक** : ऑफिस में आज आपका दिन सही जाने वाला है। आर्थिक स्थिति आज थोड़ी गड़बड़ा सकती है।

**धनु** : ऑफिस में आज आई चुनौतियों से आप घबराने नहीं वाले हैं। पैसे के मामले में आज दिन सही जाएगा।

**मकर** : इसे खुशी-खुशी स्वीकार करें। आज इन्वेस्टमेंट के लिए अच्छा दिन है। अच्छी हेल्थ के लिए सही रूटीन फॉलो करें।

**कुंभ** : आज ऑफिस में नई चुनौतियों का सामना डटकर करें। आज आपकी आर्थिक स्थिति सही रहने वाली है।

**मीन** : आज रिश्ते में ईगो को साइड में ही रखें। आर्थिक स्थिति के साथ-साथ आज आपकी हेल्थ सही रहने वाली है।

## ज्योतिष/वास्तु

# नए साल में इन राशि वालों पर रहेगी शनि की नजर, करियर-कारोबार में बढ़ सकती हैं मुश्किलें

कुछ ही दिनों में साल 2026 का शुभारंभ होने वाला है। लेकिन उससे पहले न्याय के देवता शनि अपनी गति में परिवर्तन करने वाले हैं। 28 नवंबर 2025 को कर्मफलदाता शनि मीन राशि में रहते हुए मार्गी हो जाएंगे।

कुछ ही दिनों में साल 2026 का शुभारंभ होने वाला है। लेकिन उससे पहले न्याय के देवता शनि अपनी गति में परिवर्तन करने वाले हैं। 28 नवंबर 2025 को कर्मफलदाता शनि मीन राशि में रहते हुए मार्गी हो जाएंगे। वह साल 2026 में 26 जुलाई तक भी इसी अवस्था से चाल चलेंगे। ऐसे में नववर्ष 2026 में भी शनि मेष, सिंह और धनु राशि वालों के लिए लोहे के पाये पर रहेंगे। ज्योतिषियों के मुताबिक, जब शनि किसी राशि पर लोहे के पाए में होते हैं, तो उस राशि के जातकों को अपने कार्यों में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही



कार्यों में रुकावट, मानसिक तनाव, सेहत से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में आइए इन राशियों पर पड़ने वाले प्रभाव को जानते हैं।

**मेष राशि-** मेष राशि वालों के लिए समय चुनौतियों से भरा रहेगा। आपको आर्थिक मामले में अधिक समस्याएं झेलनी पड़ सकती है। आपके धन में तो वृद्धि होगी लेकिन खर्च भी बढ़ सकते हैं। इस समय आपको लेन-देन से बचना होगा। नए काम के प्रारंभ में दिक्कतें आएंगी। प्रेम और वैवाहिक जीवन में विवाद या झगड़े होने की संभावना बनी रहेगी। हालांकि, मेष राशि वालों को भूमि-भवन आदि के क्रय-विक्रय में खूब सावधानी रखनी होगी। आप कोई भी फैसला सोच-समझकर लें। इस समय शनिवार को शनि मंदिर में काली चीजों का दान व शनि महाराज की पूजा करना शुभ होगा। इससे शनिदेव प्रसन्न होते हैं।

**सिंह राशि-** सिंह राशि वालों को सभी कार्य सोच-समझ से करने होंगे। आपको अपने पद और प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए अधिक प्रयास और परिश्रम करना पड़ेगा। इस दौरान मानसिक तनाव अधिक रहेगा। स्वभाव में चिड़चिड़ापन होने पर लोगों से रिश्ता टूट सकता है। मौसमी बीमारी से प्रभावित हो सकते हैं। वित्तीय दृष्टि से खर्च अधिक हो सकते हैं। इस समय बचत की संभावना कम हो सकती है। व्यापार में नुकसान की संभावना है। विवाह के लिए भी रूकना बेहतर रहेगा। किसी भी तरह के विवाद में न उलझें। आप शनिदेव की पूजा करें और प्रत्येक शनिवार को मंदिर जाकर शनि चालीसा का पाठ करें।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों का मन परेशान हो सकता है। करियर-कारोबार में प्रयासों का अपेक्षित फल न मिलने से मन दुखी रहेगा। इस समय सफलता पाने के लिए कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है। निवेश के लिए धन निकालने में असफल होंगे। इस समय कार्यों को पूरा करने में सामान्य से अधिक मेहनत करनी होगी। आपकी आय और खर्च बराबर रहेगा। उच्च शिक्षा के लिए प्रयासरत लोगों को अभी शुभ समाचार के लिए इंतजार करना होगा। आप शनिवार को सरसों का तेल महाराज को चढ़ाएं। यह शुभ होता है।

## खबर एक नजर...

### तलवार-चाकू लेकर घूम रहे 2 बदमाशों को पकड़ा

**उज्जैन।** ग्राम उमरिया फंटा केसुररोड पर रविवार को तलवार लेकर घूम रहे बदमाश द्वारा लोगों को धमकाया जा रहा था। सूचना मिलने पर बड़नगर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बदमाश को पकड़ने के लिये टीम रवाना की। प्रधान आरक्षक रामनारायण चौहान ने टीम के साथ मौके पर पहुंच बदमाश की घेराबंदी की और हिरासत में लेकर तलवार जप्त की। पूछताछ में बदमाश का नाम बनेसिंह पिता रामचंद्र कीर 48 साल निवासी ग्राम सुकलाना सामने आया। उसके खिलाफ पूर्व में भी अपराधिक मामले दर्ज थे। तलवार के साथ पकड़ाने पर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। अवैध हथियार का एक मामला माधवनगर थाना क्षेत्र से सामने आया। प्रधान आरक्षक चेतन्य जौहरी ने बताया कि पीजीपीटी कॉलेज मार्ग पर घूम रहे बदमाश के पास धारदार चाकू होने की सूचना पर उसे पकड़ा गया। बदमाश नरेश उर्फ पिंटू पिता रामनारायण ललावत निवासी लक्ष्मीनगर का रहने वाला है। चाकू बरामद होने पर 25 आर्म्स एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रेनों में यात्रा कर रहे बदमाश, हर दिन हो रही वारदात

**उज्जैन।** रात के समय एक शहर से दूसरे शहर की ओर दौड़ने वाली ट्रेनों में लगातार बदमाश यात्रा कर रहे है और यात्रियों का सामान चोरी कर रहे है। हर दिन वारदात होना सामने आ रहा है। रविवार को इंदौर से उज्जैन जीआरपी के पास पीथमपुर के रहने वाले यात्रियों का बेग चोरी होने का मामला पहुंचा। बेग ब्रजबिहारी कुमार सिंह का था। जो क्षिप्रा एक्सप्रेस के कोच एस-5 में प्रयागराज से इंदौर की यात्रा कर रहे थे। नींद खुली तो बेग गायब था। जिसमें आभूषण के साथ नगदी रखे हुए थे। इंदौर पहुंचने पर मामले की शिकायत जीआरपी को दर्ज कराई थी, जहां से जांच के लिये मामला उज्जैन जीआरपी के पास पहुंचा है। चोरी की वारदात सुदामानगर में रहने वाले हरीश रामजीवन के साथ भी हुई। वह पत्नी प्रियंका के साथ ग्वालियर से उज्जैन लौट रहे थे। बदमाशों ने रास्ते में पत्नी का बेग चोरी कर लिया। जिसमें सोने के आभूषण और नगदी रखे थे। तीसरी वारदात बिलासपुर के रहने वाले मनोज कुमार पटेल के साथ हुई। बदमाशों ने नर्मदा एक्सप्रेस से उनकी पत्नी का पर्स चोरी कर लिया। जिसमें मोबाइल के साथ नगद राशि रखी हुई थी। वारदात करने वाले बदमाश एसी कोच तक पहुंच रहे है। लम्बी दूरी की ट्रेनों में अधिकांश यात्रियों का सामान एसपी कोच से होना सामने आ रहा है।

### जेल में आत्म परिष्कार शिविर के सप्तम चरण का समापन

**उज्जैन।** केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ में मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर बंदियों के लिये आध्यात्मिक प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जा रहा है। कार्यक्रम के सप्तम चरण का सामापन रविवार को किया गया। जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार शाखा उज्जैन द्वारा आत्म/व्यक्तित्व परिष्कार शिविर का नौ दिवसीय आयोजन किया। जिसमें 2 दिवसीय गीता पाठ और व्याख्यान किया गया। इस दौरान 55 पुरुष बंदियों को वेद, ज्ञान, यज्ञ, मंत्रोच्चारण, योग, ध्यान एवं कर्मकाण्ड का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में बंदियों के साथ जसमनसिंह डावर उप अधीक्षक (प्रशा.), सुरेश गोयल, प्रवीण कुमार मालवीय सहायक जेल अधीक्षक और जेल स्टॉफ उपस्थित रहा। आध्यात्मिक कार्यक्रम के साथ ही केन्द्रीय जेल के मुख्य प्रहरी रामप्रकाश यादव की सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह रखा गया। जिसमें सेवानिवृत्त प्रहरी को जेल स्टॉफ द्वारा शॉल, श्रीफल भेंट कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

2 3 7

# नदी में छलांग लगाने वाले युवक-युवती का मिला शव

## युवती झाबुआ की रहने वाली, युवक बिरगोदा नाथू का, प्रेम प्रसंग से जुड़ा है मामला

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



रविवार शाम 7.30 बजे के लगभग बड़नगर थाना क्षेत्र की चामला नदी के ब्रिज से बाइक खड़ी करने के बाद युवक-युवती ने छलांग लगा दी। लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और स्थानीय टीम के साथ गोताखारों की मदद से तलाश शुरू की गई। रात 2 बजे के लगभग दोनों के शव बाहर निकाल लिए गए।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि शाम को कुछ लोगों ने खबर देकर बताया कि चामला नदी ब्रिज से एक युवक और युवती ने नदी में छलांग लगाई है। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू की, ब्रिज पर बाइक खड़ी मिली, जिस पर मोबाइल रखा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियो ने बताया कि दोनों बाइक से आये थे, कुछ देर इधर-उधर टहलने के बाद दोनों एक साथ कूदे है। दोनों की तलाश में स्थानीय टीम और गोताखारों को बुलाया गया, तलाश शुरू की गई। अंधेरा होने पर तलाशी अभियान में परेशानी आ रही थी बावजूद इसके टीम दोनों की तलाश में लगी रही। इस दौरान युवक के परिजन चामला नदी के ब्रिज पर पहुंच गये थे, उन्होने बताया कि बाइक वारिस उर्फ फरदीन पिता इस्लामउद्दीन निवासी बिरगोदा नाथु की है। युवती के संबंध में परिजन कुछ स्पष्ट नहीं कर पा रहे थे लेकिन आशंका जताई जा रही थी कि आदिवासी समाज की हो सकती है। थाना प्रभारी के अनुसार लगातार जारी तलाशी अभियान के बीच रात 2 बजे के लगभग दोनों युवक युवती के शव को बाहर निकाल दिया गया। युवती झाबुआ की रहने वाली आदिवासी होना सामने आई है। जिसके माता-पिता नहीं है। मामा और रिश्तेदार झाबुआ से दोपहर तक बड़नगर पहुंचेंगे।

### पूर्व में बड़नगर आ चुकी थी युवती

थाना प्रभारी के अनुसार युवती आदिवासी होना सामने आई थी, लेकिन इस बात की पुष्टि नहीं हुई है। युवक के परिजनों से जानकारी लेने पर पता चला कि कुछ समय पहले आदिवासी युवती उनके यहां आ गई थी। जो वारिस उर्फ फरदीन के साथ रहने लगी थी, लेकिन आदिवासी समाज के लोगों के आने पर मामला निपटा लिया गया था, युवती वापस चली गई थी। परिजन यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे थे कि वारिस के साथ नदी में कूदी युवती आदिवासी ही है। लेकिन शव मिलने के बाद मामला स्पष्ट हो गया जो प्रेम प्रसंग का होना सामने आया है। युवती भी बालिग है।

### यातायात हुआ बाधित

युवक-युवती के नदी में छलांग लगाने और बाइक ब्रिज पर मिलने की खबर फैलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। आने-जाने वालों ने भी अपने वाहन रोक लिये थे। जिसके चलते ब्रिज पर आवागमन बाधित हो गया था। मौके पर मौजूद पुलिस बल द्वारा तलाशी अभियान के साथ यातायात को सुचारू करने के प्रयास भी किये जा रहे थे।

# खेत पर बने कमरे में फंदे पर लटका मिला मजदूर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

खेत पर काम करने वाले मजदूर का शव रविवार को कमरे में फंदे पर लटका मिला। खबर मिलने पर पुलिस पहुंची और मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल लाया गया।

देवासरोड स्थित ग्राम नरवर में सत्यनारायण यादव निवासी सखीपुरा का खेत है। जहां विगत डेढ़ साल से रतलाम का रहने वाला दौलत पिता गेंदालाल भील 23 वर्ष निवासी रतलाम मजदूरी का काम कर रहा था। खेत मालिक ने उसे रहने के लिये टीन शेड से बना कमरा दे रखा था। रविवार सुबह सत्यनारायण खेत पर पहुंचे तो मजदूर दौलत दिखाई नहीं दिया। कमरे पर जाने के बाद दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने पर दौलत बाहर नहीं आया। उन्होने साइड से टीनशेड का चद्दर हटाकर देखा तो दौलत गमचे के फंदे से छत की बल्ली से लटका हुआ था। मामले की सूचना नरवर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा खोलकर शव फंदे से उतारा गया। मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया। प्रधान आरक्षक गजेन्द्रसिंह ने बताया कि परिवार से संपर्क करने पर पता चला कि दौलत अपने बड़े भाई के साले के साथ नरवर स्थित खेत पर रहा था। भाई का साला परिवार के गमी होने पर शनिवार को रतलाम गया था। दौलत के फांसी लगाने पर उसकी 2 बहने, भाई और कुछ रिश्तेदार उज्जैन पहुंचे थे।

**पिकअप में भरे थे मवेशी, पायलेटिंग कर रही थी कार**

# पुलिस के पीछा करने पर वाहन छोड़ भागे चालक

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मवेशियों से भरी पिकअप और उसके आगे सफेद रंग की कार द्वारा पायलेटिंग किये जाने की खबर मिलने पर रविवार को पुलिस ने घेराबंदी की। पुलिस को देख दोनों वाहनों के चालकों ने रफ्तार तेज की, पुलिस ने पीछा किया दोनों चालक वाहन छोड़कर भाग निकले। वाहनों से मवेशियों के साथ कच्ची शराब बरामद हुई है।

इंगोरिया थाना पुलिस रविवार सुबह भ्रमण पर निकली थी और सरसाना बायपास पहुंची थी तभी सूचना मिली थी कि उज्जैन की ओर से बोलेरो पिकअप आ रही है, जिसके ऊपर तिरपाल लगी है। पिकअप में गोवंश भरा है। पिकअप के आगे पायलेटिंग करते हुए सफेद रंग की स्वीफ्ट कार भी चल रही है, जो बड़नगर की ओर जा रही है। सूचना पर तत्काल प्रधान आरक्षक, अशोक कटारा, मनीष शाक्य, मुकेश मीणा, आरक्षक सावन भिंडे ने टीम के साथ शासकीय वाहन से उज्जैन-बड़नगर मार्ग कृष्णा ढाबे के सामने पहुंचे और घेराबंदी शुरू की। कुछ देर में स्वीफ्ट कार और उसके पीछे पिकअप आती दिखाई दी। पुलिस टीम ने दोनों वाहनों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन पायलेटिंग कर रही कार के चालक ने रफ्तार तेज कर दी, पीछे पिकअप चालक भी रफ्तार तेज कर आगे बढ़ गया। दोनों वाहनों को भागता देख पुलिस टीम ने शासकीय वाहन से पीछा शुरू किया। पुलिस को पीछे आता देख दोनों वाहनों के चालको ने खरसौद खुर्द टोल टैक्स से वाहनों को ग्राम उंटवास की ओर मोड़ लिया। लेकिन आगे जाकर उज्जैन-बड़नगर हाइवे पर दोनों चालक पिकअप और कार को छोड़ भाग निकले। पुलिस ने दोनों वाहनों को जप्त किया तो पिकअप क्रमांक एमपी 04 जीबी 5861 में 5 मवेशी क्रूरतापूर्वक भरे होना सामने आये। जिन्हे मुक्त कराया गया। वहीं पिकअप के केबिन में दो प्लास्टिक की केन मिली, जिसमें 30-30 लीटर कच्ची शराब भरी होना पाई गई। स्वीफ्ट कार क्रमांक एमपी 09 झेड झेड 2566 की तलाशी लेने पर डिक्की से 30 लीटर की केन मिली, उसमें भी कच्ची शराब भरी थी। पुलिस ने दोनों वाहनों को जप्त कर मामले में अज्ञात चालको के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के साथ अवैध शराब परिवहन का मामला आबकारी अधिनियम में दर्ज किया है। दोनों वाहन नम्बर के अधार पर चालक और मालिको का पता लगाया जा रहा है।


**सांवराखेड़ी सामूहिक विवाह सम्मेलन में आई नाबालिगों की गैंग**

# मोबाइल-पर्स चोरी करने वाले पकड़ाए

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सांवराखेड़ी में रविवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री के पुत्र का विवाह भी था। हजारों की भीड़ के बीच नाबालिगों की गैंग भी पहुंच गई। जिन्होने पर्स-मोबाइल चोरी करना शुरू कर दिये। वारदात सामने आते ही पुलिस और क्राइम टीम ने कुछ नाबालिगों के साथ संदिग्धों को पकड़ लिया।

सामूहिक विवाह समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पुत्र अभिमन्यू यादव के साथ 21 जोड़ो का विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। विवाह सम्मेलन में कई वीआईपी, नेता, शहरवासी और परिणय सूत्र में बंधने वाले जोड़ो के परिजन-रिश्तेदार पहुंचे थे। हजारों की भीड़ में नाबालिगों की गैंग भी पहुंच गई। कार्यक्रम स्थल पर कुछ नेता के साथ लोगों के मोबाइल-पर्स चोरी होने की खबरे सामने आई। कार्यक्रम स्थल पर



पुलिस बल तैनात था और सुरक्षा के इंतजाम में पुलिस अधिकारियों के साथ क्राइम, सायबर टीम भी लगी थी। तत्काल ही पर्स-मोबाइल चोरी करने वालों की तलाश शुरू की गई। एक नाबालिग को मोबाइल और नगदी चुराकर भागते हुए पकड़ लिया गया, मोबाइल नगदी मिलने पर उसे नीलगंगा थाने भेजा गया, वहीं 4-5 अन्य नाबालिगों कार्यक्रम स्थल के आसपास से पकड़ा गया। नाबालिग धूलिया महाराष्ट्र के होने बताये जा रहे थे, जिनसे नीलगंगा थाना पुलिस पूछताछ कर रही है। क्राइम टीम ने जयसिंहपुरा के 2 युवको को भी संदेह के आधार पर हिरासत में लिया और नीलगंगा थाना पुलिस के सुपुर्द किया। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि पर्स-मोबाइल चोरी करने वाले नाबालिगों से पूछताछ की जा रही है। कुछ लोगों ने शिकायती आवेदन देकर पर्स मोबाइल चोरी की शिकायत की है। कुछ के मोबाइल लौटाये भी गये है।

### बडे आयोजनों में आती है बाहर से गैंग

धार्मिक नगरी में बड़े आयोजनों के दौरान हमेशा सामने आता है कि बाहर से गैंग आती है वारदाते करती है। संभवतः रविवार को सामूहिक सम्मेलन में मुख्यमंत्री के पुत्र का विवाह होने पर गैंग को पता चल चुका था, उन्हे काफी संख्या में लोगों के आने की जानकारी लग चुकी थी, जिसके चलते गैंग ने नाबालिगों को वारदात के लिये भेजा। पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि नागालिगों के पीछे कौन लोग शामिल है।

# किराये पर लेकर जेसीबी बेचने वाला सरगना रिमांड पर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

किराये पर जेसीबी लेकर महाराष्ट्र के धूलिया में ठिकाने लगाने वाले गिरोह के सरगना नईम पिता खवाजू निवासी आजाद नगर इंदौर को पानबिहार चौकी पुलिस ने फिर एक दिन की रिमांड पर लिया है। उसके गिरोह में शामिल इब्राहिम पिता समद निवासी धूलिया महाराष्ट्र और रईस पिता वाहिद निवासी नईदिल्ली मोहल्ला उन्हेल को जेल भेज दिया गया। पानबिहार चौकी प्रभारी जयंत डामोर ने बताया कि गिरोह का एक सदस्य शाहरूख फरार है, जिसकी तलाश में टीम इंदौर रवाना की गई है। चारों ने मिलकर रतलाम में भी डंपर किराये पर लेकर ठिकाने लगा था। रतलाम पुलिस की हिरासत में आने पर तीन आरोपियों को किराये पर ली गई जेसीबी 8 लाख में बेचने के आरोप में प्रोटेक्शन रिमांड पर लिया गया था। जून माह में गिरोह ने भीलखेड़ा के रहने वाले रवि मालावत की जेसीबी किराये पर ली थी और किराया नहीं देकर महाराष्ट्र में बेच दी थी। गिरोह ने धूलिया महाराष्ट्र के दिनेश पाटिल से जेसीबी का सौदा किया था, उस दौरान जेसीबी का फर्जी मालिक मजदूर को बनाया गया था। जिसे पांच हजार रुपए दिये गये थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com